हिन्दी दैनिक

# तीसरा विकल्प न्यूज़

UPHIN50812

(लखनऊ से प्रकाशित)

वर्षः- 01, अंकः-320, पृष्ठः-08, मूल्यः- 2 रु.

लखनऊ, बुधवार 08 मई 2024



प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर राम मय हुआ अयोध्या...02

रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा मे डूबा रहा जनपद रायबरेली...06

## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव आयोग की विश्वसनीयता अब तक के सबसे निचले स्तर पर

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को कहा कि भारत चुनाव आयोग (ईसीआई) जैसी संवैधानिक संस्था की विश्वसनीयता अब तक के सबसे निचले स्तर पर है। श्री खड़गे ने इंडिया समूह के घटक दलों के नेताओं को लिखे पत्र में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी मतदान आंकड़ों में विसंगतियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि संवैधानिक संस्था की विश्वसनीयता अब तक के सबसे निचले स्तर पर है। उन्होंने कहा यह पब्लिक डोमेन में है कि कैसे ईसीआई ने शायद इतिहास में पहली बार लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण के अंतिम मतदान प्रतिशत जारी करने में विलंब किया। उन्होंने नेताओं से आग्रह किया कि राष्ट्रीय हित में सभी को लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण के मतदान प्रतिशत डेटा जारी करने में विलंब पर ईसीआई से सामूहिक रूप से सवाल पूछना चाहिए।

### चुनाव आयोग न्याय करें : दिग्विजय

**राजगढ़/भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के राजगढ़ संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि यह उनका आखरी चुनाव है और हम अब युवाओं को मौका देंगे। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण को लेकर जारी मतदान के बीच मीडिया से चर्चा के दौरान श्री सिंह ने ईवीएम पर सवाल उठाए हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ता चुनाव को प्रभावित कर रहे है। उन्होंने कहा कि 'ये मेरा आखिरी चुनाव इसलिए है और मैं 77 साल का हो गया हूं और हम नए युवा को मौका देंगे। हमें जीतने की उम्मीद 100 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग और राजगढ़ के रिटरिंग आफिसर आर्वजबर आये व न्याय करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पंकज यादव को थाना में बैठा लिया गया, जबकि इससे ज्यादा संगीन अपराध में लिप्त भाजपा लोग घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि चाचोड़ा में एक स्थान पर 11 वोट पड़े और मशीन 50 वोट बता रहीं है।

### दिल्ली सरकार के कामों पर उपदेश देने वाले उपराज्यपाल अपने कामों में विफल

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में विफल करार देते हुए कहा कि दिल्ली में खतरनाक किस्म की वारदातें हो रही हैं और यहाँ की क़ानून व्यवस्था की हालात बद से बदतर होती जा रही हैं आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने आज कहा कि बीते कुछ दिनों से यह देखा जा रहा है, कि दिल्ली में बड़ी ही खतरनाक किस्म की वारदातें हो रही हैं और दिल्ली की क़ानून व्यवस्था बद से बदतर होती जा रही हैं ढ्ढ उन्होंने कहा कि दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था पिछले कुछ महीनो से लगभग चौपट सी हो गई है।

### सरकार बनते ही पूरे देश के किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा

**रांची, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज झारखंड में दो चुनावी रैलियां को संबोधित करते हुए लोगों से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को जीत दिलाने का आह्वान किया। श्री गांधी ने गुमला के बसिया में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर निशाना साधते हुए आदिवासी, बेरोजगारी, अग्निवीर समेत कई मुद्दों पर उसे घेरा? । उन्होंने देश में नईस रकार बनते ही सरना धर्म कोड लागू करने, गरीब किसानों का कर्ज माफ करने और गरीब परिवार की महिला के खाते में सालाना एक लाख रुपए यानी साढ़े आठ हजार रुपए महीने देने का वादा किया। उन्होंने कहा कि सरकार बनते ही पूरे देश के किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार बनते ही गरीब परिवारों की लिस्ट बनेगी।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बोले,

# राम पर आस्था रखने वाले विकास कर सकते हैं, आतंकियों के मुकदमे वापस लेने वाले नहीं





**सीतापुर, संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीतापुर के नैमिषराण्य में अपने भाषण की शुरुआत रामचरितमानस की पंक्तियों के साथ की है। उन्होंने कहा कि तीर्थवर नैमिष विख्याता.... मैं नैमिष की इस पवित्र धरा को प्रणाम करता हूं। वह मंगलवार को चुनाव प्रचार के सिलसिले में एक जनसभा को संबोधित करने पहुंचे थे। जहां उन्होंने कांग्रेस और सपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज मुझे एक बार फिर भारत के वैदिक ज्ञान की परंपरा को प्रदान करने वाली पावन धरा... मां ललिता की इस दैवीय शक्ति वाली धरा में आने का सौभाग्य मिला। यह नैमिष का ही महत्व है कि आज दुनिया जनपद सीतापुर और उत्तर प्रदेश की ओर देख रही है। जब भी कोई राम के अस्तित्व को नकारने का काम करता है तो नैमिषारण्य की धरती प्रमाण के साथ खड़ी होती है। भगवान राम के अस्तित्व, कृष्ण के अस्तित्व को चुनौती देना एक फैशन सा बन गया है। इसके बारे में यही कहूंगा विनाशकाले विपरीत बुद्धि। जब किसी की बुद्धि भ्रष्ट होती है तो वह आपके सनातन धर्म को अपशब्द कहता है। यहां प्रभु श्रीराम की सत्ता को चुनौती देने वाले कहां ठहर पाएंगे। बीते 10 साल में भाजपा की डबल इंजन सरकार ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। जैसे एक नई अयोध्या तैयार हो गई है, ऐसे ही एक नया नैमिषारण्य बनकर तैयार हो रहा है।

### कांग्रेस और सपा की सरकारों में अयोध्या-काशी में हमला होता था

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जब आपका वोट कांग्रेस या सपा को जाता था तो अयोध्या में और काशी में हमला होता था। आज मंगलवार का दिन है सपा ने संकटमोचक मंदिर में हमला करवाया था। जब अखिलेश यादव आए तो उन्होंने आतंकवादियों के मुकदमो को वापस लेने का कुत्सित प्रयास किया था। अभी एक माफिया की मौत हुई तो फातिहा पढ़ने के लिए सपा के लोग उसके घर गए थे। कल्याण सिंह की मौत पर एक भी संवेदना का शब्द नहीं बोला था। चुनाव के महापर्व में ऐसे वोट करिए कि ये सब गायब हो जाएं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इन सभी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना होगा। कांग्रेस-सपा के गठबंधन प्रत्याशियों की जमानत जब्त कर दीजिए। घर-घर में मोदी जी का संदेश पहुंचाना होगा।

### एससी-एसटी और ओबीसी आरक्षण में सेंध लगाना चाहता है इंडी गठबंधन, जनता वोट से जवाब दे

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इंडी गठबंधन के दल, एस-एससी व ओबीसी को मिलने वाले आरक्षण पर सेंध लगाकर उसे मुसलमानों को देना चाहते है। जनता को अपने वोट से इनका जवाब देना चाहिए। राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के मुस्लिमों को आरक्षण मिलना चाहिए वाले बयान पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कह रहे हैं कि इंडी गठबंधन से जुड़े हुए दल ओबीसी, अनुसूचित जाति और जनजाति के आरक्षण पर सेंध लगाने का काम कर रहे हैं। इनका घोषणापत्र इस बात का प्रमाण है...कांग्रेस, सपा, राजद को जब भी मौका मिलेगा ये अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ी जाति के आरक्षण में सेंध लगाकर इन्हें जबरन अल्पसंख्यकों को देने का प्रयास करेंगे। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई बार ऐसा दावा किया है कि इंडी गठबंधन के लोग अगर सत्ता में आए तो आरक्षण कें सेंध लगाकर मुसलमानों को दे देंगे।

### मां ललिता के धाम के पुनरुद्धार के लिए सरकार कार्य कर रही है

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जिस दिन नया नैमिषारण्य पूरी तरह उभर कर आएगा, रोजगार भी सृजित होगा। यह काम वही कर सकता है जो राम पर आस्था रखता हो। जो राम भक्त है। यह काम भाजपा ही कर सकती है। यह वो नहीं कर सकते जो आतंकवादियों के मुकदमे वापस लेते हैं। आज तीसरे चरण में फिर से मतदान हो रहा है। यह 400 पार करने का लक्ष्य नजदीक आ गया है। अबकी बार मोदी सरकार फिर आएगी। 400 का लक्ष्य भी पूरा होगा। आज की पीढ़ी सौभाग्यशाली है, जिसने बदलते भारत को देखा है। आज की पीढ़ी कह सकती है कि हमने वो काल देखा है जब प्रभु श्रीराम अयोध्या में विराजमान हुए। आतंकवाद को नेस्तनाबूत करके हमेशा के लिए राम नाम सत्य कर दिया। हमने वो भारत देखा है जब हाईवे, एक्सप्रेस वे, ट्रिपल आईटी से लेकर हर घर जल की योजना लागू हो रही है। 80 करोड़ लोग राशन की सुविधा का फ्री में लाभ प्राप्त कर रहे हैं। अब तक 12 करोड़ लोगों को शौचालय दिए जा चुके हैं। 12 करोड़ लोगों को किसान सम्मान निधि प्राप्त हो रही है। सीतापुर जिले को सर्वाधिक गैस सिलेंडर व शौचालय दिए गए। जिनके घर मे सिलेंडर नहीं हैं। चुनाव के बाद उन्हें मिलेगा। जिसको घर नहीं मिल पाया है चुनाव बाद घर मिलेगा।

### विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करने के लिए मतदान करें

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण का मतदान जारी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मतदाताओं से विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करने के लिए मतदान करने की अपील की है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा कि लोकतंत्र के महापर्व का आज तीसरा चरण है। सम्मानित मतदाताओं से अपील है कि विरासत एवं विकास की अवधारणा को निरंतरता देने एवं विकसित भारत की संकल्पना को पूरा किए जाने हेतु मतदान अवश्य करें। आपका एक वोट भारत को दुनिया की महाशक्ति के रूप में स्थापित करने में योगदान दे सकता है।

## सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की जमानत पर फैसला नहीं दिया

**शर्त रखी- सरकारी काम में दखल नहीं देंगे, ईडी से कहा- चुनाव हैं, ये असाधारण हालात**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली शराब नीति मामले में मंगलवार को अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर फैसला सुनाए बिना सुप्रीम कोर्ट की बेंच उठ गई। सुबह साढ़े 10 बजे सुनवाई शुरू होने के बाद लंच से पहले तक कोर्ट ने जमानत की शर्तें तय कर ली थीं। हालांकि तब ईडी ने कहा कि केजरीवाल के वकील को 3 दिन सुना गया। हमें भी पर्याप्त समय दिया जाए। अदालत ने जमानत का विरोध कर रही ईडी से कहा कि चुनाव चल रहे हैं और केजरीवाल मौजूदा मुख्यमंत्री हैं। चुनाव 5 साल में सिर्फ एक बार आते हैं। अदालत ने केजरीवाल से कहा कि हम आपको जमानत दे देते हैं तो आप ऑफिशियल ड्यूटी नहीं करेंगे। हम नहीं चाहते कि आप सरकार में दखलअंदाजी करें। अगर चुनाव नहीं होते तो अंतरिम जमानत का सवाल ही नहीं उठता था। केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा- हम किसी फाइल पर साइन नहीं करेंगे। शर्त है कि एलजी किसी भी काम को इस आधार पर ना रोकें कि फाइल पर साइन नहीं है। ऐसा कुछ नहीं बोलूंगा, जो नुकसान पहुंचाने वाला हो। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इसका विरोध करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री और आम आदमी में फर्क किया जाना सही नहीं है। राजनेताओं के लिए अलग कैटेगरी ना बनाएं। जनता के बीच गलत संदेश जाएगा। लंच के बाद जस्टिस खन्ना ने कहा- फिलहाल हम देखते हैं कि दलीलें खत्म होती हैं या नहीं। अगर नहीं तो परसों (9 मई) की डेट देंगे। अगर संभव नहीं हुआ तो अगले हफ्ते की तारीख देंगे। उधर, दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने भी केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 20 मई तक बढ़ा दी है। कोर्ट ने 23 अप्रैल को अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ाई थी। 21 मार्च को केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद 22 मार्च को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेशी हुई, जहां से उन्हें 28 मार्च तक ईडी की रिमांड पर भेजा गया। 1 अप्रैल से वे तिहाड़ जेल में हैं।

## इतना तुष्टिकरण करना था तो भारत को मिटा कर 1947 में ही पूरा देश पाकिस्तान बना देती कांग्रेस: प्रधानमंत्री मोदी

**धार, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और उसके गठबंधन साथियों के बयानों को लेकर समूचे विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए आज कहा कि तुष्टिकरण के दलदल में पूरी तरह धंस चुकी कांग्रेस को अगर ऐसा ही करना था तो उसने 1947 में भारत के तीन टुकड़े क्यों किए, पार्टी को उसी समय भारत का नामो-निशान मिटा कर पूरे देश को पाकिस्तान बना देना चाहिए था। श्री मोदी मध्यप्रदेश के धार जिले में धार संसदीय क्षेत्र के पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान राज्य के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री ने कहा कि दो सप्ताह पहले उन्होंने कांग्रेस को तीन बातें लिख कर देने की चुनौती दी थी। कांग्रेस से कहा था कि वह लिख कर दे कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं देगी, एससी-एसटी और ओबीसी आरक्षण कभी नहीं छीनेगी और कांग्रेस की राज्य सरकारें रातों रात मुस्लिमों को ओबीसी आरक्षण नहीं दे देंगी। इन तीनों सवालों पर कांग्रेस चुप बैठ गई है। ये चुप्पी खतरे वाली है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कांग्रेस के दिमाग का एक्सरे निकाला है। बस उसमें वोटबैंक ही दिख रहा है। कांग्रेस तो चुप है, लेकिन आज पार्टी के एक बड़े साथी ने इंडी गठबंधन के इरादों पर मुहर लगा दी है। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा कि विपक्षी गठबंधन के एक नेता जो चारा खाने के कारण जेल में हैं, अभी जमानत पर निकले हैं। उनकी बेशर्मी देखिए, जमानत पर आए हैं बाहर, पर कांग्रेस वाले इतने गिर चुके हैं कि उन्हें माथे पर बैठा कर नाच रहे हैं। उन नेता ने पिछले 24 घंटे के दौरान कहा है कि मुसलमानों को आरक्षण मिलना चाहिए, सिर्फ इतना नहीं, पूरा का पूरा आरक्षण मिलना चाहिए। इसका मतलब ये हुआ कि अभी जिन वर्गों को जितना आरक्षण मिला है, वो छीन कर पूरा आरक्षण मुसलमानों को देना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आखिर ये ऐसा क्यों कर रहे हैं, क्योंकि इसी वोटबैंक के सहारे वे अपनी सांसें गिन रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि मोदी तो इतने दिन से सिर्फ यही कह रहा था कि विपक्ष के लोग आरक्षण का कुछ हिस्सा काटेंगे, पर इनकी साजिश और गहरी है। विपक्ष के लोग डंके की चोट पर मतदान के दिन पूरा आरक्षण मुस्लिमों को देने की बात कर रहे हैं। सिलसिलेवार ढंग से श्री मोदी ने कहा कि इस बार कांग्रेस और उनके साथियों को चुन-चुन कर साफ कर दीजिए, यही बाबा साहब अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कांग्रेस तुष्टिकरण के दलदल में धंस गई है, कुछ और उसे दिखता ही नहीं।



## पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच जारी रखेगी सीबीआई,शीर्ष अदालत से मिली इजाजत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में अपनी जांच जारी रखने की अनुमति दी है। शीर्ष अदालत ने कहा कि सीबीआई इस मामले में किसी भी अधिकारी या उम्मीदवार के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार से भी तीखे सवाल पूछे हैं। बता दें कि पश्चिम बंगाल सरकार ने 25 हजार शिक्षकों की नियुक्ति को रद्द करने के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने इस मामले की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से पूछा कि जब भर्ती प्रक्रिया पर पहले से सवाल उठ रहे थे तो नई नियुक्तियां क्यों की गईं? अदालत में वकील नीरज कौशल कौल ने पश्चिम बंगाल सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि शिक्षकों और छात्रों के अनुपात को देखकर ही भर्तियां की गईं थीं। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने भी 25 हजार शिक्षकों की नियुक्ति को अवैध नहीं कहा है। राज्य सरकार के दूसरे वकील जयदीप गुप्ता ने हाईकोर्ट के फैसले को गलत करार देते हुए कहा कि यह शीर्ष अदालत के ही फैसले के विपरीत है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की नियुक्ति को रद्द करने का फैसला हाईकोर्ट के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश ने सवाल पूछा कि शिक्षक भर्ती से जुड़ी कॉपियां क्यों खत्म की गईं? जिसके जवाब में वकील ने कहा कि कॉपियां अब नहीं मिल सकती। सुप्रीम कोर्ट ने फिर पूछा का आखिर ऐसा कैसे हो सकता है?

**कुलगाम में मुठभेड़**

## 10 लाख का इनामी टॉप आतंकी कमांडर बासित डार समेत दो ढेर, 18 मामलों में था शामिल



**जम्मू/कश्मीर, एजेंसी।** दक्षिण कश्मीर के जिला कुलगाम के रेडवानी इलाके में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। इनमें से एक आतंकी लश्कर-ए-तैयबा के ही मुखौटा संगठन टीआरएफ का टॉप कमांडर बासित अहमद डार था। बासित डार ए श्रेणी का आतंकवादी था और 2021 से सक्रिय था। वह श्रीनगर और दक्षिण कश्मीर में सुरक्षा बलों और अल्पसंख्यकों पर हमलों सहित 18 से अधिक मामलों में शामिल था। आईजीपी कश्मीर वीके बिर्दी ने कहा कि उसके सिर पर 10 लाख रुपये का इनाम था। मौके पर से मलबा हटाने का काम अभी भी जारी है। किसी को भी कश्मीर में चुनाव, शांतिपूर्ण माहौल में खलल डालने की इजाजत नहीं दी जाएगी। आईजीपी कश्मीर ने बताया कि सोमवार दोपहर को पुलिस को इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली थी। पुलिस ने अन्य सुरक्षा बलों के साथ मिलकर घेराबंदी कर दी। मंगलवार सुबह, आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गहन मुठभेड़ शुरू हो गई जो दोपहर तक चली। उन्होंने कहा कि मुठभेड़ में कुलगाम के रेडवानी के प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा (टीआरएफ) संगठन का शीर्ष कमांडर बासित डार सहित दो आतंकवादी मारे गए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन आज दोपहर समाप्त हो गया, लेकिन विस्फोटकों का मलबा हटाने के लिए तलाशी अभियान अभी भी जारी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मारे गए दूसरे आतंकवादी की पहचान की जा रही है।

## राधिका खेड़ा, शेखर सुमन भाजपा में शामिल



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** जाने माने फिल्म कलाकार शेखर सुमन एवं कांग्रेस की राष्ट्रीय मीडिया संयोजक रहीं राधिका खेड़ा आज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गयीं। भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में पार्टी के महासचिव विनोद तावड़े, भाजपा में राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी और सह प्रभारी संजय मयूख की मौजूदगी में श्री शेखर सुमन एवं सुश्री राधिका खेड़ा ने विधिवत भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। श्री तावड़े ने दोनों हस्तियों को सदस्यता पर्ची एवं गुलदस्ता देकर स्वागत किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत की मुहिम से प्रभावित होकर भाजपा का परिवार प्रतिदिन समृद्ध हो रहा है। श्री सुमन एवं सुश्री खेड़ा भी इस अभियान में योगदान देने के लिए उत्सुक हैं। श्री शेखर सुमन एवं सुश्री राधिका खेड़ा ने भाजपा में शामिल होने पर खुशी व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं गृह मंत्री अमित शाह के प्रति आभार प्रकट किया तथा देश की प्रगति के लिए यथासंभव योगदान देने की बात कही। श्री शेखर सुमन ने यह भी कहा कि वह ईश्वरीय प्रेरणा से भाजपा में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा, कल तक मुझे नहीं पता था कि मैं आज यहां बैठूंगा क्योंकि जीवन में कई चीजें जाने-अनजाने में होती हैं। मैं यहां बहुत सकारात्मक सोच के साथ आया हूं और मैं भगवान का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं कि उन्होंने मुझे यहां आने की आज्ञा दी।

**11 राज्यों की 93 सीटों पर वोटिंग खत्म**

# 5 बजे तक 63.77 प्रतिशत मतदान, महाराष्ट्र में सबसे कम 53.40 प्रतिशत, बिहार-छत्तीसगढ़ में 3 की मौत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 10 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 93 लोकसभा सीटों पर मंगलवार सुबह 7 बजे से जारी वोटिंग शाम छह बजे खत्म हो गई है। चुनाव आयोग के मुताबिक, शाम पांच बजे तक 63.77 प्रतिशत वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 73.93 प्रतिशत और सबसे कम महाराष्ट्र में 53.40 प्रतिशत वोटिंग हुई। दोपहर तीन बजे तक 53.60 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 63.11 प्रतिशत वोटिंग हुई और सबसे कम महाराष्ट्र में 42.63 प्रतिशत लोगों ने वोट डाले थे। बिहार में वोटिंग के दौरान पीठासीन अधिकारी और होमगार्ड जवान की मौत हो गई है। छत्तीसगढ़ के जशपुर में मतदान करने पहुंचे एक बुजुर्ग वोटर की मौत हो गई। वहीं, पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद के भाजपा कैंडिडेट और टीएमसी समर्थक के बीच झड़प हुई है। यूपी के संभल में पुलिस ने लोगों पर लाठीचार्ज किया। इसमें कुछ लोग घायल हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद स्थित निशान हायर सेकेंडरी स्कूल में वोट डाला। उनके साथ गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री सफेद कुर्ता-पायजामा और भगवा जैकेट पहने हुए थे। वहीं अमित शाह सफेद कुर्ता-पायजामा के साथ भगवा रंग का गमछा लिए हुए थे। मोदी कार से उतरने के बाद अमित शाह के साथ पैदल ही लोगों का अभिवादन करते हुए बूथ तक पहुंचे और मतदान किया। वोट डालने के बाद प्रधानमंत्री ने बच्चों के हाथ पर ऑटोग्राफ दिया। लोगों के साथ तस्वीरें क्लिक करवाईं। एक बच्ची को गोद में लेकर हवा में उछाला। मीडिया से बातचीत में उन्होंने लोगों से बड़ी संख्या में वोटिंग की अपील की। साथ ही गर्मी को देखते हुए खूब सारा पानी पीने को कहा।

### फिलीपीन्स और श्रीलंका के दल ने देखी मतदान प्रक्रिया

लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया देखने आए फिलीपीन्स और श्रीलंका के 11 सदस्यीय दल ने सांची विधानसभा के दीवानगंज के मतदान केंद्र पहुंचकर चुनाव प्रक्रिया का जायजा लिया। यहां डेलीगेशन का फूल माला पहनाकर और तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

### गुजरात की 5 विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव

लोकसभा चुनावों के साथ गुजरात में वीजापुर, पोरबंदर, माणावदर, खंभात और वाघोडिया विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव हो रहे हैं। इन पांच सीटों में वीजापुर, पोरबंदर, माणावदर, खंभात से कांग्रेस के विधायको और वाघोडिया विधानसभा सीट से निर्दलीय विधायक धर्मेंद्र सिंह वाघेला ने इस्तीफा दिया था। ये सभी अब बीजेपी में शामिल हो चुके हैं और बीजेपी के टिकट पर दोबारा इन्हीं सीटों से विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं।

### रायपुर में जिंदा व्यक्ति को मरा बताकर मतदान करने से रोका

रायपुर के श्याम नगर इलाके से सचदेवा इंटरनेशनल स्कूल स्थित मतदान केंद्र में तेलीबांधा के रहने वाले सुधीर कुमार मंडपे मतदान करने पहुंचे। उन्होंने बताया कि निर्वाचन अधिकारियों ने उन्हें वोटिंग पर्ची दी। जब वे बूथ नंबर 10 के अंदर गए तो वहां कर्मचारियों ने रिकॉर्ड चेक करने के बाद उन्हें मृत बता दिया। खुद को मृत सुनकर वे हड़बड़ा गए। इसके बाद उन्होंने उच्च अधिकारियों से शिकायत की। इसके बाद अफसरों ने रिकॉर्ड की जांच करने की बात की है। हालांकि उन्हें अभी तक मतदान करने नहीं दिया गया है।

# राया में हुआ भीषण अग्निकांड चालीस से अधिक दुकान जलकर हुई राख

## ➪ लाखो रुपयों का हुआ नुकसान बमुश्किल फायर बिग्रेड की गाड़ियों ने आग पर पाया काबू





**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता मुकेश कौशिक**

मथुरा - जनपद के थाना राया के रामलीला मैदान स्थित सब्जी मंडी काठ बाजार में सोमवार की रात शार्ट सर्किट से आग लग गई।इस दौरान रामलीला मैदान रेलवे लाइन के सहारे रखे चालीस से अधिक काठ के खोखे जलकर खाक हो गए जिसमे दुकानदारों का लाखो रुपयों का नुकसान हो गया।मोके पर पांच दमकल की गाड़ी और स्थानीय लोगो ने आग पर पानी डालकर बमुश्किल काबू पाया।वहीं सूचना पर मांट महावन तहसील के एसडीएम सीओ पुलिस प्रशासन मोके पर पहुच गए।रात के करीब ग्यारह बजे सब्जी मंडी में लगे विद्युत पोल में शॉर्ट शर्किट से आग लग गई।इस दौरान केबिल से प्लास्टिक आग के साथ दुकानों के ऊपर टपकने लगी दुकानों के ऊपर पड़े छप्परों ने अचानक आग पकड़ ली देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।राहगीरों द्वारा शोर करने पर आग लगने की जानकारी होते ही घरों में सोते लोग रेलवे रोड की तरफ दौड़ने लगे।सूचना पर थाना प्रभारी अशोक कुमार मय फोर्स के घटनास्थल पर पहुच गए और उन्होंने फायर विग्रेड को घटना की सूचना दी।घटना के एक घण्टे बाद पहुची दमकलों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया तब तक सभी दुकाने जलकर खाक हो गई।इन काठ के खोखो में दुकानदार पवन अग्रवाल रामू भट्ट कालीचरन अग्रवाल भूरा शर्मा टिल्ला अग्रवाल रंजीत अवधलाल अमरचंद अशोक शीलेन्द्र किशन पटुआ वीरपाल आजाद भोला चन्दा आदि लोग हलवाई चाय सब्जी की दुकानें चलाकर अपना गुजारा करते है।वहीं घटना की जानकारी होते ही एसडीएम क्षेत्राधिकारी मांट महावन नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल पूर्व चेयरमैन राकेश शर्मा रामलीला कमेटी अध्यक्ष भूपेश अग्रवाल सहित व्यापारी वर्ग के लोग व अन्य कई थानों का फोर्स घटनास्थल पर पहुच गया।वहीं कस्वा राया में रेलवे लाइन के सहारे काठ के खोको में आग लगने की वजह से रेल संचालन करीब दो घण्टे बन्द रहा।अंदर जगह न होने के कारण फायर बिग्रेड की गाड़ियां हाथरस मथुरा मार्ग पर खड़ी होकर रेलवे लाइन के ऊपर से पानी के पाइप से आग बुझा रही थी।इस दौरान कासगंज की तरफ से आने वाली गाड़ियों को कोयल फाटक तो मथुरा की तरफ से आने बाली गाड़ियों को रेलवे स्टेशन पर रोक दिया गया।इस दौरान यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा।वहीं दमकल की गाड़ियां राया में खड़ी करवाने की मांग।आग लगने के दौरान घटना के एक घंटे विलंब से पहुची दमकल की गाड़ियां अगर समय से घटनास्थल पर पहुंच जाती तो इतनी बड़ी हानि नही होती।मांट में फायर स्टेशन होने की वजह से दमकल गाड़िया एक घण्टे की देरी से पहुची।राया में दिवाली वाले दिन गोपालबाग मैदान में लगे आतिशबाजी बाजार की घटना से लोग उबर नही पाए कि यह दूसरी घटना घटित हो गयी जिसको लेकर क्षेत्रीय लोगो ने दो गाड़ियां फायर बिग्रेड की थाना राया में खड़ी करवाने की मांग डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह से की है।

**लोगो ने की एसएसपी की सराहना**

कस्वे के रेलवे रोड काठ बाजार में लगी आग की घटना को देखकर लोगो ने अधिकारियों को फोन करने शुरू कर दिए।स्थानीय लोगो ने डीएम मथुरा एसडीएम मांट महावन सहित अधिकारियों को फोन मिलाये लेकिन किसी अधिकारी ने लोगो के फोन नही उठाये।अंत मे लोगो ने एसएसपी शैलेश पांडे को फोन मिलाया तो उन्होंने तत्काल फोन रिसीव किया और घटना की जानकारी लेकर कंट्रोल रूम को सूचित किया। इसके बाद आला अधिकारी राया की तरफ दौड़ते हुए दिखाई दिए जिसकी सराहना स्थानीय लोग करते देखे गए।

**फायर विग्रेड की गाड़ियां एक घण्टा देरी से पहुचने पर आक्रोशित लोगों ने मुर्दाबाद के लगाए नारे**

रेलवे रोड के सहारे काठ के खोखो में लगी आग के दौरान फायर स्टेशन पर फोन करने के बाबजूद फायर विग्रेड की गाड़ियां एक घण्टा देरी से पहुचने पर पुलिस को आक्रोशित लोगों के कोप का भाजन बनना पड़ा। गुस्साए स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिए।घटना के एक घण्टे बाद फायर विग्रेड की गाड़ियां राया पहुची और आग पर बमुश्किल काबू पाया तब तक सभी दुकाने धू धू कर जलकर राख हो चुकी थी।

## अबोध बच्ची से छेड़छाड़ का आरोपी एनकाउंटर में घायल गिरफ्तार



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता मुकेश कौशिक**

मथुरा - तीन वर्षीय मासूम को खिलाने के लिए घर ले जाकर अश्लील हरकतें करने वाले युवक को कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने माल गोदाम रोड के पास स्थित जंगल में देर रात मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है।गोली लगने से आरोपित घायल हो गया है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।कोतवाली के कृष्णा नगर चौकी क्षेत्र के एक मकान के बाहर रविवार शाम छह बजे तीन वर्षीय मासूम खेल रही थी।शौकीन निवासी सुखदेव नगर सौंख रोड मासूम को खिलाने के लिए अपने घर ले गया था।घर में आरोपित ने मासूम के साथ अश्लील हरकतें की।इससे मासूम के होठ सहित कई नाजुक अंगों में सूजन आ गई थी।मुकदमा दर्ज कराया है।पुलिस ने मासूम का चिकित्सीय परीक्षण कराकर दो युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था।वहीं मुख्य आरोपित की तलाश कर रही थी।सूजन को देख आरोपी मासूम को घर के बाहर छोड़कर फरार हो गया।परिजनों ने मासूम को देखा तो उनके होश उड़ गए।उन्होंने मासूम से पूछा तो उसने पड़ोसी युवक द्वारा नाजुक अंगों पर हाथ लगाना बताया।वहीं पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# कमिश्नर व डीआईजी ने चार जनपदों के बॉर्डर का निरीक्षण कर दिए सख्ती के निर्देश



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता जालौन**

माधौगढ जालौन - लोक सभा चुनाव के मद्देनजर मंडलायुक्त विमल दुबे एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक झांसी ने गोपालपुरा राजकीय इंटर कॉलेज बंगरा रामपुरा थाना क्षेत्र के पंचनद का दौरा करके इटावा,औरैया,जालौन के वार्डर पर जिला प्रशासन द्वारा किए गए इंतजामों का निरीक्षण किया । लोकसभा चुनाव में निष्पक्ष व निर्विघ्न मतदान के लिए सुरक्षा के दृष्टिगत मंडलायुक्त झांसी विमल कुमार दुबे एवं उपनिरीक्षक कलानिधि नैथानी, जिलाधिकारी जालौन राजेश कुमार पांडे व पुलिस अधीक्षक जालौन डॉक्टर ईरज राजा ने जिले के अनेक सम्बन्धित अधिकारियों को साथ लेकर माधौगढ़ तहसील अंतर्गत पांच नदियों के संगम एवं तीन जनपदों जालौन इटावा औरैया के बॉर्डर पंचनद पर व बंगरा भिंड मार्ग पर गोपालपुरा के पास मध्यप्रदेश वार्डर पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया । इस दौरान पंचनद पर बने पुल के पास इटावा बैरियर पर तैनात पुलिस जवानों से सुरक्षा बंदोबस्त के संबंध में पूछताछ की । पंचनद की भौगोलिक स्थिति को देखकर जनपद जालौन के सभी वार्डर पर चुनाव तक चौकसी बरतने के निर्देश दिए । मंडलायुक्त एवं डीआईजी झांसी ने जालौन जिला के उसे मार्गो का भी निरीक्षण किया जहां से भिंड इटावा औरैया के लोगों का जालौन जिला की सीमा में व्यवहारिक आना-जाना होता है । इस दौरान कोई असमाजिक तत्व अथवा कोई अवांछनीय वास्तु बॉर्डर पार करके जालौन की सीमा में न आ सके जिससे लोकसभा चुनाव प्रभावित न हो इसके पुख्ता इंतजामों पर चर्चा की । इस अवसर पर मंडलायुक्त झांसी श्री दुबे व डीआईजी श्री नैथानी ने स्पष्ट कहा कि प्रशासन का संकल्प है कि लोकसभा चुनाव निर्विघ्न संपन्न कराए जाएंगे किसी को भी गड़बड़ी फैलाने का अवसर नहीं दिया जाएगा । इसके लिए सड़क मार्ग पर निरीक्षण के साथ-साथ जल मार्ग की भी निगेहवानी की जाएगी । पंचनद बॉर्डर निरीक्षण के उपरांत उक्त सभी अधिकारी माधौगढ़ थाना अंतर्गत गोपालपुरा के पास मध्य प्रदेश बॉर्डर का भी निरीक्षण किया । इस अवसर पर जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित विश्वेश्वर सिंह उप जिलाधिकारी माधौगढ़ , क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ शैलेन्द कुमार बाजपेई एवं थाना अध्यक्ष रामपुरा, खण्ड विकास अधिकारी माधौगढ, रमेशचंद्र शर्मा, खण्ड विकास अधिकारी, विपिन कुमार, ए डी पंचायत महावीर शरण गुप्ता, सचिव नदीगाव, राहुल कुमार, शैलेंद्र कुमार, एवं सचिव, शिवसागर अवस्थी, सुमित यादव,सजय श्रीवास, पवन तिवारी, हेमन्त वर्मा, सचिन निषाद, सुनील सोनकर, राघवेंद्र सिंह चौहान, चन्द्रभान सिंह पटेल लुध सिंचाई विभाग,सहित अनेक अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।वहीं गोपालपुरा में परमार्थ संस्थान ने लघु नाटिका पेश कर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया । कमिश्नर ने पाताल तोड कुंआ का निरीक्षण किया. इस मौके पर प्रधान साधना तिवारी,नीरज तिवारी प्रधान प्रतिनिधि धीरज तिवारी, सत्यम, अरविंद, कप्तान,अमन, आदि मौजूद रहे

# डीएम के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता कलेक्ट्रेट परिसर से परिवार,टैम्पो स्टैंड से रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना




**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता जालौन**

उरई जालौन - जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार मतदाता जागरुकता हेतु कलेक्ट्रेट के पास से परिवार सहित गुजर रही कक्षा-5 की छात्रा अदीबा को मतदाता जागरुकता का ब्रांड अम्बेस्डर मानते हुए मतदाता जागरुकता टैम्पो रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त रैली में सिटी मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जयसवाल, उप जिलाधिकारी कृष्णपाल सिंह एवं सम्भागीय परिवहन अधिकारी/ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) सौरभ कुमार द्वारा सहयोग किया गया। इस कार्यक्रम में सुरेश कुमार एवं राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन),बीर बहादुर सिंह यातायात प्रभारी, सुधीर कुमार पाण्डेय अध्यक्ष मानव सेवा सम्मान समिति, टैम्पो यूनियन एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। मतदाता जागरुकता टैम्पो रैली कलेक्ट्रेट से प्रारम्भ होकर अम्बेडकर चैराहा, शहीद भगत सिंह चैराहा, घण्टाघर, कोंच बस स्टैण्ड से जेल रोड होते हुये जिला परिषद पर समापन किया गया। मतदाता जागरुकता टैम्पो रैली भ्रमण के दौरान 20 मई दिन महान, जालौन करेगा मतदान वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है आओ मिलकर अलख जगायें, शतप्रतिशत मतदान करायें देशभक्त कहलायेगें, वोटिंग करने जायेंगे देश भक्त की यही पहचान, पहले वोटिंग फिर दूजा काम के नारों का उदघोष करते हुये आमजन को मतदान हेतु जागरुक किया गया। राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल ने उपस्थित सभी जनों से अपील की कि मतदाता जागरुकता अभियान को जन-जन व गाँव-गाँव तक पहुँचायेंगे, जिसमें उपस्थित सभी जनों द्वारा आश्वासन दिया गया कि मतदाता जागरुकता अभियान को जन-जन तक व गाँव-गाँव तक पहुँचायेंगे। अन्त में राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल ने उपस्थित सभी जनों का धन्यवाद देते हुये कार्यक्रम का समापन किया गया।

## डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह ने जिला गंगा पर्यावरण एवं वृक्षारोपण समिति की बैठक ली

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता मुकेश कौशिक**

मथुरा - डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिला गंगा पर्यावरण एवं वृक्षारोपण समिति की बैठक ली।बैठक में डीएम ने डीएफओ को निर्देश दिए कि जनपद में मथुरा में ब्रज के विरासत वृक्ष लगाने की कार्य योजना तैयार की जाए और उक्त योजना पर कार्य करना सुनिश्चित करें।मथुरा के विरासत वृक्षों की टेस्टिंग की जाए और ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण किया जाए।बेसिक शिक्षा अधिकारी डीआईओएस डीपीआरओ डीपीओ को निर्देश दिए



कि स्कूल डिग्री कॉलेज गंगा गांव तथा आंगनबाड़ी केंद्रों पर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जाए।डीएम ने यमुना के किनारे स्थित समस्त गांव एवं घाटों की साफ सफाई के निर्देश दिये तथा वृक्षारोपण कराना सुनिश्चित करे।जिन विभागों को पूर्व में लक्ष्य प्राप्त हुआ था वे सभी विभाग अपने अपने क्षेत्रों में गड्ढा खुदवा लें जिससे वृक्ष लगाने में कोई समस्या न आए।इसी क्रम में नगर विकास विभाग डूडा के कार्यों की समीक्षा की।बैठक में डीएम को उप जिलाधिकारी आदेश कुमार ने विभाग द्वारा किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आगामी किस्त शीघ्र जारी की जाएगी।सभी ईओ अपने अपने क्षेत्रों में फॉगिंग तथा नालों की साफ सफाई करें जिससे आगामी दिनों में आने वाली वर्षा से कोई समस्या न हो।अपनी अपनी कार्य योजना तैयार करें साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए स्ट्रीट लाइट प्रोपर कार्य करे प्रकाश लाइट की व्यवस्था की जाए अपने अपने नगर क्षेत्रों को सुंदर बनाएं।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू राही अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय डीएफओ रजनी कांत मित्तल डिप्टी कलेक्टर नरेंद्र सिंह डीसी मनरेगा विजय कुमार पांडेय डीपीआरओ किरन चौधरी बीएसए सुनील दत्त अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूदेव सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## स्कूल चलो अभियान के तहत स्कूली बच्चों ने किया जागरूक

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता पीलीभीत**



पूरनपुर /पीलीभीत - अभिभावकों को जागरूक करने के लिए परिषदीय स्कूलों में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत स्कूली बच्चों एवं अध्यापकों ने सड़कों एवं गलियों में नारों के साथ जागरूकता रैली निकाली ।ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय खाता, नई बस्ती, कम्पोजिट विद्यालय खासपुर में अभिभावकों को जागरूक करने के लिए स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत स्कूली छात्रों एवं अध्यापकों ने सड़को एवं गलियों में घूम-घूम कर विभिन्न नारे लगाकर जागरूकता रैली निकाली। रैली में बच्चे नारा लगा रहे थे-आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे। घर-घर शिक्षा दीप जलाओ, अपने बच्चे सभी पढ़ाओ। मम्मी पापा हमें पढ़ाओ, स्कूल में चलकर नाम लिखाओ। चौका बर्तन और सफाई, फिर भी लड़की करें पढ़ाई आदि नारे लगा रहे थे। जागरूकता रैली में प्राथमिक विद्यालय खाता, नई बस्ती, कम्पोजिट विद्यालय खासपुर के बच्चे एवं अध्यापक शामिल थे। रैली में विजयलक्ष्मी, राधाकृष्ण कुशवाहा, राजेश्वरी, रोहित मिश्रा, अंजू बाजपेई, श्रीकृष्ण, पूनम रावत, जीशान, मिथलेश, विन्द्रा देवी आदि मौजूद रहे।

## चुनाव चिन्ह मिलते ही शुरू हुआ जोरदार प्रचार अभियान

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता हमीरपुर**



हमीरपुर - चुनाव चिन्ह आवंटन की प्रक्रिया संपन्न होते ही सभी दलीय एवं निर्दलीय उम्मीदवारों ने प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। सपा उम्मीदवार ने पार्टी के जिम्मेदार नेताओं के साथ मंगलवार को सुमेरपुर विकासखंड क्षेत्र की एक दर्जन ग्राम पंचायतों में सघन जनसंपर्क करके किसानों, युवाओं, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं से समर्थन मांगा। नामांकन आदि की समस्त प्रक्रिया संपन्न होने के बाद चुनाव प्रचार में धीरे-धीरे तेजी आ रही है। मंगलवार को इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार अजेन्द्र सिंह लोधी ने पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रामप्रकाश प्रजापति, पूर्व जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह यादव, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव अजय उर्फ कल्लू यादव, कांग्रेस की पूर्व जिलाध्यक्ष नीलम निषाद के साथ पारा ओजी, सिड़रा, सिमनौड़ी, टिकरौली, बरुआ, भौंरा, छोटा कछार, बड़ा कछार, सुरौली बुजुर्ग, पचखुरा महान, टेढ़ा आदि गांवों में सघन जनसंपर्क किया। इसी तरह सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नंदकिशोर शिवहरे, शिवशरण यादव, प्रदेश सचिव मुन्नीलाल निषाद, सुरेंद्र सिंह यादव ने क्षेत्र के ग्राम सुरौली बुजुर्ग, बरुआ, भौंरा, कुछेछा, पचखुरा बुजुर्ग आदि गांवों में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन जुटाया और किसानों को कर्ज माफी तथा युवाओं को रोजगार, बुजुर्ग महिलाओं को सरकार बनने पर पेंशन देने का भरोसा दिलाया।

## मकान एवं जमीन पर अवैध कब्जा हटवाया

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता जालौन**



माधौगढ़ जालौन - तहसील की ग्राम पंचायत गोपालपुरा निवासी मान सिंह पुत्र स्व रामदीन हाल निवासी राजेन्द्र नगर उरई ने एक शिकायती पत्र उपजिलाधिकारी विशेश्वर सिंह को देते हुए बताया कि साहब मेरे पैतृक गांव गोपालपुरा है मेरी पत्नी विकलांग है। वर्तमान में हम लोग राजेन्द्र नगर उरई में रह रहे है.विपक्षी के द्वारा मकान बनाने हेतु हमारे प्लाट पर जबरन कब्जा कर लिया है पत्नी के विकलांग होने की बजह से उरई में रहकर भरण पोषण कर रहा हूं जब प्रार्थी के द्वारा विपक्षी से कब्जा हटाने लिए कहा तो कब्जा तो नही हटा गालीगलौज के साथ फर्जी मुकदमें की धमकी मिली शिकायत कर्ता ने तहसील से लेकर जिला तक शिकायत दर्ज कराई गयी पर अभी तक कार्यवाही अमल में नही लाई गई. उक्त शिकायत की जांच एडीओ पंचायत ने मौके पर जाकर की .

## विद्युत अधिकारियों से परेशान साधु मनोज कुमार उर्फ मनीष दास ने फांसी लगाकर आत्मदाह का किया प्रयास लोगों ने बचाया

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता मुकेश कौशिक**



मथुरा - जनपद में गोवर्धन क्षेत्र के विद्युत अधिकारियों से परेशान होकर कृष्ण विहार कालोनी के रहने वाले साधु बिजली घर प्रांगण में लगे पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर झूल गया।वहीं घटना से बिजली घर में हड़कंप मच गया।वहां खड़े लोगों ने साधु की जान बचाई।विभागीय अधिकारियों ने समाधान का आश्वासन देकर साधु को लौटाया।मनोज कुमार उर्फ मनीष दास ने बताया कि सन 2022 में कृष्ण विहार कालोनी में एक मकान खरीदा।विद्युत कनेक्शन के लिए बिजली घर के चक्कर लगाए। विभागीय अधिकारी उस मकान पर करीब एक लाख रुपए का बकाया बता रहे हैं।जबकि उनके घर पर कोई बकाया नहीं है।इस समस्या को लेकर कई बार विद्युत अधिकारियों के चक्कर काटे परंतु कोई समाधान नहीं हुआ।विभागीय अधिकारियों पर पैसे मांगने का आरोप भी लगाया।सोमवार को साधु विभागीय अधिकारियों से मिला।समाधान न होने पर साधु ने दुपट्टा का फंदा बनाया और प्रांगण में बने वृक्ष से लटक गया।साधु को लटकता देख विभागीय अधिकारियों के हाथ पैर फूल गए।साधु को लटका देख तमाम लोग उसे बचाने दौड़ पड़े।साधु को नीचे उतारा गया।एसडीओ देवेंद्र तिवारी ने बताया कि अभी मामला में संज्ञान में आया है।दो सदस्यीय टीम गठित कर दी गई है।रिपोर्ट आने पर जल्द समाधान किया जाएगा।

# तीसरे चरण का मतदान खत्म होने के साथ ही असम में लोकसभा चुनाव हुए संपन्न

● असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने पत्नी और बेटी के साथ तीसरे चरण के मतदान में अपने मताधिकार का किया प्रयोग

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता पंकज नाथ**

असम - तीसरे चरण का मतदान खत्म होने के साथ ही असम में लोकसभा चुनाव संपन्न हो गए हैं। पहले चरण में पांच सीटों, दूसरे चरण में पांच सीटों और तीसरे चरण में चार सीटों पर मतदान संपन्न होने के साथ ही असम की 14 लोकसभा सीटों के लिए मतदान संपन्न हो गया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार, 7 मई को तीसरे तथा असम में अंतिम चरण के मतदान पर बारपेटा लोकसभा सीट के लिए अपना वोट डाला। अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करके मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने अपनी पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा और बेटी सुकन्या के साथ कामरूप जिले के अमीनगांव बंगाली हाई स्कूल मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। पिछले गुवाहाटी निर्वाचन क्षेत्र के बजाय, इस बार यह केंद्र बारपेटा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का हिस्सा है। इस केंद्र में 1,613 वोट हैं। अपना वोट डालकर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने पत्नी और



बेटी के साथ दौल गोविंद मंदिर में महाप्रभु का आशीर्वाद लिया । मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने महाप्रभु का आशीर्वाद लेते हुए चुनाव में पार्टी की अभूतपूर्व सफलता की कामना की। तीसरे और अंतिम चरण में आज असम के चार निर्वाचन क्षेत्रों गुवाहाटी, कोकराझार, बारपेटा और धुबरी में वोट डाले गए। तीसरे और अंतिम चरण का मतदान समाप्त होने के साथ ही असम में लोकसभा चुनाव कुल मिलाकर समाप्त हो गए हैं। तीसरे और अंतिम चरण में 9,516 मतदान केंद्रों पर मतदान हुआ था जिसमें वोटरों की कुल संख्या 81,49,091 थे। गुवाहाटी निर्वाचन क्षेत्र में आठ उम्मीदवारों के बीच मुकाबला हुआ है। कोकराझार निर्वाचन क्षेत्र में कुल 12 उम्मीदवार मैदान में हैं। बारपेटा सीट पर 14 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं इस बार लोकसभा चुनाव में धुबरी लोकसभा क्षेत्र से 13 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे थे ।

# अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में चयनित हुए श्रमिकों के बच्चे

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता मुकेश कौशिक**

मथुरा - सहायक श्रमायुक्त एमएल पाल द्वारा अवगत कराया गया कि अटल आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 06 एवं 09 में प्रवेश हेतु दिनांक पच्चीस फ़रवरी 2024 को प्रवेश परीक्षा आयोजित हुई थी।जिसका परीक्षा परिणाम माननीय निर्वाचन आयोग की अनुमति के उपरान्त दिनांक 04 मई 2024 को घोषित कर दिया गया था।आगरा मंडल के चारों जनपदो में कक्षा-06 में 559 और कक्षा-09 में 334 विद्यार्थियों ने दी थी परीक्षा। उन्होंने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में जनपद मथुरा के 16 छात्र छात्राएं सफल हुए।कक्षा 6 हेतु 5 छात्र एवं 3 छात्राएं कुल 8 सफल हुए।कक्षा-9 हेतु 6 छात्र तथा 2 छात्राएं कुल 8 सफल हुए।उन्होंने बताया कि मथुरा के सहायक श्रमायुक्त कार्यालय 17 बी द्वारिका पुरी में परिणाम चस्पा कर दिया गया है।जहा पर मथुरा के अभ्यर्थी परिणाम को देख सकते हैं।आगरा मण्डल के कक्षा- 06 में 559 एवं कक्षा-09 में 334 बच्चों ने प्रतिभाग किया। कक्षा-06 के लिए 70 बालक व 70 बालिकाएं तथा कक्षा-09 के लिए 70 बालक तथा 70



बालिकाएं चयनित हुए हैं।शेष बालक एवं बालिकाओं को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। सीटों के सापेक्ष 280 छात्र छात्राओं का चयन किया गया है तथा शेष विद्यार्थियों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है।चयनित छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रवेश न लेने पर प्रतीक्षा सूची के छात्र छात्राओं का दाखिला लिया जायेगा। कक्षा-06 में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर फिरोजाबाद की कु. प्रियंशिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा बालिका वर्ग में कु. अनन्या कुमारी जनपद फिरोजाबाद ने 95 अंक लेकर द्वितीय स्थान पर रही।बालक वर्ग में मा. रिशु गिरि जनपद फिरोजाबाद ने 97.5 अंक लेकर प्रथम स्थान तथा मा. चमन जनपद आगरा ने 96.5 अंक लेकर द्वितीय स्थान पर रहे कक्षा- 09 में जनपद आगरा के सुमित कुमार ने 73 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया।बालक वर्ग में मा0 विश्वेन्द्र सिंह आगरा के 69 अंक लेकर द्वितीय स्थान पर रहें।बालिका वर्ग में कु0 रंजना फिरोजाबाद ने 58 अंक लेकर प्रथम स्थान तथा कु0 माया रानी जनपद मैनपुरी ने 55 अंक लेकर द्वितीय स्थान पर रही।अटल आवासीय विद्यालय कोरई आगरा में कक्षा 06 की बालिकाओं की काउंसलिंग चौदह मई 2024 एवं बालक की दिनांक पन्द्रह मई 2024 तथा कक्षा-09 के बालिकाओं की काउंसलिंग सोलह मई 2024 एवं छात्रों की दिनांक सत्रह मई 2024 को होनी है।अभिभावकों को काउंसलिंग के दिन सभी दस्तावेजों की मूल प्रति तथा छायाप्रति के साथ विद्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य है। मूल दस्तावेजों के सही पाये जाने पर ही उक्त छात्र छात्रा का प्रवेश विद्यालय में दर्ज किया जायेगा।उक्त परिणाम भारत निर्वाचन आयोग से इस शर्त के साथ प्राप्त अनुमति कि किसी भी व्यक्ति अथवा दल द्वारा इसका राजनैतिक लाभ नहीं लिया जाएगा के क्रम में निर्गत किया गया है।

## कैम्प में दो दर्जन दिव्यांगो को किया लाभान्वित - प्रेम शंकर अग्रवाल

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता मुकेश कौशिक**



मथुरा - 416 वां नि-शुल्क दिव्यांग सहायता त्रिदिवसीय मासिक शिविर विकलांग सहायता संस्था मथुरा के तत्वाधान मे ब्रजवासी हाईटेक उद्योग परिसर आगरा दिल्ली हाइवे हाइवे प्लाजा के सामने हंसराज कॉलोनी रोड पर आयोजित किया गया।शिविर में पंजीकृत दिव्यांगों का नि-शुल्क परीक्षण भारतीय भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास सेवा संघ, नई दिल्ली की शाखा राम मनोहर लोहिया हॉस्पीटल के भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास विशेषज्ञ डॉ. प्रगिथ एनपी एवं उपकरणों का निर्माण महावीर विकलांग सहायता समिति कोटा के टेक्निशीयन विनोद पाण्डे व सतीश चंद्र द्वारा किया गया। जिसमे पंजीकृत हुए 24 दिव्यांग भाई बहिनों का परीक्षण कर लाभान्वित किया गया।जिसमे केलीपर 06 कृतिम पैर 07 वैशाखी 06 छड़ी 02 पुराने उपकरणों की मरंमत तथा अन्य को चिकित्सीय सलाह दी।शिविर संचालन मे संस्था उपाध्यक्ष महेश चंद्र अग्रवाल एड.सचिव प्रेमशंकर अग्रवाल कोषाध्यक्ष सत्यवीर अग्रवाल विजय गर्ग कुलदीप शर्मा का सराहनीय सहयोग रहा।

# मोदी–योगी की युवा रोजगार गारंटी योजना के मुंह पर कालिख पोत रहे हैं समाज कल्याण विभाग के भ्रष्ट अधिकारी

**लखनऊ।** जहाँ एक तरफदेश के प्रधानमंत्री और यूपी के मुख्यमंत्री देश और प्रदेश के छात्रों गौर युवाओं को रोजगार की गारंटी देने की बात जोर–शोर से कर रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफयोगी की नाक के नीचे सचिवालय और निदेशालय में बैठे समाज कल्याण के भ्रष्ट अधिकारी और कर्मचारी निजी स्वार्थसिद्धि के लिए प्रदेश के नौनिहालों के साथ धोखाधड़ी करने और उनके भविष्य को जानबूझकर बर्बाद करने का गैरकानूनी काम सरकारी संगठित गैंग बनाकर उस समाज कल्याण विभाग में कर रहे जिस विभाग का मुख्य जिम्मा ही समाज का कल्याण करने का है। मामला समाज कल्याण विभाग की कुल 253 अनुदान प्राप्त प्राविधिक एवं औधोगिक संस्थाओं तथा मान्यता प्राप्त प्राविधिक एवं औधोगिक संस्थाओं का है जिनके मार्फ़त लाखों छात्रों को निरंतर धोखे में रखकर उनके भविष्य को अंधे कुँए में धकेला जा रहा है। लम्बे समय से इस मुद्दे को उठा रहीं राजधानी के राजाजीपुरम इलाके की निवासिनी समाजसेविका और पूर्व में भारतीय जनता पार्टी के आरटीआई प्रकोष्ठ की प्रदेश उप प्रभारी रह चुकीं उर्वशी शर्मा बताती है कि उनके प्रयासों के बाद समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या 1624ध26–2–2021 लखनऊ दिनांक 12 अक्टूबर 2021 के माध्यम से विभाग की अनुदान प्राप्त प्राविधिक एवं औधोगिक संस्थाओं तथा मान्यता प्राप्त प्राविधिक एवं औधोगिक संस्थाओं द्वारा 30–06–2022 तक एन.सी.वी.टी. से मान्यता प्राप्त न कर पाने की स्थिति में विभाग द्वारा प्रदत्त मान्यता को शून्य मान लिए जाने के आदेश पारित किये गए थे और शासन के इस आदेश के अनुक्रम में निदेशालय समाज कल्याण उत्तर प्रदेश के तत्कालीन निदेशक राकेश कुमार ने अपने हस्ताक्षरों से कार्यालय ज्ञाप संख्या दृ सी दृ 1373 ध् सवकव ध् अनुव ध्औवप्राविशिवसंव ध् 2021–22 लखनऊ दिनांक 19 जनवरी 2022 जारी करके ऊपर वर्णित शासनादेश की शर्तों को पूरा नहीं करने वाली समाज कल्याण विभाग की मान्यता प्राप्त ध् अनुदानित संस्थाओं की मान्यता को दिनांक 30–06–2022 के उपरांत शून्य मान लिए जाने के आदेश पारित किये थे। उर्वशी बताती हैं कि शासन और निदेशालय के इन कार्यालय ज्ञापों में ही यह स्पष्टतया अंकित है कि छब्टज् से मान्यता प्राप्त नहीं होने के कारण इन संस्थानों से प्राप्त प्ज्प् प्रमाणपत्र केन्द्रीय एवं प्रदेशीय सरकारी सेवाओं में सेवायोजन के लिए मान्य नहीं होने के कारण इन संस्थाओं से प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत छात्र स्वयं को कुंठित और असहाय पाते हैं तथा ये संस्थाएं छात्रों हेतु लाभकारी अथवा उपयोगी सिद्ध नहीं हो रही हैं और इन संस्थाओं द्वारा बच्चों का भविष्य अंधकारमय रखकर उनके साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उर्वशी कहती हैं कि छात्रों के भविष्य की दृष्टि से ये दुर्भाग्यपूर्ण रहा कि इसके पश्चात भी शासन और निदेशालय के कतिपय अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा शासन तथा निदेशालय के उपरोक्त कार्यालय ज्ञापों के खिलाफजाकर छात्रों के साथ धोखा–धड़ी करके अवैध रूप से चल रही गैर एन.सी.वी.टी. मान्यता प्राप्त संस्थाओं की मान्यताओं को दिनांक 30–06–2022 से आगे एक वर्ष ( दिनांक 30–06–2023 ) तक विस्तारित करके के गैरकानूनी आदेश जारी किये गए और यही नहीं, शासन तथा निदेशालय के इन आदेशों के पश्चात इन संस्थाओं में नए प्रवेशों पर पूर्ण रोक लगाई जानी चाहिए थी किन्तु ऐसा नहीं किया गया है और शासन और निदेशालय के कतिपय अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से इन गैर एन.सी.वी.टी. मान्यता प्राप्त संस्थाओं द्वारा छात्रों के साथ धोखा–धड़ी करके अवैध रूप से नए प्रवेश निरंतर जारी हैं और आर्थिक लाभ के दुरुद्देश्य से जान बूझकर देश के नौनिहालों के भविष्य को अंधे कुँए में धकेला जा रहा है. उर्वशी बताती हैं कि उनको कतिपय सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि शासन और निदेशालय के कतिपय अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा अपने निहित स्वार्थों की पूर्ति हेतु इन गैर एन.सी.वी.टी. मान्यता प्राप्त संस्थाओं से करोड़ों की घूस खाकर इन संस्थाओं की मान्यता को पुनः विस्तारित करके के गैरकानूनी आदेश शासन और निदेशालय स्तर से निकट भविष्य में पुनः जारी कराये जाने की साजिश की जा रही है।

# भाजपा को जनता के मुद्दों से कोई लेना देना नहीं – अविनाश पांडे

➪ यूपी प्रभारी ने कार्यकर्ताओ संग की बैठके,चुनाव जीत को लेकर दिए टिप्स

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**




लखनऊ – कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने मंगलवार को लोकसभा क्षेत्र फतेहपुर ,बांदा , हमीरपुर, झांसी में कांग्रेस, सपा व आम आदमी पार्टी एवम अन्य सहयोगी दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बैठक की।इस दौरान उन्होंने इंडिया गठबन्धन के प्रत्याशियों की जीत के लिए टिप्स दिए।यह जानकारी देते हुए यूपी कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि कांग्रेस महासचिव अविनाश पांडे ने समन्वय बैठकों में कहा कि यह चुनाव देश के संविधान, जनता का अधिकार, वंचितों का आरक्षण और बच्चों का भविष्य बचाने का चुनाव है।उन्होंने कहा कि बेरोजगारी एवं महंगाई के खिलाफ जनता इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने जा रही है।भाजपा पर आरोप लगाते हुए यूपी प्रभारी ने कहा कि भाजपा को जनता के मुद्दों से कोई मतलब नही, इसीलिए बेरोजगारी बढ़ गई सरकार सिर्फ भाषणबाजी करती रही,जनता बीजेपी की असलियत जान चुकी है।अविनाश पांडे ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार को जनता के मुद्दो से कोई लेना देना नहीं है, किसान परेशान है नौजवान नौकरी के लिए भटकता रहा लेकिन बीजेपी ने कोई सुध नही ली।उन्होंने कहा 2024 में कांग्रेस इंडिया गठबंधन सरकार बनते ही किसानो का कर्ज माफ किया जायेगा ,अग्निवीर योजना को तुरंत रद्द कर पुरानी स्थायी भर्ती प्रक्रिया फिर से लागू करायेगी। प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला को एक लाख रुपए मिलेंगे और सरकारी नौकरी में 50 फीसद आरक्षण मिलेगा। कांग्रेस जातीय जनगणना कराएगी।

# सरोज एजुकेशनल ग्रुप आफ कॉलेज लखनऊ के बी.फार्मा के फाइनल वर्ष के छात्रों का मल्टीनेश छतनल कंपनियों में हुआ प्लेसमेंट



**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ – सरोज इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट लखनऊ में न्यूचरेप्लस बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड के साथ प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया, जिसमें फार्मेसी के 40 छात्रों ने इंटरव्यू में भाग लिया और शानदार प्रदर्शन किया। कंपनी के प्रतिनिधियों ने इस परीक्षा के माध्यम से 3 सेगमेंट, विनिर्माण, बीडीएम और बिक्री में फार्मासिस्ट की आवश्यकता अनुसार चयनित किया है। संस्था के प्रधानाचार्य रोहित सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि %चयनित छात्रों को जीवन की पहली सफलता मिल गई है और आगे भी इसी दिशा में छात्र नए कीर्तिमान कायम करते रहेंगे।छात्रों को उनका चयन पत्र दे दिया गया है। छात्र चयनित पत्र पाने के बाद से काफी उत्साहित हैं। संस्थान के चेयरमैन सुनील सिंह ने छात्रों को दी बधाई के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और विद्यार्थियों के प्रतिष्ठित कम्पनियों में चयन पर खुशी व्यक्त की और साथ ही इसके पीछे उनके टीचर्स की कड़ी मेहनत को श्रेय दिया। उन्होंने बताया कि कई गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए दवाओं पर शोध हो रहे हैं। इसलिए फार्मेसी के विद्यार्थियों के पास भविष्य में कई अवसर आएंगे और देश विदेश में रोजगार की संभावनाएं लगातार बढ़ेंगी।

# सीएम योगी, अखिलेश यादव और मायावती ने मतदाताओं से की मतदान की अपील



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिये मतदान के बीच मंगलवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने मतदाताओं से लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़कृचढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक संदेश में कहा, लोकतंत्र के महापर्व का आज तीसरा चरण है। सम्मानित मतदाताओं से अपील है कि विरासत एवं विकास की अवधारणा को निरंतरता देने एवं विकसित भारत की संकल्पना को पूरा किए जाने हेतु मतदान अवश्य करें। आपका एक वोट भारत को दुनिया की महाशक्ति के रूप में स्थापित करने में योगदान दे सकता है। याद रखें– पहले मतदान, फिर जलपान। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी एक्स पर मतदाताओं से वोट जरूर डालने की अपील की। उन्होंने कहा, लोकतंत्र और संविधान को बरकरार रखने के लिए अधिक–से–अधिक संख्या में घरों से निकलकर अपना वोट जरूर डालें। वोट डालने का एक दिन पूरी जिंदगी के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है। बसपा प्रमुख मायावती ने कहा, देश में सात चरणों में हो रहे लोकसभा आमचुनाव के तीसरे चरण की वोटिंग में पहले की तरह आज भी 'पहले मतदान फिर जलपान' के संकल्प को नहीं भूलना है और अपने वोट की हर प्रकार से रक्षा करते हुए मतदान जरूर करके अपना भविष्य खुद संवारने का यह लोकतांत्रिक अवसर कतई नहीं गंवाना है। उन्होंने कहा, निर्वाचन आयोग से भी विशेष आग्रह है कि विरोधी पार्टियों में भी, खासकर सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा आदर्श चुनाव आचार संहिता का लगातार किए जा रहे उल्लंघन पर सख्ती से अंकुश लगाए ताकि चुनाव सही, स्वतंत्र व निष्पक्ष हो। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत उत्तर प्रदेश की 10 लोकसभा सीटों– संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला और बरेली के लिए मतदान सुबह सात बजे शुरू हो गया जो शाम छह बजे तक होगा।

## समाचार

### राहुल गांधी के वादों पर विश्वास कर रहा युवा:अभय दुबे

तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ

लखनऊ – अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अभय दुबे ने जारी बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश में आज तीन चरणों के साथ ही 80 में से 26 लोकसभा सीटों पर चुनाव संपन्न हुए ।उन्होंने कहा राहुल गांधी की रायबरेली से उम्मीदवारी का प्रभाव उत्तर प्रदेश सहित समूचे उत्तर भारत के प्रांतों पर पड़ रहा है ।भाजपा पर आरोप लगाते हुए श्री दुबे ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बीते वर्षों जिस प्रकार भाजपा सरकार ने युवाओं को बेरोजगारी के दलदल में धकेल कर उनके भविष्य में भर्ती परीक्षा पेपर लीक का अंधकार भर दिया, उससे युवा भाजपा के खिलाफ खड़ा हो गया है और वह राहुल गांधी के वादों पर विश्वास व्यक्त कर रहा है ।देश एवं प्रदेश का किसान राहुल के समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी के साथ खड़ा हो गया है और इंडिया गठबंधन दल को अपना समर्थन दे रहा है ।अभय दुबे ने कहा कि उत्तर प्रदेश का मजदूर भाजपा सरकार द्वारा मजबूर किया गया है ।जिस प्रदेश से देश के प्रधानमंत्री चुनकर आते हों वहां मनरेगा की मजदूरी मात्र 7 रूपये प्रतिदिन बढ़ाई गई है ।उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा की तीन चरणों की हार सातों में बरकरार रहेगी।

### अपना दल(एस)ने घोषित किए प्रत्याशी

तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ

लखनऊ – लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के बीच मंगलवार को अपना दल (एस) के दो प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की गई है। पार्टी ने मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज सीट पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं। मिर्जापुर सीट से अनुप्रिया पटेल चुनाव लड़ेंगी जबकि रॉबर्ट्सगंज सीट पर पार्टी ने रिंकी कोल को उम्मीदवार बनाया है। अपना दल (एस) को भाजपा के साथ गठबंधन में दो लोकसभा सीट मिली हैं।

### मायावती की हरदोई में चुनावी जनसभा आज



तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ

लखनऊ – बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के समर्थन में कल 8 मई बुधवार को उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगी। बीएसपी के यूपी स्टेट कार्यालय द्वारा मंगलवार को जारी कार्यक्रम के अनुसार बीएसपी प्रमुख मायावती की यह चुनावी जनसभा हरदोई जिले में माधोगंज टाउन स्थित नरपति सिंह इण्टर कालेज के खेल मैदान में आयोजित की गयी है।

### मैं अमेठी का सेवक हूं और सेवक ही रहुगा- के एल शर्मा



**अमेठी।** लोक सभा क्षेत्र अमेठी से चुनाव लड़ रहे हैं कांग्रेस प्रत्याशी के एल शर्मा ने मुसाफिर खाना में एक जनसभा को संबोधित करते हुए खुद को गांधी नेहरू परिवार का सेवक बताते हुए कहा कि अमेठी राहुल प्रियंका की अमानत है। मैं इसे संभाल कर रखूंगा। मालूम हो कि कांग्रेस ने केएल शर्मा को भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी स्मति ईरानी के सामने उतारा है। इससे पहले यहां राहुल गांधी सांसद थे द्य उन्होंने कहा कि गांधी नेहरू परिवार ने अमेठी को कभी राजनीतिक दृश्य नहीं देखा है। उसे एक अपने परिवार की तरह देखा है। उन्होने कहा मैं गांधी नेहरू परिवार से 1983 से जुड़ा हुआ हूं और एक सेवक के रूप में काम करता आ रहा हूं। अमेठी का सेवक हूं सेवक ही रहूंगा। केएल शर्मा ने कहा कि देश में बेरोजगारी और बड़ा मुद्दा है और इसे दूर करना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। इसके अलावा संविधान को बचाना भी हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है ।उन्होंने कहा कि भाजपा 5 किलो राशन कितने की बात करती है और फसलों को आवारा जानवरों से नहीं बचती कांग्रेस के पश्चिम मतदान करने हैं और संविधान को बचाने की अपील की।

### प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों ने जब्त की अवैध शराब, नकदी

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है ।आबकारी, आयकर, पुलिस, नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 06 मई तक 35534.65 लाख की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3401.31 लाख रुपये नकद, 4929.58 लाख की शराब,23839.07 लाख की ड्रग, 2193.07 लाख की बहुमूल्य धातुएं एवं 1171.61 लाख की अन्य सामग्री जब्त की गयी ।आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 06 मई को 1354.94 लाख की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त की गई। इसमें 26.22 लाख नकद, 38.59 लाख की 18114.91 लीटर शराब, 1290.12 लाख की 1723242 ग्राम ड्रग जब्त की गयी ।06 मई को प्रमुख जब्ती में बुलन्दशहर की बुलन्दशहर क्षेत्र में 855.73 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 1711.41 किलो ग्राम ड्रग खीरी की पलिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 220.40 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 416 ग्राम ड्रग, जनपद प्रतापगढ़ की कुण्डा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 80.40 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 402 ग्राम ड्रग, जनपद सोनभद्र की घोरावाल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 70 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 35 ग्राम ड्रग, मिर्जापुर की चुनार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 40 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 200 ग्राम ड्रग तथा सहारनपुर की गंगोह विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 10 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 50 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी।

# अपर्णा यादव का राम गोपाल पर पलटवार, कहा, राम विरोधी है सपा, इन्हे सबक सिखाएगी जनता



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव राम गोपाल यादव राम मंदिर पर दिए गए बयान के बाद घिर गए हैं। जहाँ एक तरफ सीएम योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी को रामभक्त विरोधी बताया है तो वहीं भाजपा नेता अपर्णा यादव ने राम गोपाल यादव के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा राम का विरोध करती है। उन्होंने कहा कि राम गोपाल यादव को वास्तु का ज्ञान है क्या ? बिना मतलब में राम मंदिर के वास्तु को दोष देना सपा की मानसिकता को उजागर करता है। गौरतलब है कि सपा नेता ने राममंदिर को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि राम मंदिर बेकार है, इसका निर्माण वास्तु अनुरूप नहीं हुआ है। पुराने मंदिर देख लीजिए कैसे बने हैं। राम गोपाल यादव ने कहा कि राम मंदिर का नक्शा ठीक नहीं बना है। वहीं सपा नेता के इस बयान पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने कारसेवकों और रामभक्तों पर गोली चलवाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सपा लगातार आस्था और लोकभावना के खिलाफ रही है। सीएम ने कहा कि ये लोग आतंकवाद के समर्थक हैं। उन्होंने राम गोपाल यादव के बयान को हिन्दू विरोधी बताया और कहा कि इस बयान से समाजवादी पार्टी का असली चेहरा सामने आया है। सीएम ने कहा कांग्रेस और सपा दोनों राम को नकारने वाले लोग हैं। राम गोपाल यादव ने इस बयान से अपनी मानसिकता का परिचय दिया है।

# कांग्रेस के मुकेश सिंह को मिल रहा जनता का अपार स्नेह और समर्थन

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ - कांग्रेस पार्टी से लखनऊ पूर्वी विधानसभा उपचुनाव प्रत्याशी, पार्षद, पूर्व महानगर अध्यक्ष मुकेश सिंह चौहान ने प्रातः कल्याणपुर पार्क से अपने सघन प्रचार अभियान की शुरुआत करने के बाद गोमतीनगर के गुलाम हुसैन पुरवा, रिसहा, बेहनन पुरवा में घर घर जाकर प्रचार किया। इन सभी जगहों पर लोगों ने गठबंधन प्रत्याशी का स्वागत भी किया। कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश सिंह जिस रफ्तार में जनसंपर्क कर रहे हैं तो माना भी यह जा रहा है कि वह जनता से मिलने के मामले में सबसे आगे दिखाई दे रहे हैं। कई मुहल्लों में तो लोगों ने यहां तक कह दिया कि आज तक इस तरह से हमारे बीच कोई नहीं आया। दोपहर बाद मुकेश सिंह चौहान का काफिला पंतनगर और खुर्रम नगर इलाके में पहुंचा। यहां भी सघन प्रचार अभियान जारी रहा। जैसे जैसे लोग मिलते गये मुकेश भी लोगों से उनके हाल और परेशानी के बारे में जानने के इच्छुक नजर आये। कोई गलियों में गंदगी के बारे में बताने लगा तो कोई जल निकासी की समस्या से अवगत कराने लगा। कही मार्ग प्रकाश की समस्या दिखाई दी तो कही पीने के पानी की भी समस्या को लोगों ने खुलकर बताया। इस प्रकार लोगों ने गठबंधन प्रत्याशी को अपने नजदीक पाया और अपार समर्थन देखने को मिला। साथ में जनसंपर्क कर रहे कार्यकर्ता कांग्रेस के साथ समाजवादी पार्टी के भी कदमताल करते दिखाई दिये और जहां एक वोट विधानसभा के लिये मुकेश चौहान तो वही लोकसभा के लिये गठबंधन प्रत्याशी रविदास मल्होत्रा के लिये भी वोट और पूरा समर्थन करने की अपील कर रहे थे। प्रचार में स्थानीय लोगो के साथ ही कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# मिशन फ़तह अमेठी–रायबरेली, प्रियंका गांधी ने संभाली कमान



**लखनऊ।** यूपी की अमेठी और रायबरेली संसदीय सीट कांग्रेस पार्टी के लिए सबसे खास और वीवीआईपी है। इस बार के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की प्रतिष्ठा का सबब बन गई हैं। रायबरेली से सोनिया गांधी के राज्यसभा जाने के बाद उनके बेटे और कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी चुनावी मैदान में हैं।अमेठी से सोनिया गांधी के सांसद प्रतिनिधि केएल शर्मा पर पार्टी ने दाँव लगाया है, पार्टी ने अपने गढ़ को जीतने की जिम्मेदारी प्रियंका गांधी को दी है, जिसके लिए प्रियंका रायबरेली आ धमकी हैं। उन्होंने मिशन फ़तह अमेठी और रायबरेली खातिर प्लान तैयार केलर लिया है। रायबरेली और अमेठी में अस्तित्व की बचाने की लड़ाई है। अगले चरण में उत्तरप्रदेश में कांग्रेस की गढ़ वाली सीट पर चुनाव है।प्रियंका गांधी को इस लड़ाई में अपने पारिवारिक विरासत को बचाने के साथ अमेठी की कांग्रेस के खाते में वापसी भी करनी है। रायबरेली और अमेठी में 20 मई को मतदान है और प्रियंका गांधी की टीम इस दफा 2019 की गलती नही दोहराना चाहती। पिछली बार लोकसभा चुनाव में प्रियंका यूपी की महासचिव थी और मात्र 3 दिन ही प्रचार किया था लेकिन इस बार पार्टी का लक्ष्य सिर्फ राहुल गांधी की जीत के साथ ही जीत का मार्जिन वायनाड से ज्यादा करना है। 2019 में राहुल गांधी ने वायनाड में 4 लाख तीस हजार वोटों से जीतकर केरल में रिकॉर्ड तोड़ा था।1999 से प्रियंका उत्तरप्रदेश में स्टार प्रचारक रही हैं।वे उ अमेठी–रायबरेली के हर गाँव हर रास्ते से वाकिफ है।प्रियंका बीजेपी पर बहुत आक्रामक है और बीजेपी के हर हमले का जवाब दिया है। इसीलिए वो चुनावी मैदान में न आकर प्रचार की कमान थामी है। अमेठी–रायबरेली में चुनाव प्रबंधन की कमान प्रियंका गांधी सम्भाल रही है लेकिन पार्टी ने सीनियर ऑब्जर्वर के तौर पर दो पूर्व मुख्यमंत्री लगा दिये हैं जिसमे भूपेश बघेल रायबरेली और अशोक गहलोत अमेठी में प्रचार का कामकाज देखेंगे। पार्टी दोनों सीटो को लेकर गंभीर है।12 दिनों के चुनाव प्रचार में रोज 500 लोगों तक पहुँचने का लक्ष्य रखा है जिसको पूरा करने लिए औसतन 20 गाँव जाना होगा, प्रियंका गांधी ने इसके लिए 500 लोगों की विश्वसनीय टीम तैयार है जो दोनों लोकसभा सीटो की डेली रिपोर्ट लीडरशिप को सौंपेंगी।डोर–टू–डोर प्रचार के साथ हो बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को फोकस तरीके से काम दिया जाएगा। सिर्फ रायबरेली में लगभग 8000 कार्यकर्ताओं को सक्रिय रखा गया है की वो पार्टी के घर–घर पहुँच कर कांग्रेस गारंटी की बात करे और सोशल मीडिया के जरिये बीजेपी के खिलाफ माहौल बनाये जिसमे एक साथ 5000 से ज्यादा कांग्रेस वॉलंटियर्स सरकार के खिलाफ चुनावी कैंपेन पर एक ही तरह के पोस्ट करे वही पार्टी को अपने इंटरनल सर्वे के जरिये ये पता चला है की अमेठी में स्मृति ईरानी के खिलाफ वोटरो में नाराजगी है, उसे भी कांग्रेस भुनाने की कोशिश करेगी। सियासी जानकार मानते है कि गांधी परिवार के खलिाफ स्मृति ईरानी जितना बयान देगी पार्टी को उतना ही फायदा होगा। अमेठी कई लोगों को कहना है कि स्मृति ने अमेठी खातिर ऐसा कुछ खास नही किया है कि राहुल गांधी की याद न आये। कांग्रेस ने अमेठी और रायबरेली को हमेशा तवज्जो ज्यादा दी है।

### राहुल गांधी के चुनाव मैदान में उतरते ही बढ़ गया कांग्रेसियों का उत्साह

लखनऊ। कांग्रेस की मीडिया समन्वयक गरिमा दसौनी और चित्रा बाथम ने कहा कि राहुल गांधी के चुनाव मैदान में उतरने से कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं में ही नहीं बल्कि मतदाताओं में भी उत्साह बढ़ गया है। जनता का रुझान इंडिया गठबंधन के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि दो चरणों के चुनाव में इंडिया गठबंधन को व्यापक समर्थन मिला है। कांग्रेस पार्टी मुद्दों पर चुनाव लड़ रही है भाजपा सिर्फ हिंदू, मुसलमान, श्मशान व कब्रिस्तान के जरिये नफरत फैला रही है। पांच मई को नीट पेपर लीक प्रकरण से साफ हो गया है कि भाजपा सरकार परीक्षा कराने में फेल है। पर्चे लीक से युवाओं के भविष्य को अंधकारमय हो गया है।

# सोना क्यों बन रहा है पहली पसंद

**गौरतलब है कि गहनों के रूप में सोने की मांग पहले के मुकाबले में लगातार घटती जा रही है, जबकि निवेश के रूप में सोने की मांग लगातार बढ़ रही है। इस बीच पिछले सालों में केंद्रीय बैंकों द्वारा सोने की खरीद में अभूतपूर्व वृद्धि ने दुनिया में सोने की मांग बढ़ा दी है। यदि सोने के भाव की बात करें तो पिछले दो-तीन वर्षों में सोने की कीमत में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है**

पहले विश्व युद्ध के बाद से अब तक दुनिया में डॉलर का महत्त्व लगातार बढ़ता रहा है। जब अमरीका के सहयोगी देश सामान के बदले सोना देने लगे, तो ऐसे में संयुक्त राज्य अमरीका आधिकारिक तौर पर दुनिया का सबसे बड़ा स्वर्ण भंडार बन गया। युद्ध के बाद अनेकों देशों ने अपनी करंसियों को डॉलर के साथ जोड़ा और इसके साथ ही दुनिया में गोल्ड स्टैंडर्ड समाप्त हो गया और डॉलर दुनिया की सबसे पसंदीदा करंसी बन गई। सभी देशों ने अपनी विदेशी मुद्रा भंडारों को डॉलर के रूप में रखना शुरू कर दिया, और ऐसे में वर्ष 1999 तक दुनिया के कुल विदेशी मुद्रा भंडारों में डॉलर का हिस्सा 71 प्रतिशत तक बढ़ गया। 1999 में यूरोप साझा करंसी यूरो का प्रादुर्भाव हुआ और अब अधिकांश यूरोपीय देशों ने डॉलर के बदले यूरो रखना शुरू कर दिया। इसके चलते रिजर्व करंसी के नाते डॉलर का हिस्सा घटने लगा और वर्ष 2021 तक यह घटकर 59 प्रतिशत रह गया था। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार डॉलर का वैश्विक रिजर्व करंसी के रूप में हिस्सा 2010 में 62 प्रतिशत, 2015 में 65.73 प्रतिशत, 2020 में 59 प्रतिशत और 2023 में 58.41 प्रतिशत रह गया। समझना होगा कि उतार-चढ़ाव के साथ वर्ष 1999 से डॉलर का महत्त्व अंतरराष्ट्रीय रिजर्व करंसी के नाते लगातार घटता रहा है। लेकिन महत्त्वपूर्ण बात यह है कि चाहे डॉलर का महत्त्व घटता गया हो, लेकिन डॉलर अभी भी दुनिया की सबसे अधिक पसंदीदा करंसी बना हुआ है। उसके मुकाबले दूसरे स्थान पर यूरो का हिस्सा अभी भी 20 प्रतिशत के आसपास ही है और बाकी कोई भी करंसी उसके नजदीक भी नहीं है। आज भी दुनिया के अधिकांश अंतरराष्ट्रीय लेन-देन डॉलर में होते हैं। इस कारण से डॉलर लंबे समय से कभी भी खास कमजोर नहीं हुआ। भारतीय रुपए के संदर्भ में देखें तो 1964 में जहां एक डॉलर 4.66 रुपए के बराबर था, वो अब बढ़कर 83.4 रुपए तक पहुंच चुका है। अन्य करंसियों की तुलना में भी यह काफी मजबूत रहा है। लेकिन कुछ समय से दुनिया के देशों में वि.डॉलरीकरण के संकेत मिल रहे हैं। डॉलर के लगातार मजबूत होने के कारण लगभग सभी देशों, खासतौर पर विकासशील देशों को खासा नुकसान होता रहा है। भारत की यदि बात करें तो पिछले कुछ समय से भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक अंतरराष्ट्रीय भुगतानों में रुपए की भूमिका को बढ़ाने का प्रयास लगातार कर रहा है। लगभग 20 देशों के साथ इस बाबत सहमति भी बनी है। उधर अंतरराष्ट्रीय उथल-पुथल और खासतौर पर रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण अमरीका और यूरोपीय देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के चलते अंतरराष्ट्रीय लेन-देन में कठिनाई के कारण, दूसरे देशों में भी स्थानीय करंसियों में भुगतान के प्रयास तेज हो गए हैं। दुनिया में डॉलर के प्रति विमुखता इस कारण से भी बढ़ी है, क्योंकि अमरीका ने रूस को आक्रमणकारी बताते हुए उसके तमाम डॉलर रिजर्व को जब्त कर लिया है। ऐसे में दूसरे मुल्कों में यह भय व्याप्त हो गया है कि देर-सवेर अमरीका ऐसी कार्रवाई उन पर भी कर सकता है। ऐसे में उन मुल्कों पर रूस जैसी भुगतान की समस्या आ सकती है। ऐसे में दुनिया के मुल्क दो तरफा प्रयास कर रहे हैं। एक, स्थानीय करंसियों में भुगतान तो दूसरा डॉलर के स्थान पर सोने के भंडार में वृद्धि। भारत की यदि बात करें तो देखते हैं कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ते-बढ़ते अप्रैल के पहले सप्ताह तक 648.6 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। लेकिन इस बीच में एक और महत्त्वपूर्ण बात जो दिखाई दी कि विदेशी मुद्रा भंडारों में सोने का भंडार 55.8 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें एक ही सप्ताह में 1.24 अरब डॉलर की वृद्धि हुई। बताया जा रहा है कि एक ही सप्ताह में सोने के भंडार में 6 टन वृद्धि हुई। पिछले साल की तुलना में भारत का स्वर्ण भंडार 13 टन ज्यादा है। दुनिया में आधिकारिक स्वर्ण भंडार की दृष्टि से भारत का स्थान 9वां है। भारतीय रिजर्व बैंक ने स्वर्ण भंडार की प्राथमिकता के बारे में आधिकारिक पुष्टि भी की है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2021 में जहां विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों और अन्य संस्थाओं द्वारा 450.1 टन सोने की खरीद की गई, वो बढ़कर 2022 में 1135.7 टन हो गई। वर्ष 2023 में केंद्रीय बैंकों ने 1037 टन सोने की खरीद की। गौरतलब है कि गहनों के रूप में सोने की मांग पहले के मुकाबले में लगातार घटती जा रही है, जबकि निवेश के रूप में सोने की मांग लगातार बढ़ रही है। इस बीच पिछले सालों में केंद्रीय बैंकों द्वारा सोने की खरीद में अभूतपूर्व वृद्धि ने दुनिया में सोने की मांग बढ़ा दी है। यदि सोने के भाव की बात करें तो पिछले दो-तीन वर्षों में सोने की कीमत में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। वर्ष 2018 में सोने की औसत कीमत 1268.93 डॉलर प्रति ओंस थी, जो वर्ष 2024 में अभी तक 2126.82 डॉलर प्रति ओंस तक पहुंच चुकी है। यानी मात्र 6 वर्षों से भी कम समय में सोने की कीमत में 67.6 प्रतिशत की वृद्धि यानी लगभग 9.5 प्रतिशत वार्षिक की वृद्धि। यह बात सर्वथा सिद्ध हो रही है कि दुनिया में सोने की मांग बढ़ रही है, जिसके कारण उसकी कीमत भी लगातार बढ़ती जा रही है। वर्ष 1988 में सोने की कीमत 437 डॉलर प्रति आउंस थी, जो 2018 तक बढ़कर 1268.93 तक पहुंची थी, यानी 30 सालों में 3.61 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि। लेकिन पिछले 6 सालों में सोने की कीमतें 9.7 प्रतिशत की दर से बढ़ रही हैं। ऐसे में दुनिया के आर्थिक विश्लेषक वैश्विक मौद्रिक एवं वित्तीय परिस्थितियों में महत्वपूर्ण बदलावों की ओर इंगित कर रहे हैं। पहला कारण यह है कि संयुक्त राज्य अमरीका के केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दर, जिसे फेड रेट भी कहते हैं, उसके घटने की संभावनाएं व्यक्त की जा रही हैं। ऐसे में चूंकि ब्याज दरें कम होने पर लोग वित्तीय परिसंपत्तियों के बजाय सोना खरीदने की ओर आकर्षित होंगे। ऐसे में यदि ब्याज दर गिरती है तो सोने की मांग बढ़ेगी। दूसरा कारण यह बताया जा रहा है कि चीन समेत दुनिया भर के केंद्रीय बैंक अब ज्यादा से ज्यादा सोना खरीद रहे हैं। इस प्रवृत्ति के थमने की कोई संभावना दिखाई नहीं दे रही। तीसरा दुनिया भर में सोने की कीमतों में वृद्धि की अपेक्षा की जा रही है। ऐसे में केंद्रीय बैंकों द्वारा ज्यादा सोना खरीदने की संभावनाएं और भी बढ़ रही हैं, क्योंकि यदि केंद्रीय बैंक अपने विदेशी मुद्रा भंडारों में सोने की मात्रा बढ़ाते है, तो बढ़ती सोने की कीमतों के साथ उनके विदेशी मुद्रा भंडार स्वयंमेव बढ़ जाएंगे। सोने की बढ़ती यह मांग, कई




सवाल खड़े करती है, उसमें से सबसे अहम सवाल यह है कि क्या अब डॉलर का वर्चस्व समाप्त हो रहा है। एक दूसरा सवाल यह है कि क्या सोने का महत्व अंतरराष्ट्रीय लेन-देन में भी बढ़ने वाला है। क्या ऐसा होगा या नहीं, यह तो भविष्य के गर्भ में छुपा है, लेकिन यह स्पष्ट है कि विश्व वि.डॉलरीकरण की ओर बढ़ रहा है तथा उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं के साथ देश अपने विदेशी व्यापार को अपनी घरेलू मुद्राओं में निपटाने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में डॉलर के विकल्प में सर्वाधिक प्राथमिकता सोने को दी जा सकती है। दुनिया के कई देश अमरीका द्वारा उनके विदेशी भंडारों के जब्त होने के अंदेशे से भी आशंकित हैं, क्योंकि रुस के साथ अमरीका ऐसा कर चुका है। भारत और चीन सहित दुनिया में सोने की मांग बढ़ने का यह भी एक मुख्य कारण बन रहा है।

# संपादकीय

## विवाह की गरिमा

देश की शीर्ष अदालत को यदि विवाह जैसे बेहद व्यक्तिगत मामले में परामर्श देना पड़ा है, तो इसका अभिप्राय यही है कि इसके मूल स्वरूप से तेजी से खिलवाड़ हुआ है। कोर्ट को सख्त लहजे में यहां तक कहना पड़ा कि विवाह यदि सप्तपदी यानी फेरे जैसे उचित संस्कार और जरूरी समारोह के बिना होता है तो वह अमान्य ही होगा। निश्चित रूप से अदालत ने यह बताने का प्रयास किया कि इन जरूरी परंपराओं के निर्वहन से ही विवाह की पवित्रता और कानूनी जरूरतों को पूरा किया जा सकता है। दरअसल, हाल के वर्षों में विवाह समारोहों के आयोजन में पैसे के फूहड़ प्रदर्शन व तमाम तरह के आडंबरों को तो प्राथमिकता दी जा रही है, लेकिन परंपरागत हिंदू विवाह के तौर-तरीकों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। आज से कुछ दशक पूर्व हिंदी फिल्मों में हास्य पैदा करने के लिये विवाह से जुड़ी परंपराओं का जिस तरह का मजाक बनाया जाता था, आज कमोबेश वैसी स्थिति समाज में भी बनती जा रही है। वर-वधू द्वारा अपने जीवन के एक महत्वपूर्ण अध्याय को शुरू करने के वक्त विवाह के आयोजन में जो शालीनता, गरिमा व पवित्रता होनी चाहिए, उसे खारिज करने की लगातार कोशिशें की जाती रही हैं। यही वजह है कि अदालत को याद दिलाना पड़ा कि हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के अंतर्गत विवाह की कानूनी जरूरतों तथा पवित्रता को गंभीरता से लेने की जरूरत है। जिसके लिये पवित्र अग्नि के चारों ओर लगाये जाने वाले सात फेरे जैसे संस्कारों व सामाजिक समारोह से ही विवाह को मान्यता मिल सकती है। निश्चित रूप से आज विवाह संस्कार की गरिमा को प्रतिष्ठा दिये जाने की जरूरत है। यानी विवाह सिर्फ प्रदर्शन नहीं है। विवाह मजबूरी का समझौता भी नहीं हो सकता। निश्चित रूप से भारतीय जीवन पद्धति में विवाह महज महत्वपूर्ण संस्कार ही नहीं है बल्कि नवदंपति के जीवन के नये अध्याय की शुरुआत भी है। जिसे हमारे पूर्वजों ने बेहद गरिमा व सम्मान के साथ पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ाया है। आज हम भले ही कितने आधुनिक हो जाएं, विवाह से जुड़ी अपरिहार्य परंपराओं को नजरअंदाज कदापि नहीं कर सकते।निश्चित रूप से विवाह को औपचारिक रूप से मान्यता देने के लिये पंजीकरण आदि के उपाय इस रिश्ते को अपेक्षित गरिमा देने में विफल ही रहे हैं। यही वजह है कि शीर्ष अदालत में न्यायाधीश को कहना पड़ा कि सात फेरों का अर्थ समझे बिना हिंदू विवाह की गरिमा को नहीं समझा जा सकता। यह भी कि हिंदू विवाह सिर्फ नाचने-गाने तथा पार्टीबाजी की ही चीज नहीं है, यह एक गरिमामय संस्कार है। उसके लिये सामाजिक भागीदारी वाला जरूरी विवाह समारोह भी होना चाहिए। यानी महज पंजीकरण से विवाह की वैधता पर मोहर नहीं लग जाती। निस्संदेह, निष्कर्ष यही है कि पैसा पानी की तरह बहाकर तमाम तरह के आडंबरों को आयोजित करने के बजाय विवाह के मर्म को समझना होगा। इसके बावजूद देशकाल व परिस्थितियों के अनुरूप विवाह पंजीकरण की जरूरत को भी पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता।

## भाजपा फिर राम भरोसे

रविवार की शाम को जब लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के अंतर्गत 11 राज्यों-केन्द्र शासित प्रदेशों की 93 सीटों के लिये प्रचार बन्द हो चुका था, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अयोध्या के उसी रामलला मंदिर में पहुंचे जिसकी प्राणप्रतिष्ठा उन्होंने 22 जनवरी को की थी। जिस उद्देश्य को लेकर आधे-अधूरे मन्दिर में भव्य समारोह के जरिये यह काम हुआ था, उसने धर्माचार्यों एवं धर्म का मर्म समझने वालों के एक बड़े वर्ग को चाहे नाराज किया हो परन्तु भारतीय जनता पार्टी को उम्मीद थी कि राममंदिर का 5 सदियों का कथित विवाद हल करने का सियासी लाभ अवश्य मिलेगा। जिस तीसरे चक्र की वोटिंग मंगलवार को होने जा रही है, उसमें भाजपा की हालत वैसी ही खस्ता समझी जा रही है जिस प्रकार से पहले हुए दो चरणों (19 व 26 अप्रैल) के मतदान के बाद लगाये गये अनुमानों में बतलाई गई थी। ज्यादातर सर्वे भी बतला रहे हैं कि इंडिया गठबन्धन ने पहले चरण से ही बढ़त बना ली थी जो दूसरे चरण के मतदान में और भी सघन हो गई। अधिकतर विश्लेषक और राजनीतिक टिप्पणीकार कह चुके हैं कि मंगलवार के मतदान के बाद भाजपा के हाथ से चुनाव निकल चुका रहेगा। उसके बाद इतनी कम सीटें रह जायेंगी कि उसके लिये नुकसान भरपायी की गुंजाइश तक नहीं बचेगी। राज्यवार विश्लेषण भी दर्शाते हैं कि अब भाजपा की बड़ी आशा नरेंद्र मोदी व केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के गृह राज्य गुजरात से ही है। दूसरा भरोसा उसे उत्तर प्रदेश से था परन्तु वहां समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर कांग्रेस ने सीटों का जैसा बंटवारा किया है और जिस सुन्दर तालमेल के साथ दोनों दलों के नेता (खासकर राहुल गांधी व अखिलेश यादव) प्रदेश को मथ रहे हैं, उससे भाजपा की अनेक सीटें उसके हाथ से निकलती दिखाई दे रही हैं। यहां 2019 में भाजपा ने 80 में 62 सीटें जीती थीं। भाजपा एवं उसके गठबन्धन एनडीए के लिये देश भर में चल रहा श्दक्षिण में साफउत्तर में हाफका नारा यूं ही शोर मचाने के लिये नहीं लग रहा है- जमीन की वास्तविकता भी यही बतला रही है। जिन सीटों पर चुनाव हो चुके हैं, जिन पर मंगलवार को होने जा रहे हैं और बची-खुची जिन पर शेष चार चरणों में होंगे, उनमें इंडिया गठबन्धन मजबूत दिखाई दे रहा है। दक्षिण को लेकर जो कहा जा रहा है अगर वह शत-प्रतिशत सही न भी हो, तब भी ज्यादातर लोगों को यह मानने से कोई गुरेज नहीं है कि भारत के सांस्कृतिक रूप से सम्पन्न व विवेकपूर्ण समाज वाले द्रविड़ प्रखंड के पांचों राज्य (तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, आंध्रप्रदेश व तेलंगाना) इंडिया गठबन्धन की झोली लबालब करने जा रहे हैं।

# अगर भाजपा का पिछले दस साल का शासन ट्रेलर था तो अब क्या होगा!

यूनाइटेड स्टेट्स कमीशन ऑन इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम के अनुसार, पिछले एक साल में भारत की केन्द्रीय, प्रांतीय और स्थानीय सरकारों ने ऐसी नीतियां अपनाई हैं जो विभिन्न धर्मों के बीच भेदभाव करती हैं और ऐसे कानून बनाए हैं जो धर्मपरिवर्तन, अंतर्धार्मिक रिश्तों, हिजाब पहनने और गौवध को प्रतिबंधित करते हैं और जिनका मुसलमानों, ईसाईयों, सिक्खों, दलितों और आदिवासियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। जहां तक प्रोपेगेंडा का सवाल है, हमारे प्रधानमंत्री का मुकाबला कम ही नेता कर सकते हैं। एक ओर वे कांग्रेस की कई घोषणाओं को सांप्रदायिक बता रहे हैं तो दूसरी ओर यह दावा भी कर रहे हैं कि उनके 10 साल के शासनकाल की उपलब्धियां शानदार और चमकदार तो हैं हीं मगर वे मात्र ट्रेलर है। और यह भी कि 2024 में उनकी सरकार फिर से बनने के बाद वे और बड़े काम करेंगे। उनके समर्थक उनकी सरकार की उपलब्धियों का गुणगान कर रहे हैं। मगर सच यह है कि उनकी सरकार ने कोई कमाल नहीं किया है। मोदी भक्त कहते हैं कि मोदी राज में इन्टरनेट के उपयोग और हवाई यात्राओं में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है, 42 करोड़ नए बैंक खाते खुले हैं, 11 करोड़ नए एलपीजी कनेक्शन दिए गए हैं, 22 करोड़ लोगों का बीमा किया गया है, राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण में तेजी आई है और करदाता बढे हैं। इसके अलावा, भारत ने कई देशों को कोविड वैक्सीन का निर्यात किया है जिससे दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है और 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध करवाया गया है। ये सारे आंकड़े न तो यह साबित करते हैं कि आम जनता के हालात बेहतर हुए हैं, ना यह कि भारत पहले से बेहतर प्रजातंत्र है और ना ही यह कि यहां के लोगों को लोकतान्त्रिक अधिकार और स्वतंत्रताएं हासिल हैं। कई ऐसे कदम उठाए गए हैं जिनसे जनकल्याण बाधित हुआ है और लोगों के अधिकार सीमित हुए हैं। सन् 2014 में मोदी के सत्ता में आने के बाद से कैबिनेट शासन प्रणाली कमजोर हुई है और सारी शक्तियां उनके हाथ में केन्द्रित हो गई हैं। अधिकांश मामलों में सारे निर्णय वे ही लेते हैं। इसके दो उदाहरण हैं- नोटबंदी और कोरोना महामारी से निपटने के लिए उठाए गए कदम। नोटबंदी केवल माननीय मोदीजी का निर्णय था और हमें बताया गया था कि इससे कालाधन अर्थव्यवस्था से बाहर हो जायेगा। लेकिन हुआ क्या? जनता को बेइंतिहा परेशानियां झेलनी पडीं। करीब 100 लोगों ने पुराने नोट बदलने के लिए बैंकों के बाहर लम्बी लाईनों में खड़े-खड़े अपनी जान गंवाई। और अंततः बंद किये गए नोटों में से 98 प्रतिशत बैंकों में आपस आ गए। कोरोना महामारी एक बड़ी विपदा थी जिसे मोदी ने और बड़ा बना दिया। उन्होंने कुछ घंटों के नोटिस पर पूरे देश में कड़ा लॉकडाउन लगा दिया। हम सबने उन लोगों की त्रासदी देखी है जिन्हें पैदल शहरों से अपने गांवों में जाना पड़ा। गंगा में तैरती हुई लाशों और उसके तटों पर बिखरे हुए शवों से साफयह हो गया था कि लोगों ने क्या भोगा है। संवैधानिक संस्थाओं और सरकारी एजेंसियों की स्वायत्तता पूरी तरह समाप्त कर दी गई है। वे सरकार, बल्कि श्री मोदी के इशारों पर नाच रही हैं। चाहे वह ईडी हो या सीबीआई, चाहे वह आयकर विभाग हो या चुनाव आयोग- कोई भी निष्पक्षता से काम नहीं कर रहा है। यहां तक कि न्यायपालिका भी सरकार के पक्ष के झुकी हुई लग रही है। जहां तक प्रजातंत्र का सवाल है, वी. डेम नामक एक स्वायत्त और स्वतंत्र संस्थान, जो पूरी दुनिया में प्रजातंत्र की स्थिति का आंकलन करता है, ने 2024 में भारत को श्सबसे निकृष्टतम तानाशाहियों में से एक बताया है। सन् 2018 में इसी संस्थान ने भारत को निर्वाचित तानाशाही बताया था। संस्थान की रिपोर्ट के अनुसार, श्भारत की आबादी दुनिया की कुल आबादी का करीब 18 प्रतिशत है मगर भारतीय, दुनिया की आधी ऐसी आबादी हैं जो निरंकुश शासन व्यवस्था के अंतर्गत रह रहे हैं। जहां तक प्रेस की स्वतंत्रता का सवाल है, हर व्यक्ति यह देख सकता है कि देश का मीडिया उन धन्नासेठों के नियंत्रण में है जो मोदी सरकार के नजदीक है। रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, मीडिया की स्वतंत्रता के मामले में 180 देशों में भारत 161वें नंबर पर है। केवल एक साल में वह 150 से 161वें स्थान पर पहुंच गया है। भारत में अपनी बात खुलकर कहने और सरकार की आलोचना करने को देशद्रोह बताया जाता है और हमारे अनेक समर्पित और प्रतिबद्ध मानवाधिकार कार्यकर्ता सालों से जेलों में हैं और उन पर क्या आरोप हैं, यह भी तय नहीं हुआ है। यूनाइटेड स्टेट्स कमीशन ऑन इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम के अनुसार, श्पिछले एक साल में भारत की केन्द्रीय, प्रांतीय और स्थानीय सरकारों ने ऐसी नीतियां अपनाई हैं जो विभिन्न धर्मों के बीच भेदभाव करती हैं और ऐसे कानून बनाए हैं जो धर्मपरिवर्तन, अंतर्धार्मिक रिश्तों, हिजाब पहनने और गौवध को प्रतिबंधित करते हैं और जिनका मुसलमानों, ईसाईयों, सिक्खों, दलितों और आदिवासियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। ह्यूमन राइट्स वाच भारत में मुस्लिम अल्पसंख्यकों की स्थिति का वर्णन करते हुए कहता है, श्भारत में सरकार ने ऐसी नीतियां और कानून बनाये हैं जो मुसलमानों के साथ सुनियोजित ढंग से भेदभाव करते हैं और सरकार के आलोचकों को कलंकित करते हैं। हिन्दू राष्ट्रवादी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार के पूर्वाग्रहों ने पुलिस और अदालतों जैसी स्वतंत्र संस्थाओं में भी घुसपैठ कर ली है। इसके चलते (हिन्दू) राष्ट्रवादी समूह बिना किसी डर के धार्मिक अल्पसंख्यकों को आतंकित और प्रताड़ित कर रहे हैं और उन पर हमले कर रहे हैं। देश की आर्थिक स्थिति खस्ता है और बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। मोदी ने वायदा किया था कि उनकी सरकार हर साल दो करोड़ रोजगार देगी। मगर देश में बेरोजगारी की दर अपने उच्चतम स्तर 8.3 प्रतिशत पर है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकानॉमी के अनुसार, श्भारत में बेरोजगारी की दर जनवरी 2024 में 6.8 प्रतिशत थी, जो फरवरी 2024 में बढ़ कर 8 प्रतिशत हो गई।श् मार्च 2024 में यह कुछ कम हुई मगर अब भी यह पिछले 40 सालों में सबसे ज्यादा है। हंगर इंडेक्स समाज में पोषण की स्थिति का पता लगाने का उत्तम माध्यम है। हंगर इंडेक्स में भारत 121 देशों में 107वें स्थान पर है। इस मामले में भारत पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश जैसे अपने पड़ोसी देशों से भी पीछे है। ऑक्सफेम इंडिया की रिपोर्ट (सरवाईवल ऑफ द रिचेस्ट) हमें बताती है कि श्देश के मात्र 5 प्रतिशत नागरिक, देश की 60 प्रतिशत संपत्ति के मालिक हैं और नीचे के पचास प्रतिशत नागरिक, कुल संपत्ति में से केवल 3 प्रतिशत के स्वामी हैं।पिछले दस सालों में दलितों की स्थिति में गिरावट आई है। जाने माने अध्येता सुखदेव थोराट के अनुसार, शहरी इलाकों में दलितों का उपयोग अकुशल श्रमिकों के रूप में किया जा रहा है। भारत के केवल पांच प्रतिशत दलित आरक्षण की व्यवस्था से लाभान्वित हुए हैं... हालांकि भारत सरकार के निर्धनता उन्मूलन कार्यक्रमों से भी दलितों को लाभ पहुंचता है मगर सरकार इन योजनाओं के कार्यान्वयन पर कड़ी नजर नहीं रखती और कई योजनाओं का क्रियान्वयन होता ही नहीं है...।

# भारत की कुर्बानियां भूल रहा बांग्लादेश

**वीरभूमि हिमाचल के रणवांकुरों से सुसज्जित 'तीन डोगरा' बटालियन ने सन् 1971 की जंग में बांग्लादेश के महाज पर चौड़ाग्राम व काठियाचोर तथा चटगांव क्षेत्रों की लड़ाई में पाक सेना को धूल चटाकर घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था**

'ईस्ट पाकिस्तान की हरियाली को लाल रंग से रंग दिया जाएगा'। ये अल्फाज सन् 1971 में पाक सेना द्वारा बांग्ला लोगों के सामूहिक कत्लेआम को अंजाम देने वाले सैन्य आपरेशन 'सर्च लाइट' का 'कोडवर्ड' थे। इन अल्फाज का जिक्र सर्च लाइट मंसूबे के मास्टरमाईंड व पाक सेना के मेजर 'राव फरमान अली' की डायरी में मौजूद था। सन् 1971 की जंग में पाकिस्तान को तकसीम करके भारतीय सेना ने 93 हजार पाक सैनिकों सहित राव फरमान अली को भी युद्धबंदी बनाकर हिरासत में ले लिया था। जिस रफ्तार से भारत आलमी सतह पर आर्थिक महाशक्ति तथा सैन्य कुव्वत के तौर पर उभर रहा है। कई मुल्क भारत विरोधी हिकारत का शिकार हो रहे हैं। हिंदोस्तान के फजल से वजूद में आया बांग्लादेश भी भारत विरोधी देशों की फेहरिस्त में शामिल हो गया है। हाल ही में मालदीव की तर्ज पर बांग्लादेश नेशलिस्ट पार्टी के रहनुमाओं ने इंडिया आउट का नारा देकर भारतीय उत्पादों के बहिष्कार की आवाज बुलंद की है। हालांकि बांग्लादेश की वजीरे आजम मोहतरमा शेख हसीना ने 26 मार्च 2024 को अपने मुल्क के यौम ए तासीस के मौके पर हिंदोस्तान की मुखालफत करने वाले लोगों को तल्ख तेवर जरूर दिखाए थे मगर भारत के रहमो करम पर पलने वाले मुल्क बांग्लादेश में भारत विरोधी आवाज चिंताजनक है। दिसंबर 1971 से पहले बाग्लादेश पूर्वी पाक के रूप में पाकिस्तान का हिस्सा था। पाकिस्तान के फौजी हुक्मरानों के जुल्मों सितम से परेशान हो चुकी बांग्ला आवाम अपने लिए एक आजाद मुल्क के तौर पर जीना चाहती थी। मगर पाक तानाशाह याहिया खान के आदेश पर पूर्वी पाक के सैन्य कमांडर 'टिक्का खान' ने बांग्ला आवाम की आजादी की आवाज को खामोश करने के लिए 25 मार्च 1971 को आपरेशन सर्च लाइट के तहत बांग्ला लोगों का नरसंहार करके बर्बरता की सारी हदें पार कर दी थीं। पाक सेना ने आधी रात को ढाका विश्वविद्यालय पर हमला करके सैकड़ों छात्रों व प्रोफेसरों का कत्ल कर दिया था। आपरेशन सर्च लाइट में पाक सेना द्वारा कत्लोगारत की हकीकत को ब्रिटेन के अखबार 'संडे टाइम्स' में पत्रकार 'एंथनी मैस्करनेहास' ने अपने आर्टिकल के जरिए जब आलमी सतह पर पेश किया तो हलाकत के उस खौफनाक मंजर से आहत होकर अमरीका की टाइम मैगजीन ने टिक्का खान को 'बूचर ऑफ बांग्लादेश' कहा था। सन् 1971 की जंग की वजह तथा पाकिस्तान का दो टुकड़ों में तब्दील होने का कारण टिक्का खान का जहालत भरा आपरेशन सर्च लाइट ही बना था। मगर पाकिस्तान के हुक्मरानों ने बांग्लादेश को रक्तरंजित करने वाले कुख्यात टिक्का खान को मार्च 1972 में पाक सेना का चार सितारा जरनैल बनाया था। मानवता को शर्मशार करने वाले आपरेशन सर्च लाइट की बर्बरता से बांग्ला लोगों को बचाने के लिए भारतीय सेना सरहदों की बंदिशों को तोड़कर पूर्वी पाकिस्तान में दाखिल हुई। वीरभूमि हिमाचल के रणवांकुरों से सुसज्जित 'तीन डोगरा' बटालियन ने सन् 1971 की जंग में बांग्लादेश के महाज पर चौड़ाग्राम व काठियाचोर तथा चटगांव क्षेत्रों की लड़ाई में पाक सेना को धूल चटाकर घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। डोगरा सैनिकों के जोरदार हमले व संगीनों से पाक फौज की हलाकत से बेबस होकर पाक सेना के ब्रिगेडियर 'एएमके मलिक' ने अपने ब्रिगेड के साथ तीन डोगरा बटालियन की एक कंपनी के सामने आत्मसर्मपण कर दिया था। युद्ध में पाक सेना के मंसूबों को ध्वस्त करके दास्तान ए शुजात का परिचय देने वाले तीन डोगरा के मेजर 'अनूप सिंह गहलोत' को 'महावीर चक्र' (मरणोपरांत) तथा हवलदार 'रमेश कुमार' व 'खुशाल चंद' दोनों को 'वीर चक्र' (मरणोपरांत) से अलंकृत किया गया था। पूर्वी पाक में जिल्लत भरी शिकस्त से बौखला कर जनरल 'नियाजी' के सलाहकार राव फरमान अली के इशारे पर पाक सेना ने 14 दिसंबर 1971 को बांग्ला लेखकों, डाक्टरों, रजाकारों, शिक्षकों, वकीलों तथा बुद्धिजीवी वर्ग के सैकड़ों लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। उस नरसंहार की याद में बांग्लादेश 14 दिसंबर को 'बुद्धिजीवी दिवस' के तौर पर मनाता है। ढाका में मौजूद 'शहीद बुद्धिजीवी स्मारक' पाक सेना द्वारा कत्लेआम की दास्तां को बयान करता है। पूर्वी पाक की आवाम ने अपने मुल्क की आजादी का एक मुद्दत से जो पुरनूर ख्वाब देखा था। उसे भारतीय सेना के 3845 जांबाजों ने अपना सर्वोच्च बलिदान देकर मुकम्मल किया था। युद्ध में बलिदान देने वाले 195 शूरवीरों का संबंध हिमाचल से था। भारतीय सेना ने पूर्वी पाक को आजाद कराकर नए मुल्क को बांग्ला जुबान के नाम पर बांग्लादेश बनाकर बांग्ला लोगों को ही सौंप दिया था। अत- बांग्लादेश को भारतीय सैनिकों की कुर्बानियां याद रखनी होंगी। अंग्रेजों द्वारा बंगाल के विभाजन से आहत होकर अपने सूबे में एकता का माहौल कायम रखने के लिए 'रविंद्रनाथ टैगोर' ने सन् 1906 में 'आमार सोनार बांग्ला' नामक गीत की रचना की थी। बांग्लादेश की हुकूमत ने आजादी के बाद सन् 1972 में उस नगमें को अपना कौमी तराना तसलीम कर लिया था। आज चीन के इशारे पर बांग्लादेश के सियासतदान भारत का विरोध कर रहे हैं। लेकिन जब बांग्लादेश ने सन् 1972 में 'संयुक्त राष्ट्र संघ' में सदस्यता के लिए आवेदन किया था तो चीन ने उस आवेदन पर 'वीटो' करके विरोध जता दिया था। पूर्वी पाक में सर्च लाइट मंसूबे के तहत ज्यों ही बांग्ला लोगों का कत्लेआम शुरू हुआ। भारतीय सेना ने सपुर्द ढाका की तहकीकात शुरू कर दी थी। मगर पाकिस्तान की तारीख को शर्मशार करने वाला दिन 16 दिसंबर 1971 मुकर्रर हुआ था। अलबत्ता भारतीय सेना पूर्वी पाक में दखलंदाजी न करती तो पाकिस्तान के सिपाहसालार टिक्का खान तथा राव फरमान अली का बांग्लादेश की हरियाली को लाल करने का मंसूबा 'सर्च लाईट' मुकम्मल हो जाता। यदि वर्तमान में बांग्लादेश महफूज है, वहां जम्हूरियत कायम है। बांग्लादेशी लोग अपने मुल्क का यौम ए तासीस पूरे जश्न से मनाते हैं, तो इस आजादी के लिए बांग्लादेश की आवाम को भारतीय सेना का मरहून ए मिन्नत रहना होगा।

# आज का राशिफल

**मेष:-** आज का दिन शुभ और फलदायी होगा। महत्त्वपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। यात्रा के योग हैं। लेखनकार्य के लिए अच्छा दिन है। महिला के साथ विवाद में न उतरें।

**वृषभ:-** मन को स्थिर रखने की सलाह गणेशजी देते हैं, क्योंकि अर्निणय की मनोदशा से अवसर गवां सकते हैं। प्रवास का आयोजन टाल दें। नए कार्य प्रारंभ न करें।

**मिथुन:-** लक्ष्मीजी की कृपा से दिन लाभदायी होगा। उत्तम भोजन, सुंदर वस्त्र व अपनों के साथ से दिन आनंददायी होगा। धन अधिक व्यय न करें।

**कर्क:-** कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय न लें। संबंधियों से मनमुटाव हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानहानि एवं धनहानि से बचें।

**सिंह:-** आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ और पर्यटन की संभावना है। हाथ आया अवसर जा सकता है, इसलिए निर्णय टाल दें। व्यापार एवं आर्थिक लाभ के योग हैं।

**कन्या:-** आज दिन शुभ है। नए कार्य संपन्न होंगे। व्यापारी व नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में लाभ व नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होगा।

**तुला:-** व्यावसाय में लाभ की संभावना है ऐसा गणेशजी कहते हैं। नौकरी व व्यापार में सहकर्मियों से सहयोग नहीं मिलेगा। लंबी यात्रा का आयोजन हो सकता है। अस्वस्थ रहेंगे।

**वृश्चिक:-** आज शांति व सावधानीपूर्वक रूप से रहने की गणेशजी की सलाह है। नए कार्यों में असफलता के योग हैं। क्रोध पर संयम रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें।

**धनु:-** आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सहवास का आनंद मिलेगा। प्रवास, पर्यटन होगा। लेखनकार्य के दिन अनुकूल है। साझेदारी से लाभ होगा।

**मकर:-** व्यापार में विकास के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। धन के लेनदेन में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

**कुंभ:-** आप की वाणी व विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा में शामिल होंगे। आकस्मिक खर्च की आशंका है। पाचन न होने जैसी बीमारियों से परेशान होंगे।

**मीन:-** गणेशजी कहते हैं कि आप में उत्साह व स्फूर्ति की कमी होगी। परिजनों के साथ विवाद न करें। अस्वस्थ महसूस करेंगे। नौकरी में चिंता रहेगी। धन व कीर्ति की हानि न हो ध्यान रखें।

## आरोप,कई बार प्रार्थना पत्र देने के बावजूद भी नहीं हुई कार्यवाही

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**



सीतापुर - जिले के थाना रामकोट के ग्राम चिन्हारा निवासी लवकुश त्रिपाठी पुत्र अनिल कुमार त्रिपाठी ने आरोप लगाया है की कई बार स्थानीय स्तर पर प्रार्थना पत्र देने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं की गई। लव कुश त्रिपाठी पुत्र अनिल कुमार त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि स्थानीय स्तर पर कई बार प्रार्थना पत्र देने के बावजूद कोई कार्यवाही न होने के चलते बाध्य होकर जिला अधिकारी को एक शिकायती पत्र देना पड़ रहा है। लवकुश त्रिपाठी का आरोप है कि गांव में उनका पैतृक निर्माणाधीन मंदिर स्थित है। जिस पर गांव के रायदेंद्र दीक्षित,संतोष,सरला व पूर्व प्रधान जगदीश दबंगई के बल पर जबरिया कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। पीड़ित ने बताया कि उनके द्वारा आरोपियों के विरुद्ध कई शिकायती पत्र दिए जा चुके हैं। परंतु कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। बाध्य होकर पीड़ित लवकुश त्रिपाठी ने मामले के सम्बन्ध में जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर मामले में जांच करा कर मामले में दोषी पाए जाने की दशा में सम्बन्धितों के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही कराई जाने की मांग की है।

## ज़ोन प्रेसीडेंट बनाए जाने पर दवा विक्रेताओं में खुशी की लहर

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**



सीतापुर - आर्गनाइज़ेशन आफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट उत्तर प्रदेश ओ सी डी यूपी ( ह्रव्थ्रक) की एक बैठक नेपाल स्थित लुम्बिनी में सम्पन्न हुई। बैठक में उत्तर प्रदेश के करीब सरसठ जिलों के पदाधिकारियों ने भाग लिया जिसमें सीतापुर से अध्यक्ष गोपाल जी टंडन महामंत्री,बसंत गोयल वीरेंद्र रस्तोगी एवं प्रदीप धवन ने भाग लिया। बैठक में पदाधिकारियों ने दवा व्यापारियों के साथ आ रही अपनी अपनी समस्याओं को लेकर अवगत कराया और अन्य विषयों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। चर्चा के दौरान दवा कंपनियों द्वारा मनमाने रवैयों पर अंकुश लगाने हेतु विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में नए पदाधिकारियों का भी मनोनयन किया गया जिसमें सीतापुर के अध्यक्ष गोपाल जी टंडन को बड़ी ज़िम्मेदारी देते हुए ज़ोनल प्रेसिडेंट नियुक्त किया गया जिसके अन्तर्गत करीब बारह जिलों का प्रभार सौंपा गया। गोपाल जी टंडन की नियुक्ति सीतापुर के दवा व्यापारियों के लिए यह गर्व का विषय है सभी दवा व्यापारियों ने सीतापुर लौटने पर रेलवे स्टेशन पर सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर ज़ोर-शोर से स्वागत किया। ऑनलाइन व्यापार को लेकर भी चर्चा हुई जिसमें स्वास्थ्य मंत्री भारत सरकार से पदाधिकारियों ने मुलाकात कर ऑनलाइन व्यापार को समाप्त करने हेतु पूर्व में अपना पक्ष रखा था जिसमे स्वास्थ्य मंत्री भारत सरकार ने आश्वासन दिया गया है कि ऑनलाइन दवा व्यापार को समाप्त करने हेतु कड़ा कदम उठाया जाएगा।

## शॉर्ट-सर्किट से लगी आग,कई मवेशियों की जलकर मौत, आग बुझाते समय दो लोग झुलसे

**बांदा।** जनपद में मवेशी बाड़े में शॉर्ट-सर्किट से आग लगने की वजह से दो लोग झुलस गए। वहीं, कई मवेशियों की जलकर मौत हो गई। ग्रामीणों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया। झुलसे दोनों लोगों को बबेरू सीएचसी पहुंचाया गया, जहां पर उनका प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है, जहां पर उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पूरा मामला बांदा जनपद के बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत परास गांव का है। यहां के रहने वाले नरोत्तम के घर से लगभग 50 मीटर दूर मवेशी बाड़ा में आग लग गई। आग को देख नरोत्तम और उसका साथी लवकुश आग बुझाने के लिए दौड़े। आग बुझाते समय दोनों लोग झुलस गए। वहीं, मवेशी बाड़े में बंधी भैंस, एक पड़िया, चार बकरियों की झुलसकर मौत हो गई। ग्रामीणों की मदद से किसी तरह से आग पर काबू पाया गया। मवेशीबाड़े में रखा अन्य सामान भी जल गया। झुलसे दोनों लोगों को ग्रामीणों ने बबेरू सीएचसी पहुंचाया, जहां पर प्राथमिक उपचार करने के बाद वहां से नरोत्तम व लवकुश को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। यहां जिला अस्पताल में उनका इलाज किया जा रहा है। डॉक्टर ने दोनों की हालत गंभीर बताई है।

## समाज कल्याण विभाग को 11 हजार पेंशन धारक बुजुर्ग ढूंढे नहीं मिल रहे

**बांदा।** समाज कल्याण विभाग को 11 हजार पेंशन धारक बुजुर्ग ढूंढे नहीं मिल रहे। लाभार्थी, मोबाइल नंबर और बैंक से सीडिंग न होने से उनकी पेंशन भी नहीं आ रही है। लाभार्थी मृत हैं या जीवित, इसका पता न चलने से विभाग परेशान है। शासन के आदेश पर पेंशनरों का एसडीएम और नगर पालिका ईओ के माध्यम से सत्यापन कराया जा रहा है। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पेंशन पाने वाले लाभार्थियों की संख्या 60,453 है। शासन ने अब पेंशन धारकों को आधार, मोबाइल नंबर, बैंक से सीडिंग को अनिवार्य कर दिया है, लेकिन अभी तक 49,329 लाभार्थियों ने ही यह विभागीय प्रक्रिया पूरी की है। इन्हें मार्च तक की पेंशन मिल चुकी है। वहीं, 11 हजार से अधिक पेंशनधारकों ने अभी तक आधार से मोबाइल नंबर व बैंक से आधार सीडिंग नहीं कराई, जिससे इनकी पेंशन शासन से रुकी हुई है। विभाग इसके लिए कई बार ग्राम पंचायत स्तर पर कैंप लगाए। लेकिन इनका कोई अता-पता नहीं चला। शासन के आदेश पर जिलाधिकारी ने एप जिलाधिकारी व खंड विकास अधिकारियों को बुर्जुर्ग पेंशनधारकों के सत्यापन के निर्देश दिए हैं। ताकि पेंशनरों की सही जानकारी सामने आ सके।

## 8 साल की बच्ची से रेप की कोशिश,पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**उरई/जालौन।** जालौन में सोमवार को घर में खेलते समय एक 8 साल की मासूम बच्ची के साथ एक व्यक्ति ने रेप करने की कोशिश की थी। इस आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जिसके खिलाफमासूम बच्ची के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करते हुए जेल भेज दिया। मामला उरई कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले का है। यहां सोमवार को भूसा डालने आए एक मजदूर ने घर में खेल रही 8 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ रेप करने की कोशिश की थी। बच्ची के शोर मचाने पर आरोपी मौके से भाग गया था, जिसके बाद मासूम के पिता ने पुलिस को तहरीर दी थी। मामले में पुलिस ने संज्ञान लेते हुए आरोपी राजा करन निवासी बम्हौरी कला के खिलाफनामजद मुकदमा पंजीकृत करते हुए उसकी गिरफ्तारी की कोशिश शुरू कर दी थी, जिसके बाद उरई पुलिस ने दबिश देते हुए आरोपी राजा करन को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में उरई सर्कल के डिप्टी एसपी गिरजा शंकर त्रिपाठी ने बताया कि एक मासूम बच्ची के साथ दुर्व्यवहार किया गया था, जिस पर पिता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया, आरोपी को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है।

# गठबंधन की सरकार बनने पुरानी पेंशन की होगी बहाली - आनंद भदौरिया

**● महोली क्षेत्र के विभिन्न गांवों सपा प्रत्याशी ने किया जन संपर्क**



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**

सीतापुर - समूचे धौरहरा क्षेत्र में जन समस्याओं का अम्बार लगा है। बेरोजगारी से युवा परेशान है। किसान सिंचाई के अभाव में मुश्किलों के दौर से गुजर रहा है। यहां पर जन सुविधाओं का पूरी तरह से अभाव है। उच्च शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, यातायात के समुचित साधन जैसी मूलभूत सुविधाएं इस इलाके के बाशिंदों के लिए आज भी दूर की कौड़ी बनी हुई हैं। यह बात धौरहरा संसदीय सीट से सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क के दौरान कही। भ्रमण के दौरान समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी ने कहा गठबंधन की सरकार बनने पर पुरानी पेंशन बहाल की जाएगी। विधान सभा क्षेत्र के इमलिया सुल्तानपुर कस्बा सहित सोइई,रोजहा केशवपुर,उमरसा,बीबीपुर,नरवाहनपुर बरातपुर,लक्षिमनपुर आदि गांवों में जन संपर्क के दौरान सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने कहा कि इस बार जब केंद्र में गठबंधन की सरकार बनेगी निजी क्षेत्रों की नौकरियों में भी सभी वर्गों की भागीदारी दी जाएगी। इसके साथ ही सभी सरकारी विभागों में पुरानी पेंशन की बहाली होगी। उन्होंने साफ किया कि अग्निवीर नीति केंद्र सरकार की एक सोची- समझी रणनीति है। इसे समाप्त किया जाएगा। और देश की सुरक्षा के लिए सेना में पहले की तरह नियमित भर्तियां की जाएंगी ।उन्होंने कहा कि गठबंधन की सरकार आएगी तो एम एस पी कानून होने के साथ किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला को हर साल एक लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही राशन में आटा के साथ डाटा भी मुफ्त दिया जाएगा। मनरेगा मजदूरों का मानदेय बढ़ाकर चार सौ पचास रुपए किया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न सरकारी विभागों में रिक्त पड़े तीस लाख सरकारी पदों पर नौकरियां निकाल कर भर्ती की जाएगी और सभी सरकारी नौकरियों में पचास प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए जाएंगे। जिनके कच्चे मकान या फिर झोपड़ी हैं, उन्हें पक्के मकान दिए जाएंगे। किसान अपनी उपज को आसानी से और उचित मूल्य पर बेच सकें, इसको लेकर हर दस किमी पर कृषि मंडी बनाई जाएगी। इसके साथ ही किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए किसान आयोग का गठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सपा के घोषणा पत्र में स्पष्ट है कि मनरेगा मजदूरों के जीवन स्तर को उठाने के लिए मनरेगा मजदूरी बढ़ाकर चार सौ पचास रुपए की जाएगी। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं और सरकारी नौकरी के पेपर जिस तरह से लीक हो रहे हैं, उससे युवाओं का भविष्य दांव पर लगा है। लेकिन केन्द्र में जब सपा होगी तो पेपर लीक जैसे भ्रष्टाचार को समाप्त करने के साथ ही लैपटॉप वितरण में व्याप्त भ्रष्टाचार को भी खत्म किया जाएगा। बेटियां शिक्षा से वंचित न रहने पाएं इसके लिए बालिकाओं को परास्नातक तक मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। उन्होंने मतदाताओं को इस बात का भी भरोसा दिलाया कि इस बार जब केंद्र में गठबंधन की सरकार बनेगी तो धौरहरा क्षेत्र विकास के मानचित्र पर एक अलग पहचान बनाएगा। जनसभाओं को सफल बनाने में सपा के महोली विधान सभा क्षेत्र के अध्यक्ष रमेश शुक्ला,प्रदीप तिवारी,मनोज यादव,छोटे सिंह, सुनील भार्गव, महेश अर्कवंशी, सोनू सिंह, सतीश त्रिवेदी, लखन सिंह, पारुर सिंह आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## सैकड़ों समर्थकों के साथ घर घर जाकर भाजपा प्रत्याशी रेखा अरुण वर्मा के लिए मण्डल अध्यक्ष ने मांगी वोट

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**



सीतापुर - आसन्न लोकसभा चुनाव को देखते हुए मंगलवार को लोकसभा धौरहरा संसदीय सीट पर हरगांव विधान सभा के झरेखापुर मण्डल में मण्डल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह के नेतृत्व में मण्डल कार्यकर्ता व क्षेत्रीय प्रधानों के साथ गांव गांव घर घर जाकर भारतीय जनता पार्टी से सांसद पद की प्रत्याशी रेखा अरुण वर्मा के लिये जनता से वोट देने की अपील की। मण्डल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह ने धरनाग नरसोही, गुराईपुर,मिर्जापुर, पिपरी, सिकटिहा ,अर्जुनपुर गौरा, आवासी पुरवा, खजुरिया आवासी आदि गावों में जाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ के बारे मे ग्रामीणों को विस्तार से बताया और कहा कि आपका एक एक वोट मोदी को मजबूत करेगा।जिससे देश सशक्त और विकास की ओर अग्रसर होगा। इस मौके पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह,रामसेवक सिंह,उलजापुर प्रधान कपिल सिंह,प्रधान विक्रम सिंह, भाजपा नेता अनुज शुक्ला,संतोष सिंह मंगल सिंह, प्रधान संदीप कुमार,अमित राजपूत,पंकज पाण्डेय,प्रधान सोनारी कमोद कुमार भार्गव,प्रधान रामसकल, प्रधान कसरैला गयाप्रसाद,प्रधान मूसे -पुर प्रेम लोधी,प्रधान अमित कुमार अर्पित सिंह, गुरुमीत सिंह सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## रोडवेज व डीसीएम की टक्कर में चालक समेत दो घायल

**बांदा।** सदर कोतवाली क्षेत्र में हाईवे पर स्थित गांव चिरूहूली के सामने एक तेज रफ्तार रोडवेज व डीसीएम में टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डीसीएम का चालक उसी में फंस गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने डीसीएम की बॉडी काटकर चालक को बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं दुर्घटना में रोडवेज सवार एक शिक्षक भी घायल हो गया। इटावा की ओर से तेज रफ्तार से कानपुर जा रही एक रोडवेज बस के चालक ने चिरूहूली गांव के पास अचानक से ब्रेक ले लिए। इसी बीच पीछे से तेज गति से रुई लादकर पानीपत से कानपुर जा रही डीसीएम बस में पीछे से घुस गई। इससे डीसीएम की बॉडी क्षतिग्रस्त हो गई। इसमें डीसीएम चालक कुलदीप निवासी एटा फंस गया। विज्ञापन सूचना पर पहुंची पुलिस ने डीसीएम की बॉडी को कटर से काटकर चालक कुलदीप को बाहर निकाला। जबकि घटना में रोडवेज बस में सवार शिक्षक अमर सिंह निवासी बाबरपुर जो किसी काम से लखनऊ जा रहे थे वह भी घायल हो गए।

# फेम ने व्यापारियों से की मतदान की अपील

**▢ व्यापारी बनाएं इतिहास करें 100% मतदान - सोबती**



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता आगरा**

आगरा - फेडरेशन आफ आल इंडिया व्यापार मंडल आगरा ने लोकतंत्र के महापर्व आगामी 7 मई मंगलवार को होने वाले आगरा लोकसभा के चुनाव में वोट करने की अपील राजामंडी बाजार में पहुंच कर वहां के व्यापारियों से की। फेम के सभी सदस्य राजामंडी चौराहे पर एकत्र हुए वहां से प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सोबती के नेतृत्व में हाथ में बेनर पोस्टर लेकर राजामंडी बजार के सभी व्यापारियों से वोट के अधिकार को अवश्य प्रयोग की अपील की। सभी व्यापारियों को एक पेम्पलेट देकर वोट के महत्व को समझाया। अंत में व्यापारियों के समूह को संबोधित करते हुए फेम के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सोबती ने बताया कि फेम व्यापारियों का राष्टीय संगठन है इस नाते अपने दायित्व का निर्वहन करने फेम,आगरा जिला यहां व्यापारियों के बीच आया है और अपील की कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के महापर्व %चुनाव% में व्यापारियों को आगरा में 100ल मतदान कर इतिहास बनाना चाहिए। फेम के जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी राजेश खुराना ने कहा कि 7 मई को सभी अपने वोट की आहुति इस महायज्ञ में अवश्य दें क्योंकि वोट हमारा अधिकार है, जो देश का भविष्य तय करता है। जिला महामंत्री ब्रजेश पंडित ने कहा फ्पहले मेरा वोट डलेगा-चूल्हा उसके बाद जलेगाफ्र इसी के लिए सभी से अपील की कि न केवल अपना वोट डालना है, वरन अपने साथियों,पड़ोसियों को भी वोट डालने के लिए प्रेरित करना है। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी राजेश खुराना, ब्रजेश पंडित, राजेन्द्र सिंह %कुक्कूफ्र, लिली गोयल, शिवम गर्ग, जितेश कुमार, प्रेम शर्मा, अमन अग्रवाल, अजय केम, बिंदर सिंह, पदम भाई, सौरभ कुमार, विक्रम सिंह, बॉबी बजाज, अशोक भाई, नरेंद्र कुमार, सुमित कुमार, गौरव सिंह, सूरज अरोड़ा, सुमित चावला आदि उपस्तिथ रहे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री ने किया एवं सभी को धन्यबाद ज्ञापित किया।

## वार्ड न. 12 की गृहस्थी को पर्याप्त सरकारी रासन ना मिलने का आरोप रविंद्र आर्य

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता गाजियाबाद**




गाजियाबाद - सामाजिक कार्यकर्ता एवं लेखक रविंद्र आर्य ने जनता को परेशान देख अपनी आवाज़ बुलंद किया उन्होंने बताया की सरकारी रासन देने के नाम पर भू-देवी पुत्र राहुल जनता से छल कपट करता आया है, जिसमे 2013 के अंतर्गत संचालित उचित दर की दुकान मैसर्स भू-देवी का पुत्र राहुल दबाब डालकर गृहस्थी से अंगूठा लगवाया जाता रहा है। ओर गुमराह कर रासन संचालक भू-देवी पुत्र राहुल यह कार्य रहा है। जिसमे अशिक्षित लोग एवं गृहस्थी राहुल के बहकावे में आती रही है, वार्ड न 12 के महिलाओं का आरोप है की हमको इसकी शिकायत की प्रतिक्रिया नहीं मालूम है, जिस कारण इसका हौसला बढ़ता गया, आलम यह है की कुछ महिलाओं को भू-देवी पुत्र राहुल इस तरह गुमराह करता आया है, जल्दी अंगूठा लगा दो, वरना फ्री का रासन से आपका नाम कट जाएगा, ऐसे आरोपों की झड़ी लगाते हुए विडिओ मे साफ देखा जा सकता है की रात्रि मे कुछ महिलाओ का एक समहू वार्ड न. 12 के पार्षद प्रत्याशी अजित गौतम के निवास कालका गढ़ी आ पहुँचा, जहाँ आनन फ़ानन मे राहुल भी वहां आ पहुंचा, तभी हाथ पैर फूले सरकारी रासन संचालक भू-देवी पुत्र राहुल ने अजित गौतम के कहने पर महिलाओं से माफ़ी मांगी। जिन आरोपों मे एक आरोप रासन को ब्लैक करने के महिलाओं के आरोपों को नज़र अंदाज़ नहीं किया जा सकता है। खाद्य एवं रसद विभाग उत्तर प्रदेश के रास्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत पात्र गृहस्थी हेतु निग्रत रासन कार्ड के अंतर्गत आता है। बताते चले की राशन ना देने वाले व्यक्ति का लाइसेंस रद कराना सरकारी प्रक्रिया का ही हिस्सा होता है, जो व्यक्ति के अनैतिक कार्यों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई को संदेश देता है। इससे जनता को संबोधित किया जाता है कि सरकार संचालक के खिलाफ सख्त है और न्याय की प्राथमिकता है। ओर सरकारी राशन को ब्लैक करना भी अबैध कार्य है, क्योंकि यह उपाधियों और कानूनों का उल्लंघन होता है। यह गरीबों और आवश्यकता में होने वालों को उनके अधिकार से वंचित करता है और सामाजिक न्याय को उलटा देता है।

# भाजपा प्रत्याशी विजय दुबे ने किया नामांकन, कैबिनेट मंत्री व विधायकगण सहित पार्टी के पदाधिकारी रहे मौजूद



**कुशीनगर।** कुशीनगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार दूबे ने मंगलवार को नामांकन दाखिल कर दिया। उनके साथ निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद, राज्य सभा सांसद आरपीएन सिंह, जिला प्रभारी शकुंतला चौहान, पूर्व सांसद राजेश पाण्डेय,जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय विधायक पीएन पाठक, विवेकानंद पाण्डेय, मोहन वर्मा, मनीष जायसवाल, विनय प्रकाश गोंड, सुरेन्द्र सिंह कुशवाहा, डॉ असीम राय , दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री राजेश्वर सिंह, अतुल सिंह सहित सैंकड़ों पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। नामांकन के बाद पत्रकारों से बातचीत में भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार दूबे ने कहा कि कुशीनगर में इस बार आठ लाख पार के साथ नया इतिहास बनेगा। कुशीनगर लोकसभा की जनता नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए तैयार है। इसके पूर्व भाजपा प्रत्याशी का नामांकन जुलूस अपराह्न 12:30 बजे उदित नारायण डिग्री कालेज मैदान से निकला जो 1:30 बजे रविन्द्र नगर स्थित केन्द्रीय चुनाव कार्यालय पहुंचा। जहां से अपने समर्थक और प्रस्तावक के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में नामांकन कक्ष पहुंचे और अपराह्न 2:20 बजे अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के बाद भाजपा कार्यालय में स्वागत सभा आयोजित किया गया जिसे सम्बोधित करते हुए सांसद विजय कुमार दूबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भाजपा सरकार में कुशीनगर में चौमुखी विकास नये प्रतिमान स्थापित किया गया है। विगत पांच वर्षों में कुशीनगर में कृषि विश्वविद्यालय, अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, चार फ्लाईओवर, चमचमाती सड़कों का जाल कुशीनगर में रोजगार और विकास की नई गाथा लिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना प्राथमिकता में है। भाजपा प्रदेश मंत्री और विधायक मनीष जिला प्रभारी शकुंतला चौहान ने कहा कि पिछली सरकारों में किसान,मजदूर और व्यापारी सभी परेशान थे। 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत का भाग्योदय हो रहा है। पहले देश में श्रीनगर से अयोध्या में बम फटते थे। ताज होटल से लेकर ट्रेनों तक में धमाके होते थे। यूपी में सपा को निपटाओ तो बसपा, बसपा को निपटाओ तो सपा आ जाती थी मगर मोदी सरकार में बम फोड़ने वाले को घर में घुसकर मारा जाता है। कहा कि इंडी गठबंधन अपना परिवार बचाने में लगा है। जबकि देश की जनता नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना चुकी है। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कुशीनगर में रिकॉर्ड मतों से कमल खिलाकर नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए युद्धस्तर पर जनसंपर्क करने का आह्वान किया। संचालन अनूप मिश्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी डॉ बच्चा पाण्डेय नवीन, किसान मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राधेश्याम पाण्डेय हरिशंकर राय,लोकसभा प्रभारी नरेन्द्र मणि त्रिपाठी, लोकसभा संयोजक अवधेश प्रताप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ प्रेमचंद मिश्र, जगदम्बा सिंह , पडरौना नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल, दुर्गेश्वर वर्मा, दिनेश गुप्ता, रविन्द्र प्रसाद, कन्हैया गोंड, चन्द्र प्रभा पाण्डेय, जितेन्द्र सिंह सैंथवार,सतीश चौधरी,जिला मंत्री विवेकानंद शुक्ल, रामगोपाल गुप्ता, दारा सिंह,दीपक पाण्डेय, ऋषिकेश सिंह, सत्यम शुक्ल सहित सभी ब्लाक प्रमुख, नगर पंचायत अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष और पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद थे।

## ई.वी.एम. कंट्रोल रूम स्थापित कर प्रभारी अधिकारी व सहायक प्रभारी की ड्यूटी लगाते हुए शिफ्ट वार कर्मचारियों को दी गई तैनाती

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**

सीतापुर - अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र दिनांक 29 मार्च 2024 द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के संदर्भ में जनपद स्तर पर ई.वी. एम. एवं वी.वी. पैट मशीनों के मूवमेंट की ट्रैकिंग हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी स्तर पर ई.वी.एम. कन्ट्रोल रूम स्थापित कर प्रभारी अधिकारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारी नामित करने तथा जनपद स्तर पर ई.वी. एम. एवं वी.वी. पैट का परिवहन करने वाले वाहनों में जी.पी.एफ./मोबाइल बेस्ड ट्रैकिंग का प्राविधान कराते हुए उक्त की मॉनीटरिंग से संबंधित लिंक/वेबपेज सभी सुसंगत केडेनशियल आयोग को उपलब्ध कराने के निर्देश प्राप्त हुए है। निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जन सुविधा केन्द्र,कलेक्ट्रेट सीतापुर को ई.वी.एम. कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष नं.-05862-298597 है जोकि चतुर्थ चरण के चुनाव हेतु दिनॉक 12मई2024 से 14 मई2024 तक एवं पंचम चरण के चुनाव हेतु दिनॉक 19 मई2024 से 21 मई 2024 तक लगातार चौबिस घण्टे कार्य करेगा। ई.वी.एम. कन्ट्रोल रूम में अधिकारियों/कर्मचारियों को ई.वी.एम. कंट्रोल रूम का प्रभारी अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी शिफ्टवार नामित करने के साथ-साथ उनके सहयोग हेतु जन सुविधा केन्द्र, कलेक्ट्रेट, सीतापुर के कम्प्यूटर ऑपरेटर लगाये जाने के आदेश एद्द्वारा पारित किये गये हैं, त्रिपुरारी प्रसाद पाण्डेय, चकबन्दी अधिकारी हैं, जिनका मो.नं.- 800 5324311 है को प्रभारी अधिकारी एवं पवन सिंह सहायक अभियंता विद्युत वितरण मंडल सीतापुर जिनका मोबाइल नंबर 9453 00 7426 है को सहायक प्रभारी अधिकारी तैनात किया गया है।इनकी ड्यूटी प्रातः छः बजे से अपरान्ह दो बजे तक हैं। इनके सहयोग हेतु जन सुविधा केन्द्र, कलेक्ट्रेट सीतापुर के कम्प्यूटर आपरेटर शुभम शर्मा, जिनका मो.नं.-8935043263 है। अजय प्रकाश वर्मा, सहायक अध्यापक कंपोजिट विद्यालय, रघुनाथपुर,वि.ख.मछरेहटा हैं, जिनका मो.नं.-8957686209 है को लगाया गया है इनकी ड्यूटी अपरान्ह दो बजे से रात्रि दस बजे तक है। इनके सहयोग हेतु जन सुविधा केन्द्र, कलेक्ट्रेट सीतापुर के कम्प्यूटर आपरेटर आलोक यादव, जिनका मो.नं.-63077245 99 है।अंकुर शुक्ला,सहायकअध्यापक कंपोजिट विद्यालय,लखुवा बेहड़, वि.ख. सकरन हैं,जिनका मो.नं.-9807 884255 है,इनकी ड्यूटी रात्रि दस बजे से प्रातः छः बजे तक है।इनके सहयोग हेतु जन सुविधा केन्द्र, कलेक्ट्रेट सीतापुर के कम्प्यूटर आपरेटर नवीन शर्मा, जिनका मो.नं.-6393139259 है को लगाया गया है।

## ई रिक्शा व मोटर साइकिल में हुई टक्कर ई रिक्शा चालक मोटर-साइकिल सवार दोनों हुए एक घायल मोटरसाइकिल सवार की हालत गंभीर



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**

सीतापुर - जिले के हरगांव थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कस्बा हरगांव के लहरपुर हरगांव राजमार्ग पर ग्राम माहिमपुर के पास आज मंगलवार को एक मोटर साइकिल सवार एक कर्मचारी के घर जाते समय ई-रिक्शा से जोरदार टक्कर हो गई है इस टक्कर में दोनों घायल हो गए दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हर गांव में पहुंचाया गया जहां पर मोटा साइकिल सवार की हालत गंभीर होने पर उसे ओयल ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के हरगांव थाना क्षेत्र अन्तर्गत लहरपुर हरगांव राजमार्ग पर ग्राम माहिमपुर के पास मंगलवार को लगभग चार बजे दिन में हरगांव विकास खंड का सफाई कर्मी सरबजीत पुत्र मातादीन निवासी सलारपुर अपनी ड्यूटी कर वापस अपने घर जा रहा था।तभी लहरपुर हरगांव राजमार्ग पर ग्राम माहिमपुर के पास उसकी मोटरसाइकिल यूपी 34 बीके 4328 को तेज रफ्तार अनियंत्रित ई रिक्शा ने जोरदार टक्कर मार दी।जिससे सफाईकर्मी सरबजीत गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को 108एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरगांव में भर्ती कराया गया। सूचना देने पर भी डायल 112 पुलिस टीम नहीं पहुंची जिस कारण लोगों में नाराजगी भी देखने को मिली।डाक्टरों ने घायल की गंभीरता को देखते हुए ट्रामा सेंटर ओयल खीरी रिफर कर दिया। बताते हैं कि ई रिक्शा चालक भी घायल हो गया वह भी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरगांव में भर्ती है। जहां पर उसका इलाज चल रहा है।

# मुख्यमंत्री ने जिले में चुनावी जन सभाओं को किया सम्बोधित

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता राकेश पाण्डेय**




सीतापुर - आसन्न में लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को विजय श्री दिलाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले में आयोजित चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया मुख्यमंत्री ने जहां पहली विधानसभा जिले की तहसील मिश्रिख के मिश्रिख मुख्यालय के मेला मैदान पर की तो दूसरी जनसभा विधानसभा सेवता के अक्सोहा में की। मिश्रित मुख्यालय पर मेला मैदान में आयोजित चुनावी जनसभा में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अशोक कुमार रावत के समर्थन में विशाल चुनावी जन सभा को सम्बोधित किया। मुख्यमंत्री ने चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा,कि दुनिया आज सीतापुर की तरफ देख रही है। विपक्षियों के द्वारा सनातन को गाली देने का फैशन बन गया है। वह लोग आस्था के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। लेकिन सनातन विरोधी कहां ठहर पाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सभी लोग नैमिषारण्य के विकास के लिए वोट करें।यहां हवाई सेवा की शुरूआत होने जा रही है।उन्होंने कहा कि नैमिष के हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा।प्रभु श्रीराम पर विश्वास करने वाला ही काम करेगा।विपक्षियों पर हमलान बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह राम भक्तों पर गोली चलाने वाले लोग हैं। विकास उनके एजेंडे में नहीं है। हिंदुओं की आशा के साथ खिलवाड़ करना उनकी प्रवृत्ति में शामिल है। उन्होंने कहा कि अबकी बार चार सौ पार करें। हमने बदलते भारत को देखा है । दुनिया में भारत ने अपना सम्मान बढ़ाया है। आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 समाप्त कर ऐतिहासिक कार्य किया है। बदलते भारत में लगातार विकास हो रहा है। हमारे प्रधानमंत्री की सोच है की कोई भूखा ना रहे इसलिए आज प्रधान मंत्री गरीब अन्न योजना के तहत अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त में राशन मिल रहा है।सड़कों का चौड़ी करण हो रहा है।महिलाओं को उज्वला गैस सिलेंडर प्रदान किए गए हैं। डबल इंजन की सरकार लगातार विकास कर रही है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पहले की सरकारों में बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं थीं ।आज किसी भी असामाजिक तत्व की बहन बेटियों की तरफ गलत इरादे से आंख उठाने की हिम्मत नही पड़ती है। अपराध करने वाला चाहे कितना भी बड़ा शातिर क्यों ना हो आज के समय में अपराध करने के बाद वह दूसरा चौराहा नहीं निकल पा रहा है दूसरे चौराहे तक वह हर हाल में पुलिस की गिरफ्त में होगा।भारतीय जनता पार्टी की सरकार में योजनाओं का पैसा दिल्ली, लखनऊ से सीधे गरीब के खाते तक पहुंच रहा है । बारह करोड़ घरों में शौचालय निर्मित कराए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर जमकर हमला बोला।उन्होंने कहा कि जब वोट हाथ या साइकिल को जाता था,तो अयोध्या काशी के मंदिरों में हमला होता था । सपा सरकार के समय प्रदेश में हमले होते थे। अखिलेश यादव आए तो आतंकवादियों के मुकदमे वापस लिए गए । राम भक्तों पर झूठे मुकदमे लिखे गए।उनको जरा भी शर्म नहीं आई।प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन पर समाजवादी पार्टी ने कुछ नहीं कहा लेकिन माफिया मुख्तार अंसारी की मौत पर उसके घर तक गए। यह समाजवादी पार्टी वाले राम भक्तों पर गोली चलाते हैं।और यह लोग माफियाओं के समर्थक हैं। इन लोगों से बदला लेने का समय आ गया है । आप लोग भारतीय जनता पार्टी को भारी मतों से मतदान करके ही इन गुंडा माफियाओं से बदला ले सकते हैं। इसके अलावा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सेवता विधानसभा क्षेत्र के अक्सोहा में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो विकास कार्य हुए हैं वह आजादी के समय से आज तक नहीं हुए थे लेकिन कुछ मनुवादी ताकते हैं जो अपने मतलब से सत्ता के लालच में विरोध करके सत्ता को हथियाने का स्वांग रच रही हैं। ऐसे लोगों को जनता माफ नहीं करेगी और उन्हें मुंहतोड़ जवाब 13 में को जनता अवश्य देगी। मुख्यमंत्री ने कहा आज के पहले किसान भुखमरी के कगार पर था क्योंकि उसे उसकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिलता था। भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिल रहा है समय पर गन्ना किसानों को उनके गन्ना मूल्य का भुगतान चीनी मिलों के स्तर से किया जा रहा है किसान खुशहाल है। बुनकर महिलाओं के लोगों को सम्मान से जीने का दर्जा प्रदान किया गया है। उन्होंने विशेष जाति के लोगों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो लोग मन्दिर का विरोध करते हैं उन्हें कभी माफ नहीं किया जा सकता ऐसे लोगों को समय आने पर भारतीय जनता पार्टी करारा जवाब देगी। मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में जिले में की गई विकास योजनाओं तथा आने वाली योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि गांजर में बाढ़ से बचने के लिए बंधे का निर्माण व विकास योजनाओं को लागू करने के किये गये वायदे पर काम किया जाएगा। इस मौके पर सेवता विधायक ज्ञान तिवारी बिसवां विधायक निर्मल वर्मा व भारतीय जनता पार्टी के अन्य नेता मौजूद थे मुख्यमंत्री ने सीतापुर से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राजेश वर्मा को भारी मतों से विजई बनाने की अपील की। कड़ाके की धूप गर्मी के बावजूद लोग योगी आदित्यनाथ की जनसभा को सुनने के लिए पेड़ों की छांव में बैठकर घंटा इंतजार करते रहे। योगी आदित्यनाथ इस मौके पर भारी भीड़ को देखकर काफी गदगद हुए।

# राज्यमंत्री ने भ्रमण कर भाजपा की कल्याणकारी योजनाओं को बताया



**रायबरेली।** प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार व भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने मंगलवार को बछरांवा विधान सभा क्षेत्र के महराजगंज के जेवई दौतरा, दिषा खानपुर, ज्यौना, मोन, मुरैनी, मऊ, सिकन्दरपुर सहित दर्जनों गांवों का भ्रमण कर आर्शीवाद मांगा। इस दौरान राज्यमंत्री ने केन्द्र व प्रदेष की सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया। कहा हर गरीब की चौखट तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। उन्होंने लोगों की समस्यायें सुनी और उनके निस्तारण का आष्वासन दिया। श्री सिंह ने कहा कि विगत् पांच वर्षो से मैं अनवरत आपकी सेवा कर रहा हूं। हर सुख-दुख में भागीदार रहा हूं। पिछले एक वर्ष से जनपद के हर गांव हर घर में मैने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी है। मेरे द्वारा कराये गये विकास कार्यों की श्रंखला इतनी लम्बी है कि जो कार्य मैने एक वर्ष में किये हैं वह दस सालों में भी नहीं हो पाया है। मेरे विकास कार्यो के निषान हर गांव-गली में आपको स्वतः दिखाई पड़ जायेगें। पूरे जनपद से जहां से किसी कार्य के लिये मेरे पास आवेदन आया मैने बिना किसी भेदभाव के उस कार्य को अमली-जामा पहनाने में देर नहीं लगाई। मैने अपने जीवन में सदैव अथक परिश्रम और विनम्रता से झुककर आपकी सेवा की है। मेरा सिर सदैव आपके सम्मान से इसी भांति झुका रहेगा। उन्होंने कहा कि मेरे इसी आचरण और व्यवहार के बदले आप सबने मुझे अषीम प्यार और आर्षीवाद दिया है। मुझे गर्व है अपनी रायबरेली और आप सब पर। रायबरेली में जन्म लेकर विधाता ने जनपद की सेवा का जो सौभाग्य दिया है, उसके लिये मैं सदैव ऋृणी रहूंगा। आषा है कि आपका आर्षीवाद मिलेगा, कमल खिलेगा, जो मोदी को फ़िर से प्रधानमंत्री बनाने के काम आयेगा। इस अवसर पर दर्जनों कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं व पुरूष उपस्थित रहें।

### विनोद महराज ने भाजपा का किया समर्थन

**सतांव-रायबरेली।** नन्द ब्रज धाम के संस्थापक पंडित प्रमोद कुमार मिश्र (विनोद महाराज) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कार्यशैली व नीतियों से प्रभावित होकर रायबरेली लोक सभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह का समर्थन करने का ऐलान किया है। उन्होंने श्री सिंह के समर्थन में अपनी टीम के साथ सोमवार को दर्जनों गांवों का तूफ़ानी दौरा कर भाजपा को जिताने की अपील की। नन्द ब्रज धाम (कुटिया) पटेढा के संस्थापक पंडित प्रमोद कुमार मिश्र (विनोद महाराज) का रायबरेली के अलावा उन्नाव जनपद में अच्छा खाँसा प्रभाव है। उनके साथ नन्द ब्रज धाम के अनुयायियों की बड़ी टीम है। उन्होने कहा कि रायबरेली भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने विकास के अनेक बड़े कीर्तिमान स्थापित किये हैं। जनता मे उनके प्रति जबर्दस्त समर्पण का भाव दिखाई दे रहा है। यह सब जाहिर करता है कि भाजपा बड़े बहुमत से चुनाव जीत रही है। विनोद ने यह भी कहा कि साँसद रहते सोनिया गाँधी पाँच साल मे केवल चार बार रायबरेली पहुँचती हैं, लेकिन दिनेश सिंह हर पल हर क्षण जनपद वासियों की सेवा मे तत्पर रहते है। उन्होने दिनेश सिंह को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

## 85 हा यात्रियों का हुआ टीकाकरण

**रायबरेली।** हज-2024 पर जाने वाले जनपद रायबरेली के चयनित 87 हज यात्रियों में से 85 हज यात्रियों का टीकाकरण मदरसा जामिया उम्मुल मोमिनीन आयशा अल इस्लामियां लिल बनात बड़ा कुंआ रायबरेली में पूर्वान्ह 10 बजे से नोडल अधिकारी जिला संक्रामक कक्ष कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी की देख रेख में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक व अन्य कार्मिको द्वारा सुश्री महिमा, जिला अल्पिसंख्यक कल्याण अधिकारी रायबरेली के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

# जिला खाद्य विपणन अधिकारी की टीम ने किया गेहूँ क्रय केन्द्र का औचक निरीक्षण

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देश पर जनपद में राजकीय क्रय केन्द्रों पर गेहूँ की आवक कम होने के दृष्टिगत ०6 व ०7 मई को सुश्री सोनी गुप्ता, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, रायबरेली द्वारा क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, विपणन निरीक्षक व बांट माप विभाग के निरीक्षक व मण्डी सचिव तथा मण्डी निरीक्षक के साथ जनपद के मेसर्स बंसल टेड्र्स, मुंशीगंज, रायबरेली, मेसर्स हरी राइस मिल, दरीबा, रायबरेली, मेसर्स राज टेडर्स, सातव, मदरसा। मेसर्स विजय राइस मिल, शेरी, हरचन्दपुर, रायबरेली, मेसर्स अग्रहरि बिजनेस प्वाइंट, हरदासपुर। मेसर्स परी ट्रेडर्स, हरदासपुर। मेसर्स सत्यम ट्रेडर्स, हरदासपुर, मेसर्स छत्रपति इण्टरप्राइजेज, लोधवामऊ और मेसर्स जी०एल० फूड्स, इण्डस्ट्रीयल एरिया, रायबरेली में गेहूँ के स्टॉकिस्ट, होल सेलर व ट्रेडर्स का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जनपद के गेहूँ के बड़े व्यापारी, कमीशन एजेंट, थोक विक्रेता, गेहूं स्टॉकिस्ट, होल सेलर व ट्रेडर्स द्वारा क्रय किये गये गेहूँ के स्टॉक को जिला खाद्य विपणन अधिकारी व सचल दल टीम द्वारा चेक किया गया।जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा बांट-माप विज्ञान विभाग को निर्देशित किया गया कि जनपद के समस्त स्टॉकिस्ट, डीलर, होल सेलर व ट्रेडर्स आदि के कांटा, बांट का सत्यापन करते हुए आख्या से अवगत करायें। सुश्री सोनी गुप्ता, जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा जनपद रायबरेली में कृषक बन्धुओं के सुविधा के दृष्टिगत कुल 123 गेहूँ क्रय केन्द्र अनुमोदित किये गये है, जो कि गत



वर्ष की तुलना में 12 क्रय केन्द्र अधिक है जिसमें खाद्य विभाग के 32, पी०सी०एफ० के 56, पी०सी०यू० के 2०, भारतीय खाद्य निगम के ०8, नैफ्हे के ०5 एवं मण्डी परिषद के ०2 क्रय केन्द्र शामिल है। जिले में तहसील सदर में 33, महराजगंज 2०, लालगंज 12, ऊँचाहार 16, डलमऊ 14 और तहसील सलोन में 25 कुल 123 संचालित गेहूँ क्रय केन्द्र हैं। रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत जनपद में अभी तक मात्र 5422.37 मी०टन की खरीद ही हो सकी है, जो निर्धारित लक्ष्य का 4.96 प्रतिशत है।

### रायबरेली के जनता ने कमल खिलाने का लिया है संकल्प -दिनेश प्रताप सिंह

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता रायबरेली**



रायबरेली - प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार व लोक सभा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने मंगलवार को विकास खंड महराजगंज ग्रामसभा में जनई ,दौतरा, टीसाखानपुर, ज्योना, कुसमौरा, कुसमौरा, मोन, मुरैना, ताजुद्दीनपुर, मऊ, सिकन्दरपुर, जमोलिया, कोटवा मोहम्मदाबाद, बारी गोहन्ना, सिरसा, मांझगांव, जमुरावा सहित दर्जनों गांवों का भ्रमण कर के मोदी सरकार की उपलब्धियों को और देश और समाज के लिए किये हुए कार्यो को विस्तार से बताते हुए इस चुनाव में लोगो से आर्शीवाद मांगा। इस दौरान नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि रायबरेली के जनमानस की कसौटी पर मैं खरा उतरने का हमेशा प्रयास करता रहा हूँ और करता रहूँगा 7 सबके दुख-सुख में हमेशा शामिल होकर लोगों की समस्याओं का निदान करता रहा हूँ और आपका बेटा और भाई हमेशा से आपके लिए और रायबरेली की जनता के लिए हमेशा सर्वसुलभ रहेगा 7 रायबरेली के विकास के लिए आज आवस्यकता है कि इस बार आप लोग मोदी जी की सरकार को पुनः देश में ला कर रायबरेली में भी कमल का फूल खिला कर मोदी सरकार के हाथों को और मजबूत करने का कार्य करें 7 इस दौरान राज्यमंत्री ने केन्द्र की जन कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया। इस अवसर पर सैकड़ों ग्रामीण व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### व्यय प्रेक्षकों ने अधिकारियों व राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

**रायबरेली।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जनपद में आए हुए सामान्य प्रेक्षक श्री प्रियातू मंडल ने बचत भवन सभागार में नामांकन के उपरांत वैध पाए गए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचन सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत बचत भवन सभागार में बैठक की। श्री मंडल ने निर्देश दिए कि मा0 चुनाव आयोग की गाइडलाइन का गंभीरता से पालन किया जाए। सभी राजनीतिक दल अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को भी आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन कराने का निर्देश दें। क्योंकि जाने अनजाने में आचार संहिता का उल्लंघन होने पर उसका खामियाजा संबंधित राजनीतिक दल को उठाना पड़ता है। पुलिस प्रेक्षक बाबूलाल मीना ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि अगर कहीं पर भी आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा हो तो प्रशासन को अवश्य अवगत कराए,जिससे कि समय रहते उसका निराकरण कराया जा सके। इसके अतिरिक्त उन सभी संवेदनशील क्षेत्रों पर कड़ी नजर रखी जाए जहां पर भी मतदाताओं को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा हो।व्यय प्रेक्षक श्री शैलेन समद्दर ने निर्देश दिए की राजनीतिक दल निर्वाचन के दौरान अपने खर्चों का विवरण अवश्य उपलब्ध कराए। दल अपने प्रचार प्रसार के लिए इलेक्ट्रॉनिक,प्रिंट,सोशल मीडिया,पैंपलेट या अन्य कोई माध्यम जिनकी अनुमति मा0 आयोग द्वारा दी गई हो उसका भी व्यय विवरण उपलब्ध कराएंगे।

### सड़क पर भैंस बांधने को लेकर हुए विवाद में एक पक्ष के भाई, बहन गंभीर

**महराजगंज-रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के ओनई जंगल गांव में इंटर लॉकिंग पर बैठी भैंस खिसक जाने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए तथा एक पक्ष उग्र होकर दूसरे पक्ष के लोगों के साथ गाली गलौज करने लगा। जब दूसरे पक्ष ने विरोध जताया तो एक पक्ष की दो महिलाओं समेत चार लोगों ने लाठी डंडों तथा कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया, जिससे भाई बहन गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने एक पक्ष की ओर से मिली तहरीर के आधार पर दूसरे पक्ष के आरोपियों पर केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घायलों को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा गया है। घटना सोमवार शाम 6 बजे की है। गांव निवासी पंकज कुमार पुत्र राम बहादुर ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसके घर के सामने इंटरलॉकिंग सड़क बनी हुई है। जिस पर प्रतिपक्षीगणों श्रीराम पुत्र रामसेवक, मोनू पुत्र श्रीराम, केशावती पत्नी श्रीराम और सुरजकली पत्नी मोंनू अपनी भैंस बांधते हैं। जब उसने इंटरलॉकिंग रोड पर भैंस बांधने से मना किया तो सभी प्रतिपक्षीय गण उल्टा उसके साथ ही गाली गलौज करने लगे। जब उसने विरोध जताया तो श्रीराम अपनी पत्नी, बेटे और बहू के साथ उसके घर में घुस गए और गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों तथा कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया। घटना में वादी पंकज कुमार और उसकी बहन पूनम गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ी। चीख पुकार सुनकर जब गांव वाले दौड़े तो सभी हमलावर रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग निकले। पुलिस ने एक पक्ष की ओर से मिली तहरीर के आधार पर चार के खिलाफकेस दर्ज कर लिया है। घायलों को मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा गया है।

### विविध प्रसंगों पर अद्भुत व्याख्यान सुनकर भक्त हुए भाव विभोर

**महराजगंज-रायबरेली।** क्षेत्र के तिवारी का पुरवा मजरे चिलौली गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के आज सातवें दिन सिधौना अमावां से आई कथा व्यास संध्या भारद्वाज ने विविध प्रसंगों पर अपने मुखारविंद से अद्भुत व्याख्यान प्रस्तुत कर भक्तों को भाव विभोर होने पर मजबूर कर दिया।कथा व्यास ने आज श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन मां देवकी के कहने पर छः पुत्रों को वापस लाकर मां देवकी को देना, सुभद्रा हरण का आख्यान एवं भगवान श्री कृष्ण तथा सुदामा मित्रता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, मित्रता कैसी हो यह हमें भगवान श्री कृष्ण तथा सुदामा की मित्रता से सीखना चाहिए, मित्र के प्रति ईमानदारी, त्याग, और सम्मान का भाव ही सच्ची मित्रता कहलाती है। कथा के सातवें दिन मंगलवार को आनंद मिश्रा द्वारा सुंदरकांड का पाठ भी किया गया। वहीं कथा व्यास द्वारा परिक्षित मोक्ष सहित अन्य विविध प्रसंगों का वर्णन किया गया, जिसके बाद कथा का विराम हुआ। इस मौके पर शिव शंकर त्रिपाठी, आनंद मिश्रा, अंजनी पांडेय, बद्री विशाल तिवारी, अन्नी अवस्थी, अरविंद सिंह, अनूप अवस्थी (कोटेदार), लल्लन तिवारी, विनय तिवारी समेत बड़ी तादात में श्रोतागण पंडाल में मौजूद रहकर श्रीमद्भागवत कथा का रसपान किया।

### मुस्लिम महिलाओं ने लगाए शुक्रिया मोदी भाईजान के नारे

**रायबरेली, 7 मई।** में मुस्लिम महिलाओं ने पीएम मोदी पर भरोसा जताया है। जिला भाजपा कार्यालय पर सैकड़ों की तादाद में इकट्ठा हुई मुस्लिम महिलाओं ने शुक्रिया मोदी भाई जान के नारे लगाते हुए भारतीय जनता पार्टी को ही वोट किये जाने का संकल्प लिया। भाजपा जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा के नेत्रत्व में इकट्ठा हुई महिलाओं ने इस दौरान तीन तलाक़, मुफ्त राशन और आवास दिये जाने को लेकर मुस्लिम महिलाओं ने पीएम मोदी को अपना हितैषी बताया है। इस दौरान मुस्लिम महिलाओं ने कहा, यह कुप्रचार किया जाता है कि भाजपा मुसलमानों से भेदभाव करती हैं। उन लोगों ने कुप्रचार का जवाब देते हुए कहा है कि यदि ऐसा होता तो केंद्र और राज्य की योजनाओं में उनका बराबर से हक न मिल रहा होता।

# महावीर स्टडी इस्टेट स्कूल में मनाया गया रविंद्रनाथ टैगोर का जन्म दिन



**महराजगंज-रायबरेली।** कस्बे के हैदरगढ़ रोड पर स्थित महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज के प्रार्थना सभा में प्रधानाचार्य कमल वाजपेई ने बच्चों को बताया कि, रविंद्रनाथ टैगोर का जन्म 7 मई 1861 को कोलकाता के ठाकुर बाड़ी में हुआ था। पिता देवेंद्रनाथ टैगोर, माता शारदा देवी थी। आपकी प्रारम्भिक शिक्षा सेंट जेवियर कॉलेज तथा बैरिस्टर की शिक्षा लन्दन से हुई। 1883 में मृणालिनी देवी से विवाह हुआ। रवींद्रनाथ टैगोर भाइयों में बड़े भाई सत्येंद्रनाथ पहले यूरोपीय सिविल सेवा के लिए नियुक्त व्यक्ति थे। भाई द्वविजेन्द्रनाथ दार्शनिक ज्योतिरिंद्रनाथ संगीतकार, नाटककार, बहन स्वर्ण कुमारी उपन्यासकार थी। रवींद्रनाथ टैगोर की ष्गीतांजलिष् जो की एक कालजयी रचना हुई। 1913 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार मिला। इनकी रचनाएं चोखेर, बाली, गोरा, काबुलीवाला आदि चर्चित रचनाएं हैं। गुरुदेव टैगोर की विशेषज्ञाता कई क्षेत्रों तक फैली थी। रवींद्रनाथ टैगोर कवि, लेखक, नाटककार, संगीतकार, दार्शनिक, समाज सुधारक और चित्रकार थे। टैगोर की रचनाएं दो देशों का राष्ट्रगान बनी जिसमें ष्जन, गण, मनष् भारत का राष्ट्रगान बना तो ष्आमार सोनार बांग्लाष् बांग्लादेश का राष्ट्रगान बना। हमें उनके आदर्शों पर चलकर सुदृढ़ भारत का निर्माण करना है।

### शाट सर्किट से छप्पर में लगी आग, गृहस्थी जलकर राख

**महराजगंज-रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के कुतुबपुर बरेंदा गांव में शार्ट सर्किट से एक घर में रखे छप्पर में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर घर में रखे खाद्यान्न साड़ी कपड़ा सहित अन्य गृहस्थी का समान जलाकर राख कर दिया।



घटना आज मंगलवार की भोर लगभग तीन बजे के करीब की है, जहां के रहने वाले राम कृपाल पुत्र सेमई के घर पर रखे छप्पर में शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी से अचानक आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और घर में रखा साड़ी कपड़ा बर्तन चार बोरी गेहूं सहित अन्य खाद्यान्न व गृहस्थी का समान जलकर राख हो गया फ़ायर ब्रिगेड की टीम तथा ग्रामीणों द्वारा किसी तरह आग पर काबू पाया गया आगजनी से पीड़ित का लगभग पचास हजार रुपए का नुकसान हुआ है। मामले में हल्का लेखपाल ने बताया कि जांच कर छति आकलन की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को दी जाएगी।

### अधिवक्ताओं ने चुनाव प्रक्रिया पारदर्शिता पूर्ण न कराए जाने का लगाया आरोप

**महराजगंज-रायबरेली।** महराजगंज बार एसोसिएशन महराजगंज के चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी पूर्ण न कराए जाने की बात कहते हुए अधिवक्ता शैलेन्द्र सिंह, इम्तियाज अली, राधेश्याम, प्रेम सिंह द्वारा एल्डर कमेटी को प्रार्थना पत्र देकर तेरह मई को होने वाले चुनाव को स्थगित किए जाने की मांग की है। प्रार्थना पत्र पर विचार किए जाने की तिथि तेरह मई नियत करते हुए चुनाव समिति द्वारा चुनाव को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया है। आपको बता दें कि, मामले में एल्डर कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला ने बताया कि, बीते सोमवार को 14 अधिवक्ताओं द्वारा अपना नामांकन वापस ले लिया गया था। वहीं कुछ अधिवक्ताओं द्वारा मतदाता सूची में गड़बड़ी होने की बात कहते हुए प्रार्थना पत्र दिया गया है, जिस पर 13 तारीख को विचार किया जाएगा, एवं चुनाव प्रक्रिया को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया है।

महराजगंज रायबरेली।। महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के पहरेमऊ गांव में अपने छत की सटरिंग लगा रहे पिता पुत्र के साथ चार लोगों ने रंजिशन लाठी डंडों से जमकर मारपीट की जिससे दोनों को गंभीर चोटे आई हैं, मामले में भुक्तभोगी ने कोतवाली में तहरीर दी है। गांव निवासी राम सागर रावत पुत्र अंबर दीन ने कोतवाली पुलिस को एक लिखित तहरीर देते हुए बताया कि वह अपने घर की सटरिंग लगा रहा था इसी दौरान रंजिशन गांव के ही चंद्र प्रकाश उर्फ बल्ला पुत्र बाबू ने अपने तीन पुत्रों सूरज, सुरेंद्र, अजय प्रकाश के साथ मिलकर उसे लाठी डंडों से मारना पीटना शुरू कर दिया बीच बचाव करने दौड़े उसके पुत्र संदीप रावत के साथ भी दबंगों ने मारपीट की तथा गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर अग्रिम विधि करवाई शुरू कर दी गई है।

## बिजली बिल भुगतान केन्द्र का उद्घाटन

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता रायबरेली**

रायबरेली - ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बिजली उपभोक्ताओं के सुविधा हेतु बिजली बिल भुगतान केन्द्र खोले जा रहे हैं जिससे उपभोक्ताओं को दूर स्थित बिजली विभाग के कार्यालय जाकर भुगतान करने में हो रही असुविधा से छुटकारा मिल सके। राज्य सरकार एवं बिजली विभाग के इस पहल से अब शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी उपभोक्ता अपने नजदीकी सहज जन सेवा केंद्रों के माध्यम से, बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के, अपना बिजली बिल का भुगतान कर सकेंगे। इसी क्रम में आज दिनांक 6 मई 2024 दिन सोमवार को जिला रायबरेली के ग्राम आदर्श ग्राम पंचायत डिडौली में स्थित क्षत्रिय सहज जन सेवा केन्द्र का ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राज कुमार चौहान जी के छोटे भाई महेन्द्र सिंह चौहान व् सहज के क्लस्टर हेड श्री मनीष निगम एव सहज से जिला प्रबन्धक श्री अभिषेक सिंह द्वारा सहज जन सेवा केंद्र का उद्घाटन किया गया जिससे वहां के नजदीकी उपभोक्ताओं द्वारा बिना किसी समस्या के अपना बिजली बिल जमा किया जा सके। श्री मनीष निगम द्वारा बताया गया है यह केन्द्र राज्य सरकार एवं बिजली विभाग



द्वारा अधिकृत केंद्र है जहां बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के बिजली बिल का भुगतान किया जाएगा। इस अवसर पर जिला रायबरेली में कार्यरत सहज जन सेवा केंद्र के जिला प्रबंधक श्री अभिषेक सिंह द्वारा बताया गया की विभाग के इस पहल से आमजनमानस बहुत खुश है क्योंकि अब उपभोक्ताओं को बिजली बिल भुगतान के लिए अपने गांव से दूर नहीं जाना पड़ रहा और समय से बिजली बिल का भुगतान हो रहा है। इस कार्यक्रम में सहज जन सेवा केन्द्र के केन्द्र प्रभारी अजीत सिंह ,एव अभिषेक सिंह ,कपिल सिंह ,अतुल सौरभ ,दिनेश सिंह आदि ग्राम वासी भी उपस्थित रहे।

### प्रियंका गांधी अमावस्या के दिन से फूंकेगी चुनावी बिगुल

**रायबरेली।** पहले अपने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में खुद को शेरनी कहकर ऊर्जा भरते हुए जोश भरा जिसके बाद आज बुधवार को अमावस्या के पर्व को पावन मानकर जनता के बीच अपनी पैठ बनाने के लिए प्रियंका गांधी कूदेंगी जिसको लेकर सात जगहों पर रोड शो व 9 जगहों पर नुक्कड़ सभा में सलीख होगी। जिसको लेकर प्रियंका गांधी बुधवार के दिन सुबह 11 बजे थुलवासा में 12 बजे महराजगंज में नुक्कड़ सभा 12:3० मिनट पर कुसुड़ीसागर में रोड शो हलोर में एक बजे नुक्कड़ सभा 1:3० मिनट पर गोड़ घाट, दो बजे लाही बार्डर में ढाई बजे गुमावा व तीन बजे शिवगढ़ में रोड शो करेंगी। साड़े तीन बजे भवानी गढ़ में व चार बजे गूढ़ा में नुक्कड़ सभा करेंगी। साड़े चार बजे रानी खेड़ा रोडशो पांच बजे तिलेण्डा व साड़े पांच बजे बछरावां में नुक्कड़ सभा 6 बजे राजामऊ में रोडशो व साड़े छह बजे इचौली एवं सात बजे सुदौली में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया जाएगा।

# मोदी सरकार में महिलाओं को मिल रहा सर्वाधिक सम्मान - प्रतिभा शुक्ला

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता रायबरेली**

रायबरेली - 7 मई 2०24 दिन मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी ꖴमहिला मोर्चा सम्मेलनꖴका आयोजन होटल प्लीजेंट विव मनिका सिनेमा रोड रायबरेली में आयोजित हुआ द्य कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला जी व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीलम त्रिवेदी, मंच पर उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पूर्णिमा श्रीवास्तव,पूर्व प्रत्याशी अनीता श्रीवास्तव,किरण सिंह, संगीता पासवान उपस्थित रही 7 प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि बीजेपी ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का काम किया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को केंद्र में रखकर कई योजनाएं बनाई मोदी ने तीन तलाक खत्म किया द्यप्रभारी मंत्री ने कहा कि महिलाएं अब समाज का नेतृत्व करेंगी. प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री के नेतृत्व में महिलाओं का सशक्तिकरण हो रहा है महिलाओं के उत्थान और सम्मान के लिए अनेकों योजनाये चलाई जा रही है ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को उज्जवला योजना और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को मिल रहा लाभ व रोजगार,मोदी सरकार में अनेकों योजनाओं का मिल रहा लाभ द्य जिलाध्यक्ष बुद्धी लाल पासी ने सभा को बताया की मोदी सरकार में महिलाओ को सशक्त बनाने के लिए अनेको योजनाओ के माध्यम से महिलाओ को सशक्त कर रही भाजपा हेल्फ़लाइन 181 व 1०9० दे रही सुरक्षा की गारंटी द्य भाजपा मोदी सरकार में मिल रहा महिलाओ को सम्मान7 जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा सुधा अवस्थी ने अपनी टीम के साथ सभी अतिथियों का स्वागत किया 7 मंच की अध्यक्षता समाज सेविका अमिता खुबेले जी ने किया7 कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किरन सिंह,वंदना कश्यप,पूर्व प्रत्याशी ऊंचाहार अंजलि मौर्या, डॉ०सरोज सिंह,रेनू सिंह शोभना पाण्डेय,विधू सिंह,प्राची शालू,आकांछा शुक्ला ,किरन भारती,नीलम गुप्ता, सहित महिला मोर्चा की सभी पदाधिकारी कार्यकर्त्ता मौजूद रही7




# अखिल भारतीय मानव सेवा मोर्चा संगठन ने किया परिंडे लगवाओ अभियान का शुभारंभग

**राजस्थान, 7 मई।** अखिल भारतीय मानव सेवा मोर्चा संगठन द्वारा मिशन परिंडे लगवाओं अभियान का भव्य शुभारंभ अखिल भारतीय मानव सेवा मोर्चा संगठन द्वारा श्रीकृष्ण भक्त भक्त शिरोमणि मीरां बाई की नगरी मेड़ता सिटी ने परिंडे लगाओ अभियान का भव्य शुभारंभ हुआ। अखिल भारतीय मानव सेवा मोर्चा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम सिंह राज पुरोहित भावण्डा ने कहा कि पिछले दो वर्षों से मेड़ता सिटी एवं आस पास सैकड़ों गांवों में मिशन परिंडे लगवाओं अभियान चलाया जा रहा है इस वर्ष भी आज शुरुआत की की गई है। इस अवसर पर अखिल भारतीय मानव सेवा मोर्चा संगठन की महिला मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पाण्डेय ने कहा कि इस बार भी मेड़ता सिटी एवं आस पास के गांवों में अखिल भारतीय मानव सेवा मोर्चा संगठन द्वारा बेजुबान पक्षियों के पानी के लिए हजारों की तादाद में परिंडे लगवाए जाएंगे कृष्णा पाण्डेय ने कहा कि साथ ही साथ हमारे संगठन अखिल भारतीय मानव सेवा मोर्चा संगठन द्वारा पुरे पश्चिमी राजस्थान के अंदर मिशन परिंडे लगाओं अभियान की शूरुआत आज से हो चुकी है। इस अवसर पर अखिल भारतीय मानव सेवा मोर्चा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमसिंह राज पुरोहित भावण्डा अखिल भारतीय मानव सेवा मोर्चा महिला मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पाण्डेय समाज सेवी कमल भाई गोयल भावना जिमनास्टिक के प्रशिक्षक दिनेश सांखला गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक विवेक कुमार नेशनल वूशु गोल्ड मेडल विजेता अपराजिता पाण्डेय माली समाज के अध्यक्ष भवरलाल जादम पूर्व पार्षद एवं भाजपा नेता छोटुलाल गहलोत दीपक डामेर तारा चंद कछावा खेमराज बडगुजर व्यायाम शिक्षिका रितिका सांखला लक्की भाटी सुनील गौड़ वंशिका गौड़ भावना सांखला डिंपल सांखला निकिता दीपिका सचिन वेंकटेश सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे।

### कमला बालाजी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम



**नसीराबाद-रायबरेली।** अरिहंत प्रकाशन संस्थान नई दिल्ली द्वारा स्थापित ब्लूम कैप एडुवेंचर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कक्षा एक से दस तक के बच्चों के लिए आयोजित ब्लूम स्कूल ओलंपियाड्स में कमला बालाजी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने अपना परचम लहराया। संस्था कक्षा एक से दस तक के बच्चों के लिए अंग्रेजी माध्यम से मैथ्स, साइंस, एसएसटी, इंग्लिश, हिंदी, जीके, रीजनिंग, कंप्यूटर और हिन्दी माध्यम से गणित, विज्ञान, सामान्य ज्ञान, हिन्दी, इंग्लिश विषयों में परीक्षाएं आयोजित करती है। इस वर्ष की परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान पाने वाली बालिका आयुषी यादव और अनंत राज सिंह सहित नेशनल टॉपर लिस्ट में स्थान बनाने वाले बच्चों को स्वर्ण रजत और कांस्य पदक तथा शील्ड देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य समरेंद्र सिंह को भी गोल्ड मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। अरिहंत प्रकाशन के प्रतिनिधि प्रमोद शर्मा, सच्चिदानंद अवस्थी और मुख्य अतिथि कामतानाथ सिंह ने उन्हें सम्मानित करते हुए विद्यालय द्वारा बच्चों को अच्छी शिक्षा दीक्षा देने के लिए पूरे स्टाफकी सराहना की। इस अवसर पर लाल जी मिश्रा, जय करन, योगेश त्रिपाठी, श्रीमती कुसुम, राजकुमार, संजय सिंह,सुरेश सिंह, भूपेंद्र पांडेय,जग रूप, विकास, नरेंद्र यादव आदि अभिभावक और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### छतोंह की नुक्कड़ सभाओं में गरजे बसपा प्रत्याशी



**छतोह-रायबरेली।** अमेठी के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी नन्हें सिंह चौहान ने सोमवार को सलोन विधानसभा क्षेत्र के छतोंह ब्लॉक में अपनी धमाकेदार उपस्थिति दर्ज कराई।अपनी कई नुक्कड सभाओं में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर द्वारा कमजोर वर्गों के लिए किए गए कार्यों और त्याग तपस्या की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि उनके मिशन को पूरा करने के लिए बहन जी ने बड़ा त्याग किया है। दलित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए सदा संघर्षरत रहने वाली बहन कु.मायावती जी ने आप सब पर भरोसा करके मुझे यहां से मैदान में उतारा है। बाबा साहब के मिशन को पूरा करने के लिए, अपने अधिकारों की रक्षा के लिए आगामी 20 मई को हर हाल में मतदान करने जाएं और लोकतन्त्र की रक्षा के लिए हाथी का बटन दबाएं। कांटा, परैया नमकसार, सुजवरिया मोड़, छतोह, चतुरपुर मेंहदी गंज आदि स्थानों पर नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए विधान सभा प्रभारी सुरेश कोरी, बाल गोविंद मिश्र, प्रवेश साहू , शिव लखन गौतम आदि ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर बहुत से बसपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ऊंचाहार क्षेत्र में बीएसएनएल की सेवाएं ध्वस्त

**रायबरेली।** बीएसएनएल के उपभोक्ताओं को एक दशक से निरंतर परेशानी का सामना उठाना पड़ रहा है। बीएसएनएल के नेटवर्क के सहारे संचालित हो रही विभिन्न कंपनी के नेटवर्क भले ही सही हो लेकिन बीएसएनएल में आए दिन समस्या बने होने पर उपभोक्ता परेशान हो गए है। रायबरेली से 40 किलोमीटर दूर ऊंचाहार नगर पंचायत है। जिससे सटकर गांव मदारी गंज के निकट बीएसएनएल का टावर लगा है तो एनटीपीसी के आवासीय परिसर में उसका उप केन्द्र तक बना हुआ है तथा इसके अलावा बाबूगंज में भी उपकेन्द्र है। ऊंचाहार क्षेत्र में एक दशक पहले बीएसएनएल का नेटवर्क मोबाइल में रहता था लेकिन विगत एक दशक से ऐसी हालात है कि बीएसएनएल का नेटवर्क मोबाइल में कब चला जाए और कितने दिन गायब रहे उसका कोई पता नही चल रहा है। स्थिति यह है कि हजारों की संख्या में पहले उपभोक्ता थे अब उसकी संख्या महज सैकड़ों में बची हुई है। जिस कारण विभाग के कर्मचारी व अधिकारियों की लापरवाही माना जा रहा है। बीएसएनएल के नेटवर्क से हलाकि कई प्राइवेट कंपनी के नेटवर्क संचालित हो रहा है।जिसमें प्राइवेट कंपनी का नेटवर्क तो नही जाता है लेकिन बीएसएनएल का नेटवर्क आए दिन गायब रहता है।




आज अमेरिकन एक्टर और फिल्ममेकर जॉर्ज क्लूनी का 63वां बर्थडे है। करीब 67 फिल्मों का हिस्सा रहे जॉर्ज ने टीवी शोज में भी काम किया है। वे करीब 46 साल से एक्टिंग की दुनिया में एक्टिव हैं। उन्हें 2 ऑस्कर और 4 ग्लोडन ग्लोब अवॉर्ड से नवाजा जा चुका है। जॉर्ज प्रोफेशनल से ज्यादा पर्सनल लाइफ की वजह से चर्चा में बने रहे। उन्होंने 2 शादियां कीं। इसके अलावा, उनके 9 अफेयर भी रहे। इंडस्ट्री में जॉर्ज की दरियादिली के किस्से भी मशहूर हैं। उन्होंने 2013 में अपने 14 दोस्तों में हर किसी को 5.85 करोड़ रुपए दिए थे। जॉर्ज के नेटवर्थ की बात की जाए तो वे दुनिया के सातवें सबसे अमीर एक्टर हैं। हालांकि, इस रेस में शाहरुख खान से पीछे ही हैं। 10 किस्सों में पढ़िए जर्नलिस्ट बनने का सपना देखने वाले जॉर्ज क्लूनी कैसे बने हॉलीवुड के फेमस एक्टरज किस्सा 1– पिता नामी पत्रकार थे, इस वजह से सख्त माहौल में पले-बढ़े आज से 62 साल पहले 6 मई 1961 को स के केंटकी राज्य में जॉर्ज क्लूनी का जन्म हुआ था। उनके पिता निक क्लूनी पेशे से एंकरमैन और टेलीविजन होस्ट रहे, जिन्होंने फेमस अमेरिकन चैनल स्ट में 5 साल तक काम भी किया। वहीं, जॉर्ज की मां ब्यूटी क्वीन रही थीं। इस तस्वीर में छोटे जॉर्ज पेरेंट्स और बहन के साथ। सामान्य बच्चों की तरह जॉर्ज का बचपन बिल्कुल भी नहीं बीता। पिता नामी टेलीविजन होस्ट थे। लोग उन्हें सबसे सच्चा पत्रकार मानते थे। इसी वजह से उनकी पर्सनल लाइफ भी पब्लिक डोमेन में रहती थी। प्राइवेसी हर्ट होने का भी खतरा बना रहता था। ऐसे में उन्होंने जॉर्ज समेत अपने दोनों बच्चों को लाइमलाइट से दूर रखा और स्ट्रिक्ट माहौल में परवरिश की। आम बच्चों की तरह जॉर्ज या उनकी बहन को घर से दूर जाकर खेलने या घूमने की आजादी नहीं थी। जॉर्ज ने एक इंटरव्यू में कहा था– हर कोई हमें जानता था, हमारे बारे में बात करता था। अगर मैं बास्केटबॉल खेल में विनर भी बनता, तो उसकी भी चर्चा अखबारों में होती थी। किस्सा 2– 14 साल की उम्र में फेशियल पैरालिसिस हुआ, लोग मजाक उड़ाते थे जॉर्ज ने अपनी स्कूलिंग केंटकी में ही रहकर की थी। जब वे 14 साल के थे, तब उन्हें बेल्स पाल्सी बीमारी हो गई थी। ये एक तरह का फेशियल पैरालिसिस होता है, जिसमें इंसान के चेहरे का आकार टेढ़ा हो जाता है। यह पल जॉर्ज के लिए मुश्किलों से भरा हुआ था। स्कूल के बच्चे इस वजह से उन्हें हमेशा घूरते रहते और उनका मजाक बनाते थे। इस कारण उनमें आत्मविश्वास की कमी हो गई। 9 महीने के लंबे इलाज के बाद उन्हें इस बीमारी से निजात मिली। इस बारे में उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया था, 'यह पूरा समय बहुत अजीब था। हर कोई मुझे ही देखा करता था। मुझे लगता था कि ये सब अब कभी ठीक नहीं होगा। तब पिता मुझसे कहते थे– ये सब ठीक हो जाएगा। तुम ठीक हो जाओगे।' जॉर्ज की यह तस्वीर तब की है, जब उन्हें फेशियल पैरालिसिस हुआ था। किस्सा 3– पिता को देख पत्रकार बनने का सपना देखा, लेकिन पूरा नहीं हुआ स्कूलिंग पूरी करने के बाद जॉर्ज प्रोफेशनल बास्केटबॉल प्लेयर बनना चाहते थे। हालांकि, उनका ये सपना अधूरा ही रह गया। इसके बाद वे अपने पिता की राह पर चल दिए। उन्होंने नॉर्दर्न केंटकी यूनिवर्सिटी से ब्रॉडकास्ट जर्नलिज्म की पढ़ाई पूरी की। हालांकि, अपने पिता के जैसे जर्नलिज्म फील्ड में जॉर्ज सफल नहीं हो पाए। जब उन्होंने रिपोर्टिंग शुरू की तो उन्हें महसूस हुआ कि वे इस काम के लिए नहीं बने हैं। ऐसे में उन्होंने इस प्रोफेशन को छोड़ना ही बेहतर समझा। इतने बड़े पत्रकार के बेटे होने के बावजूद जॉर्ज को संघर्ष करना पड़ा। पत्रकारिता छोड़ने के बाद उन्होंने महिलाओं के जूते बेचने, घर-घर जाकर बीमा कराने, कंस्ट्रक्शन फील्ड में काम करने और तंबाकू बनाने जैसे काम किए। किस्सा 4– खुद का एक्ट देख एक्टिंग फील्ड में आए तमाम छोटे-मोटे काम करने के बाद जॉर्ज थिएटर करने लगे। हालांकि, ये चीज वो शौकिया किया करते थे, लेकिन एक प्ले ने उन्हें यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि वे सिर्फ एक्टर बनने के लिए ही पैदा हुए हैं। दरअसल, एक बार एक प्ले में जॉर्ज ने मेल प्रॉस्टिट्यूट ड्रग डीलर का रोल प्ले किया था। इस किरदार में वे ऐसे ढले कि हॉल में बैठे सभी लोग खुद को तालियां बजाने से रोक नहीं पाए। यह पहला मौका था जब वे अपने काम की वजह से खबरों की हेडलाइन बने। खुद की परफॉर्मेंस पर लोगों का रिस्पॉन्स देख जॉर्ज को भरोसा हो गया कि एक एक्टर के रूप में वे बहुत आगे जा सकते हैं। इसी के बाद उन्होंने एक्टर बनने का फैसला कर लिया। किस्सा 5– नौ अफेयर रहे, पहली शादी 3 साल में टूटी, दूसरी पत्नी 17 साल छोटी फिल्मी जगत में जॉर्ज जबरदस्त एक्टिंग के साथ-साथ अपने रिलेशनशिप को लेकर चर्चा में बने रहे। 2 शादियों के अलावा वे 9 लोगों के साथ रिलेशनशिप में रहे। जॉर्न ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया था कि वे कभी भी शादी नहीं करना चाहते थे। उन्होंने कहा था– मैं कभी शादी नहीं करता। मैं बच्चे भी नहीं पैदा करता। मेरे पास बहुत अच्छे दोस्त थे। मैं करियर में भी अच्छा कर रहा था, लेकिन मेरी यह सोच तब तक ही थी जब तक मैं अमल से मिला नहीं था। उनसे मिलने के बाद लगा कि मैं कितना अधूरा था। जॉर्ज ने 2014 में 17 साल छोटी ब्रिटिश बैरिस्टर अमल अलामुद्दीन से शादी कर ली। यह उनकी दूसरी शादी थी। इससे पहले उन्होंने 1989 में एक्ट्रेस तालिया बालसम से शादी की थी। हालांकि, 3 साल बाद ही उनका यह रिश्ता टूट गया। जॉर्ज और अमल की लव स्टोरी भी बहुत दिलचस्प है, लेकिन उसके पहले जानते हैं कि जॉर्ज के किन महिलाओं के साथ अफेयर रहे। जॉर्ज और अमल की लव स्टोरी पीपल की रिपोर्ट के मुताबिक, अक्टूबर 2013 में पहली बार जॉर्ज की मुलाकात उनके ही इटली वाले मैंशन में अमल अलामुद्दीन से हुई थी। एक कॉमन फ्रेंड के जरिए दोनों पहली बार मिले थे। जब अमल पहली बार जॉर्ज के घर आई थीं, तब ही एक्टर के एजेंट ने यह प्रिडिक्ट कर दिया था कि वे आने वाले समय में अमल से शादी कर लेंगे। हालांकि, जॉर्ज ने इस बात को सीरियसली नहीं लिया था। पहली मुलाकात के दिन अमल और जॉर्ज ने पूरी रात बात की। इस दौरान उन्होंने अपना मेल ङ्घष्ठ भी एक-दूसरे से शेयर कर लिया, ताकि शाम की तस्वीरें एक-दूसरे से साझा कर सकें। कुछ दिन की ऑनलाइन बातचीत के बाद दोनों पहली बार डेट के लिए लंदन गए। दोनों को यहां साथ देखे जाने के बाद अफेयर की खबर ने तूल पकड़ लिया। इसके बाद दोनों को कई वेकेशन पर साथ देखा गया। एक साल की डेटिंग के बाद दोनों ने अपने रिश्ते पर ऑफिशियल मुहर लगा दी। 27 सितंबर 2014 को दोनों ने शादी कर ली। जॉर्ज की दूसरी पत्नी अमल क्लूनी। किस्सा 6– दुनिया के सातवें अमीर एक्टर, लेकिन शाहरुख खान से पीछे जॉर्ज की कमाई की बात की जाए तो वे दुनिया के सातवें सबसे अमीर एक्टर हैं। हालांकि, इस मामले में वे शाहरुख खान से पीछे हैं, जो दुनिया के पांचवें अमीर एक्टर हैं। सेलिब्रिटी नेटवर्थ की रिपोर्ट्स के मुताबिक, जॉर्ज की कुल नेटवर्थ 4169 करोड़ रुपए है। वहीं, वे एक रोल के लिए 166 करोड़ रुपए फीस चार्ज करते हैं। जॉर्ज के पास कई मंहगी और विंटेज गाड़ियां हैं। उनके पास 1993 पॉर्श 911 कैरेरा 2 स्पीडस्टर (66.03 लाख रुपए), 2012 लेक्सस एलएस (56.39 लाख रुपए), टैंगो ञ्600श्वङ्क (1.02 करोड़ रुपए ), 1959 शेवरले कार्वेट ष्ट1 (1.05 करोड़ रुपए), 2008 टेस्ला रोडस्टर सिंगचर 100 (1.18 करोड़ रुपए) जैसी गाड़िया हैं। इटली में जॉर्ज और अमल का एक शानदार मैंशन है, जिसकी कीमत मौजूदा समय में 816 करोड़ रुपए है। इस मैंशन में 25 कमरे, खूबसूरत लॉन और बगीचे, एक टेनिस कोर्ट, एक आउटडोर पूल, एक जिम, एक थिएटर और एक बहुत बड़ा गैराज है। इस गैराज में जॉर्ज अपने विंटेज मोटरसाइकिल कलेक्शन को रखते हैं। इसके अलावा एक्टर 17 करोड़ के विला के भी मालिक हैं, जो कि स्टूडियो सिटी में है। किस्सा 7– सम्मान का हवाला देकर 284 करोड़ रुपए का ब्रांड एंडोर्समेंट ठुकराया जॉर्ज ने 2017 में एक्सप्रेसो कॉफी के ऐड के लिए 40 मिलियन डॉलर फीस चार्ज की थी। उनके इस ऐड के बाद प्रोडक्ट की सेल में बहुत बढ़िया ग्रोथ देखने को मिली थी। ॥ञ लीडरशिप समिट 2022 में जॉर्ज ने खुलासा किया था कि एक ईरानी एयरलाइन ने उन्हें एक ऐड शूट के लिए 284 करोड़ की फीस ऑफर की थी, लेकिन एक्टर ने लेने से मना कर दिया था। इस बारे में उन्होंने कहा था– मेरा सम्मान मेरे लिए बहुत मायने रखता है। अगर आप को कोई इतनी बड़ी रकम ऑफर कर रहा है, तो समझ जाइए कि वो अपना काला धन सफेद करना चाहता है। इस बारे में जॉर्ज ने पत्नी अमल से भी बात की थी। उन्होंने पहले प्लान बनाया था कि इस काम के बदले मिले हुए पैसे वे चैरिटी के नाम पर डोनेट कर देंगे, लेकिन जब उन्होंने कंपनी का बैकग्राउंड चेक किया, तो पता चला कि मामला ठीक नहीं है। ऐसे में उन्होंने यह ऑफर ठुकराना ही सही समझा। इस ॥ञ लीडरशिप समिट में जॉर्ज के साथ अनिल कपूर भी मौजूद थे। इस दौरान दोनों एक्टर ने %नाच पंजाबन% गाने का हुक स्टेप भी किया था। इस ॥ञ लीडरशिप समिट में जॉर्ज के साथ अनिल कपूर भी मौजूद थे। इस दौरान दोनों एक्टर ने %नाच पंजाबन% गाने का हुक स्टेप भी किया था। किस्सा 8– पैरालिसिस के बाद भी जॉर्ज के चेहरे को दुनिया का खूबसूरत चेहरा बताया गया था 2017 में एक रिपोर्ट आई थी, जिसके मुताबिक जॉर्ज के चेहरे को दुनिया का सबसे खूबसूरत चेहरा बताया गया था। ब्रिटिश साइंटिस्ट ने एक कंप्यूटर मैपिंग टेक्नोलॉजी की मदद से एक रिसर्च किया था। उस रिसर्च में पाया गया था कि दुनिया में सबसे खूबसूरत चेहरा जॉर्ज का है। जॉर्ज अमेरिकन एक्टर स्पेंसर ट्रेसी को अपना आइडल मानते हैं। ट्रेसी की खासियत थी कि वे कभी फिल्मों में मेकअप नहीं किया करते थे। अपने आइडल के नक्शे-कदम पर चलकर जॉर्ज ने भी कभी फिल्मों में मेकअप का सहारा नहीं लिया। यहां तक कि उन्होंने कभी भी अपना बाल भी कलर नहीं कराए।

किस्सा 9– 2013 में 14 दोस्तों को दिए थे 5.85 करोड़ रुपए जॉर्ज के दरियदिली के किस्से भी मशहूर हैं। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, 2013 में उन्होंने फैसला किया था कि वे उन दोस्तों की मदद करेंगे, जिनकी मदद से उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने अपने 14 दोस्तों में हर एक को 1-1 मिलियन डॉलर, यानी 5.85 करोड़ रुपए सूटकेस में भर कर दिए थे। साथ ही उन्होंने सबका पूरे साल का टैक्स भी भरा था। उन्होंने कहा था– मेरे पास जो कुछ है, वो इन लोगों की वजह से है, जो पिछले 35 साल से किसी ना किसी तरह मेरी मदद कर रहे हैं। किस्सा 10– दो बार ऑस्कर विनर बने जॉर्ज फिल्मों में दमदार एक्टिंग के लिए जॉर्ज को कई बड़े सम्मानों से नवाजा भी गया है। उन्हें 2 बार ऑस्कर अवॉर्ड मिला, जबकि वे 9 बार नॉमिनेट हुए। इसके अलावा उन्होंने 4 ग्लोडन ग्लोब अवॉर्ड भी जीते। वहीं, 13 नॉमिनेशन भी हासिल किए थे। उन्हें 3 बार प्राइमटाइम एमी अवॉर्ड में भी नॉमिनेशन मिल चुका है। उम्र के इस पड़ाव में भी जॉर्ज फिल्मों में एक्टिव हैं। इस साल उनकी दो फिल्में इफ (ढ्ढस्न) और वॉल्फ्स रिलीज होने वाली हैं।

## इन 9 महिलाओं से रहा जॉर्ज का अफेयर



एक्ट्रेस
**कैली प्रीसन**
**1988**



एक्ट्रेस
**किम्बर्ली रशेल**
**1992-1995**



फ्रेंच टीवी पर्सनैलिटी
**सेलिना बैलिट्रन**
**1996-1999**



एक्ट्रेस
**क्रिस्टा एलेन**
**2002-2004**



ब्रिटिश मॉडल
**लिसा स्नोडान**
**2000-2005**



पूर्व मॉडल और वेट्रेस
**सारा लार्सन**
**2007-2008**



इटालियन एक्ट्रेस
**एलिसाबेट्टा कैनालिस**
**2002-2004**



WWE डिवा
**स्टैसी केलिबर**
**2011-2013**



क्रोएशियाई मॉडल
**मोनिका जाकिसिक**
**2004-2013**

सोर्स : Us Weekly

## दुनिया के 10 सबसे अमीर एक्टर


1 **ब्रॉक पियर्स** $2 Billion, ₹16,676 करोड़


2 **टायलर पेरी** $1 Billion ₹8,338 करोड़


3 **जैरी सीनफील्ड** $950 Million, ₹7,921 करोड़


4 **ड्वेन जॉनसन** $800 Million, ₹6,670 करोड़


5 **शाहरुख खान** $730 Million, ₹6,086 करोड़


6 **टॉम क्रूज** $600 Million, ₹5,002 करोड़


7 **जॉर्ज क्लूनी** $500 Million, ₹4,169 करोड़


8 **रॉबर्ट डी नीरो** $500 Million, ₹4,169 करोड़


9 **अर्नाल्ड श्वार्जनेगर** $450 Million, ₹3,752 करोड़


10 **केविन हार्ट** $450 Million, ₹3,752 करोड़

सोर्स : Y20 India



## जॉर्ज क्लूनी

जॉर्ज ने 1978 में टेलीविजन मिनी सीरीज सेंटेनियल में बतौर एक्स्ट्रा काम किया था।

यह पहला मौका था, जब वे टीवी पर देखे गए।

वहीं, उन्हें पहला मेजर रोल 1984 की अमेरिकन मेडिकल ड्रामा टेलीविजन ER सीरीज में मिला था।

जॉर्ज एक्टिंग की दुनिया में लाइम लाइट में तब आए, जब उन्होंने 1994 से 1995 तक हिट मेडिकल ER सीरीज में डॉ.डौग रॉस का किरदार प्ले किया।

टेलीविजन पर नाम कमाने के बाद उन्होंने फिर फिल्मों का रुख किया।

उन्हें पहला हॉलीवुड ब्रेक हॉरर कॉमेडी-क्राइम थ्रिलर फिल्म फ्रॉम डस्क टिल डॉन में मिला था।

इसके बाद वे फेमस फिल्म बैटमैन एंड रॉबिन का हिस्सा बने।



| **ऑस्कर अवॉर्ड** | **गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड** |
| --- | --- |
| 2005, 2012 | 2001, 2006, 2012, 2013 |

सोर्स : IMDB

# हैदराबाद पर मुंबई की जीत से बदला प्लेऑफका समीकरण, जानें किस टीम को राहत, किसे नुकसान?

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 का सीजन अब धीरे-धीरे अपने अंतिम पड़ाव की ओर पहुंच रहा है जहां सभी टीमें प्लेऑफ में पहुंचने के लिए पूरा जोर लगा रही हैं। शीर्ष की दो टीमें कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और राजस्थान रॉयल्स 16-16 अंक लेकर सुखद स्थिति में है और इनका अंतिम चार में प्रवेश करना लगभग तय हो गया है। असली मुकाबला तीसरे और चौथे स्थान के लिए है जिसके लिए टीमें मेहनत कर रही है। हर सीजन की तरह इस बार भी निचले स्थान पर चल रही टीमें दूसरों का गणित बिगाड़ रही हैं और ऐसा ही कुछ सोमवार को मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मैच के दौरान भी देखने मिला। इस मैच में मुंबई ने हैदराबाद को हराकर प्लेऑफ की दौड़ को रोचक बना दिया है। सूर्यकुमार ने किया कमाल सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 173 रन बनाए। जवाब में टी20 विश्व कप के लिए चुनी गई भारतीय टीम में शामिल सूर्यकुमार ने मुंबई के लिए इस मैच में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 51 गेंदों का सामना किया और 102 रन बनाए। सूर्यकुमार ने इस दौरान तिलक वर्मा के साथ शानदार साझेदारी निभाई और दोनों बल्लेबाजों ने हैदराबाद के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। सूर्यकुमार के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत मुंबई ने 17.2 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 174 रन बनाए और सात विकेट से मुकाबला जीत लिया। हार के बावजूद चौथे स्थान पर बरकरार हैदराबाद मुंबई इस जीत के साथ अंक तालिका में 10वें से नौवें पायदान पर पहुंच गई है। अब टीम के खाते में आठ अंक हो गए हैं। वहीं, नेट रनरेट -0.212 का हो गया है। इसके अलावा सनराइजर्स हैदराबाद 11 मैचों में छह जीत और पांच हार के साथ 12 अंक लेकर चौथे स्थान पर बरकरार है। हैदराबाद की टीम भले ही शीर्ष चार में मौजूद है, लेकिन मुंबई के खिलाफ हार ने उसे बैकफुट पर धकेल दिया है। हैदराबाद को अब अपने तीन में से दो मुकाबले हर हाल में जीतने होंगे। हैदराबाद का नेट रनरेट -0.065 का हो गया है जो उसके लिए चिंता का विषय है। 11 मैच के बाद 12 अंक लेकर तीसरे स्थान पर चल रही चेन्नई सुपर किंग्स का नेट रनरेट 0.700 है जो उसके लिए राहत की बात है। हैदराबाद, लखनऊ और सीएसके के बीच है टक्कर तीसरे और चौथे स्थान के लिए मुख्य रूप से हैदराबाद, लखनऊ और सीएसके के बीच टक्कर है। इन तीन टीमों ने अब तक 11 मैच खेल लिए हैं और तीनों के ही 12-12 अंक हैं। हैदराबाद और लखनऊ की तुलना में सीएसके का नेट रनरेट बेहतर है। तीनों ही टीमों के लिए प्लेऑफ की दौड़ में रहने के लिए जीत जरूरी है। केकेआर को तीन मैच खेलने हैं, जबकि राजस्थान के चार मैच शेष हैं। यह दोनों ही टीम अगर एक मैच भी जीत लेती हैं तो प्लेऑफ में आधिकारिक रूप से पहुंच जाएंगी। राजस्थान और केकेआर का नेट रनरेट भी अन्य टीमों की तुलना में बेहतर है और अगर इन दोनों टीमों को बड़ी हार का सामना नहीं करना पड़ा तो किसी भी टीम के लिए इनके बराबर पहुंचना आसान नहीं होगा। छठे स्थान पर मौजूद दिल्ली के लिए भी संभावनाएं पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है। दिल्ली 11 मैचों के बाद पांच जीत के साथ 10 अंक लेकर छठे स्थान पर है और उसे अगर दौड़ में आगे निकलना है तो अपने सभी मैच जीतने होंगे। दिल्ली के लिए आसानी नहीं है राह प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए दिल्ली के लिए सिर्फ अपने सभी मैच जीतना ही सबकुछ नहीं होगा। उसे उम्मीद करनी होगी कि हैदराबाद, लखनऊ और सीएसके की टीम ज्यादा सफलता हासिल नहीं कर सके। दिल्ली को साथ ही अपने नेट रनरेट का भी ध्यान रखना होगा। मौजूदा स्थिति में दिल्ली के लिए प्लेऑफ में पहुंचने की राह आसान नहीं दिख रही है और उसके आगे जाने की उम्मीद 15 प्रतिशत से भी कम है। दिल्ली का आज राजस्थान से सामना होना है। अगर राजस्थान इस मैच को जीतने में सफल रही तो वह इस सीजन प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बन जाएगी, जबकि दिल्ली के लिए आगे की राह और भी कठिन हो जाएगी। ऐसी स्थिति में हैदराबाद और सीएसके को फायदा मिलेगा। आरसीबी, पंजाब, मुंबई और गुजरात के लिए बंद हुए दरवाजे प्लेऑफ में पहुंचने के लिए छह टीमों के बीच फिलहाल प्रतिस्पर्धा देखने मिल रही है, लेकिन आरसीबी, पंजाब, मुंबई और गुजरात जैसे टीमों के लिए आगे के दरवाजे बंद हो गए हैं। टी20 क्रिकेट पूरी तरह से समीकरण का खेल है और इसमें सभी के लिए संभावनाएं हमेशा बनी रहती है, लेकिन इन चार टीमों के लिए शीर्ष चार में पहुंचना लोहे के चने चबाने के बराबर है और इन चारों टीमों के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद पांच प्रतिशत भी नहीं है। हालांकि, ये टीमें दूसरों का गणित जरूर बिगाड़ सकती हैं।

**प्लेऑफ के लिए रोचक हुई जंग**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 11 | 08 | 03 | 16 | +1.453 |
| राजस्थान रॉयल्स | 10 | 08 | 02 | 16 | +0.622 |
| चेन्नई सुपर किंग्स | 11 | 06 | 05 | 12 | +0.700 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 11 | 06 | 05 | 12 | -0.065 |
| लखनऊ सुपर जाएंट्स | 11 | 06 | 05 | 12 | -0.371 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 11 | 05 | 06 | 10 | -0.442 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 11 | 04 | 07 | 08 | -0.049 |
| पंजाब किंग्स | 11 | 04 | 07 | 08 | -0.187 |
| मुंबई इंडियंस | 12 | 04 | 08 | 08 | -0.212 |
| गुजरात टाइटंस | 11 | 04 | 07 | 08 | -1.320 |



# अस्थायी रूप से निलंबित किए गए बजरंग पुनिया

**बजरंग पुनिया ने आरोप लगाते हुए 'एक्स' पर लिखा, श्मेरे बारे में जो डोप टेस्ट के लिए खबर आ रही है उसके लिये मैं स्पष्ट करना चाहता हूं। मैंने कभी भी नाडा अधिकारियों को नमूना देने से इनकार नहीं किया, मैंने उनसे अनुरोध किया कि वे मुझे जवाब दें कि वे पहले मेरा नमूना लेने के लिए जो 'एक्सपायर किट' लाए थे।**



**नयी दिल्ली।** बजरंग पुनिया को हाल ही में राष्ट्रीय ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए अपना नमूना देने से इनकार करने पर अस्थाई तौर पर निलंबित कर दिया गया है। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) इस मामले में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा उसे 'अंधेरे में' रखने का आरोप लगाते हुए विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) से शिकायत करने की योजना बना रहा है। बजरंग को 23 अप्रैल को नाडा ने अस्थायी निलंबन सौंपा था। उन्हें आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई से बचने के लिए सात मई तक अपना जवाब भेजने को कहा गया था। बिश्केक में एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के लिए पुरुषों की राष्ट्रीय टीम चुनने के लिए ट्रायल 10 मार्च को सोनीपत में आयोजित किया गया था और बजरंग अपना मुकाबला हारने के बाद मूत्र का नमूना दिए बिना ही प्रतियोगिता स्थल से चले गये थे। बजरंग ने अपने निलंबन पर कहा कि उन्होंने कभी भी नाडा अधिकारियों को अपना नमूना देने से इनकार नहीं किया। उन्होंने नाडा पर 'एक्सपायर हो चुकी किट' देने का आरोप लगाते हुए 'एक्स' पर लिखा, ''मेरे बारे में जो डोप टेस्ट के लिए खबर आ रही है उसके लिये मैं स्पष्ट करना चाहता हूं। मैंने कभी भी नाडा अधिकारियों को नमूना देने से इनकार नहीं किया, मैंने उनसे अनुरोध किया कि वे मुझे जवाब दें कि वे पहले मेरा नमूना लेने के लिए जो 'एक्सपायर किट' लाए थे, उस पर उन्होंने क्या कदम उठाए या क्या कार्रवाई की उसका जवाब दे दीजिये और फिर मेरा डोप टेस्ट ले लीजिए।'' उन्होंने कहा, '' मेरे वकील विदुष सिंघानिया इस पत्र का जवाब समय अनुसार देंगे।'' बजरंग अगर तय समय में अपना जवाब देने में असफल रहते हैं तो वह पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन की दौड़ से बाहर हो जाएंगे। इस बीच डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने आश्चर्य व्यक्त किया कि नाडा ने उन्हें बजरंग के निलंबन के बारे में सूचित नहीं किया। संजय ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''यह वास्तव में आश्चर्यजनक है कि नाडा ने बजरंग को निलंबित करते समय हमें सूचित नहीं किया। मैंने 25 अप्रैल को नाडा महानिदेशक और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की थी और उस बैठक में यह मामला नहीं उठाया गया था।'' उन्होंने कहा, ''वे रहने के स्थान संबंधी शर्तों, लंबी सूची (पेरिस ओलंपिक के लिए संभावित दावेदार) आदि जैसे मामलों पर हमारे साथ संवाद करते रहते हैं। यहां तक कि हमने हाल ही में हुए फेडरेशन कप के बारे में भी चर्चा की, जहां उन्होंने विजेताओं से नमूने इकट्ठा करने के लिए अधिकारियों को भेजा था।'' उन्होंने कहा, ''उन्होंने हमें बजरंग पुनिया के निलंबन के बारे में नहीं बताया। मैंने आज सुबह नाडा अधिकारियों को फोन किया और उनके पास मेरे प्रश्न का कोई जवाब नहीं था। अब मैं नाडा को पत्र लिखने और वाडा को इस बारे में सूचित करने की योजना बना रहा हूं।'' इससे पहले ऐसी खबरें आयी थी कि विनेश फोगाट ने भी पटियाला में महिलाओं के 50 किग्रा का ट्रायल जीतने के बाद शुरू में अपना नमूना देने से इनकार कर दिया था। संजय ने कहा, ''हमें किसी ने भी यह नहीं बताया कि ट्रायल (सोनीपत और पटियाला में) के बाद किसके नमूने लिए गए थे और उन नमूनों से क्या निकला। जरा कल्पना करें कि अगर बजरंग फेडरेशन कप में प्रतिस्पर्धा करने आए होते तो हमने उन्हें अनुमति दे दी होती क्योंकि हमारे पास कोई जानकारी नहीं थी कि उन्हें निलंबित कर दिया गया है।'' ओलंपिक के लिए विश्व क्वालीफायर्स का आयोजन नौ मई से तुर्किये में होगा। भारतीय पहलवानों के लिए पेरिस खेलों का कोटा हासिल करने का यह आखिरी मौका होगा। भारत की चार महिला पहलवानों ने अब तक ओलंपिक कोटा हासिल किये है। इसमें विनेश (50 किग्रा) अंतिम पंघाल (53 किग्रा) अंशु मलिक (57 किग्रा) और रितिका हुड्डा (76 किग्रा) का नाम शामिल है।

# यूरोप दौरे पर भारतीय जूनियर महिला टीम की कप्तान होंगी ज्योति



**ज्योति सिंह को 21 से 29 मई तक होने वाले यूरोप दौरे के लिये भारत की 22 सदस्यीय जूनियर महिला हॉकी टीम का कप्तान चुना गया जबकि मिडफील्डर साक्षी राणा उपकप्तान होंगी। भारतीय टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड के दो क्लबों ब्रेडेस हॉकी वेरेनिजिंग पुश और आरेंजी रूड से छह मैच खेलेगी।**

डिफेंडर ज्योति सिंह को 21 से 29 मई तक होने वाले यूरोप दौरे के लिये भारत की 22 सदस्यीय जूनियर महिला हॉकी टीम का कप्तान चुना गया जबकि मिडफील्डर साक्षी राणा उपकप्तान होंगी। भारतीय टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड के दो क्लबों ब्रेडेस हॉकी वेरेनिजिंग पुश और आरेंजी रूड से छह मैच खेलेगी। ज्योति ने हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति में कहा ,'' टीम में अच्छा तालमेल हैं। हम सभी एक दूसरे को बखूबी जानते हैं। सभी हुनरमंद और प्रतिभाशाली हैं। विदेश में शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलना सीखने के लिये बहुत अच्छा होगा।'' भारतीय टीम 21 मई को ब्रेडेस हॉकी वेरेनिजिंग पुश से पहला मैच खेलेगी और 22 मई को ब्रेडा में ही बेल्जियम से खेलेगी। इसके बाद 24 मई को बेल्जियम में मेजबान से खेलना है। इसके बाद जर्मनी से 26 मई को ब्रेडा और 27 मई को जर्मनी में खेलना है। इसके बाद 29 मई को ब्रेडा में आरेंजी रूड से आखिरी मैच खेलना है। टीम रू गोलकीपर रू अदिति माहेश्वरी, निधि डिफेंडर रू ज्योति सिंह (कप्तान), लालथांटलुआंगी, अंजलि बारवा, पूजा साहू, ममिता ओरम, निरू कुल्लू मिडफील्डर रू के सोनिया देवी , रजनी केरकेटा, प्रियंका यादव, के शिलेइमा चानू, साक्षी राणा, अनिशा साहू, सुप्रिया कुजूर फॉरवर्ड रू बिनिमा धन, हिना बानो, लालरिंपुइ, इशिका, संजना होरो, सोनम, कनिका सिवाच।




# हैमस्ट्रिंग चोट के कारण श्रीलंका लौटेंगे सीएसके के तेज गेंदबाज पाथिराना

**पाथिराना सीएसके के लिए अंतिम मैच सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेला था जिसमें टीम 78 रन से जीती थी। इस मैच में उन्होंने दो ओवर डाले थे तथा ऐडन मार्कराम और हेनरिक क्लासेन का विकेट लिया था। पाथिराना का बाहर होना सीएसके के लिए बड़ा झटका है क्योंकि इससे उसकी गेंदबाजी पर असर पड़ेगा।**

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाज मथीशा पाथिराना हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बचे हुए इस चरण से बाहर हो गये और वह जल्द ही चोट से उबरने के लिए श्रीलंका लौटेंगे। पाथिराना ने अभी तक आईपीएल के इस चरण में छह मैच खेलकर 13 विकेट झटके हैं। सीएसके ने रविवार को मीडिया विज्ञप्ति में कहा, ''चेन्नई सुपर किंग्स पाथिराना के जल्द ठीक होने की कामना करती है। '' पाथिराना सीएसके के लिए अंतिम मैच सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेला था जिसमें टीम 78 रन से जीती थी। इस मैच में उन्होंने दो ओवर डाले थे तथा ऐडन मार्कराम और हेनरिक क्लासेन का विकेट लिया था। पाथिराना का बाहर होना सीएसके के लिए बड़ा झटका है क्योंकि इससे उसकी गेंदबाजी पर असर पड़ेगा। तेज गेंदबाज आल राउंडर दीपक चाहर भी पंजाब किंग्स के मैच में लगी हल्की चोट के कारण आईपीएल के बाकी मैचों में नहीं खेल पायेंगे। चाहर सिर्फ दो गेंदें फेंकने के बाद मैदान से बाहर चले गये थे और शार्दुल ठाकुर ने उनका ओवर पूरा किया था। सीएसके के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने मैच के बाद कहा था, ''दीपक चाहर ठीक नहीं दिख रहे थे। फिजियो और डाक्टर के देखने के बाद मैं सकारात्मक रिपोर्ट की उम्मीद कर रहा हूं। '' सीएसके के श्रीलंकाई स्पिनर महेश तीक्ष्णा कम से दो और मैच में नहीं खेल पायेंगे क्योंकि उनके अमेरिका में अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप की वीजा प्रक्रिया पूरी करने के लिए श्रीलंका जाने की उम्मीद है।

## SPORTS न्यूज़

## पहले ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज की भविष्यवाणी, जानें विराट कोहली के स्ट्राइक रेट पर क्या कहा?

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के स्ट्राइक रेट को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। इस बीच, ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज मैथ्यू हेडल ने टी20 वर्ल्ड कप से पहले कोहली को लेकर एक भविष्यवाणी कर डाली है। हेडन का मानना है कि कोहली का स्ट्राइक रेट सही दिशा में चल रहा है, जिसके चलते आतिशबाजी होने वाली है। आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के स्ट्राइक रेट को लेकर काफी डिबेट की जा रही है। हालांकि, किंग कोहली ने पिचले मैचों में लगातार बल्ले से पलटवार करते हुए आलोचकों को करारा जवाब दिया है। मैथ्यू हेडन को कोहली के स्ट्राइक रेट में कोई खराबी नजर नहीं आती है, बल्कि उन्होंने कोहली की सराहना की है। मैथ्यू हेडन ने स्टार स्पोर्ट्स पर बातचीत करते हुए कहा कि, वह स्ट्राइक रेट सही दिशा में चल रहा है, ये ऊपर की ओर चल रहा है। पिछले चार वर्षों में आईपीएल को देखें, ये मध्य से चला गया है और 120 के आसपास है, फिर ये 130 और फिर 140 और 150 हो जाता है। तो मेरे लिए 150 एक तरह से काफी अच्छा है। हर कोई अच्छी तरह से बातचीत कर रहा है कि आप कहां बल्लेबाजी करते हैं? क्या ये नंबर तीन होगा, क्या ये ओपनिंग है? आप उन पहले 6 ओवरों को जानते हैं इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कोहली उन पहले 6 ओवरों में खेलते हैं। आप जानते हैं कि आतिशबाजी होने वाली है। टी20 वर्ल्ड कप का आगाज 2 जून से वेस्टइंडीज और यूएसए की मेजबानी में होने जा रहा है। मैथ्यू हेडन का मानना है कि वेस्टइंडीज में बल्लेबाजी के लिए अच्छी स्थिति रहेगी और यहां कोहली की आक्रामक शैली को फायदा मिल सकता है। उनका मानना है कि विराट इन परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

## भारत और ऑस्ट्रेलिया बांग्लादेश में महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप ए में

**दुबई।** भारत को इस साल तीन से 20 अक्टूबर तक बांग्लादेश में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए रविवार को गत चौंपियन ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के साथ ग्रुप ए में जगह मिली। भारत के सभी ग्रुप मैच सिलहट में खेले जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा घोषित नौवें महिला टी20 विश्व कप के कार्यक्रम के अनुसार भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत चार अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफकरेगी जबकि छह अक्टूबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी। भारतीय टीम तीसरा मैच नौ अक्टूबर को पहले क्वालीफायर से खेलेगी जिसका अभी फैसला नहीं हुआ है। टीम को अपना अंतिम ग्रुप मैच 13 अक्टूबर को छह बार के विश्व चौंपियन ऑस्ट्रेलिया से खेलना है। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, ''टूर्नामेंट में प्रत्येक टीम चार ग्रुप मैच खेलेगी और प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें 20 अक्टूबर को ढाका में होने वाले फाइनल से पहले 17 और 18 अक्टूबर को होने वाले सेमीफाइनल मुकाबलों में जगह बनाएंगी।'' आईसीसी ने बताया, ''ढाका और सिलहट में 19 दिन में कुल मिलाकर 23 मैच खेले जाएंगे, जरूरत पड़ने पर सेमीफाइनल और फाइनल दोनों के लिए रिजर्व दिन रखे गए हैं।'' मेजबान बांग्लादेश को ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और दूसरे क्वालीफायर के साथ रखा गया है। आज क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाली दो टीम तय होने के साथ मुख्य टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाली दो टीम का फैसला होगा। आयरलैंड, यूएई, श्रीलंका और स्कॉटलैंड मुख्य टूर्नामेंट में जगह बनाने की दौड़ में हैं। आयरलैंड की टीम आज पहले सेमीफाइनल में स्कॉटलैंड से खेलेगी जबकि दूसरा सेमीफाइनल भी आज ही होगा जिसमें यूएई की भिड़ंत श्रीलंका से होगी। दोनों सेमीफाइनल अबु धाबी के सेख जायेद स्टेडियम में खेले जाएंगे।

## आत्मविश्वास और कभी हार नहीं मानने का रवैया सिराज की असली ताकत, गावस्कर ने कहा

महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने यहां इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटंस पर रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोर की चार विकेट से जीत के बाद कहा कि मोहम्मद सिराज का आत्मविश्वास और कभी हार नहीं मानने वाला रवैया उनकी असली ताकत है। पावरप्ले में सिराज ने दो विकेट चटकाते हुए शुभमन गिल और रिद्धिमान साहा को पवेलियन भेजा जिससे टाइटंस की टीम शनिवार को 19.3 ओवर में सिर्फ 147 रन ढेर हो गई। गावस्कर ने 'स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव' पर कहा, ''हर बार जब आप मोहम्मद सिराज को देखते हैं, तो आप जानते हैं कि वह अपनी जान लगा देगा। उस समय को याद करें जब उसके पिता का निधन हो गया था, जब वह ऑस्ट्रेलिया में था। वह खेलता रहा।'' उन्होंने कहा, ''बहुत से लोग वापस जाना चाहेंगे क्योंकि आपके माता-पिता आपको बहुत प्यारे होते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि उसे अहसास हुआ कि भारत के लिए खेलना महत्वपूर्ण था। इसके अलावा, उस स्तर पर उसकी जगह पक्की नहीं थी। एक स्थापित खिलाड़ी शत प्रतिशत चला गया होता।'' गावस्कर ने कहा, ''और याद रखें कि उन्होंने उस गाबा टेस्ट मैच में कितनी शानदार गेंदबाजी की थी। स्टीव स्मिथ जैसे खिलाड़ी को आउट करना, जब वह 55 रन पर था... तो यह मोहम्मद सिराज की असली ताकत है, आत्मविश्वास और मैदान पर कभी हार नहीं मानने वाला रवैया।

### आरसीबी वेंटिलेटर से बाहर निकली पर अब भी आईसीयू में

पूर्व भारतीय ऑलराउंडर अजय जडेजा का मानना है कि रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के गेंदबाजों ने एकजुट होकर प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को 'वेंटिलेटर' से बाहर निकाल दिया है लेकिन गुजरात टाइटंस पर जीत के बावजूद टीम अब भी 'आईसीयू' में है। शनिवार को गुजरात के 148 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने 38 गेंद शेष रहते चार विकेट से जीत दर्ज की। फाफ डु प्लेसी (64) और विराट कोहली (42) ने पावरप्ले में 92 रन की साझेदारी की लेकिन आरसीबी ने इसके बाद लगातार विकेट गंवाए जिससे उसका स्कोर बिना विकेट के 92 रन से छह विकेट पर 117 रन हो गया और एक समय गुजरात की अप्रत्याशित जीत की उम्मीद बंध गई थी। जडेजा ने 'जियो सिनेमा' से कहा, ''अब भी कमजोरियां नजर आ रही हैं, आखिर में क्या हुआ। लेकिन मौका है। वे वेंटिलेटर से बाहर हैं लेकिन वे अब भी आईसीयू में हैं।'' उन्होंने कहा,''विराट और फाफ को बल्लेबाजी करते हुए देखने के बाद हम आज के मैच को लेकर उत्साहित हैं। लेकिन असली काम गेंदबाजों ने किया, एक ऐसा पहलू जिसमें आरसीबी पारंपरिक रूप से संघर्ष करती रही है।'' जडेजा ने कहा, ''गेंदबाजी विभाग ने अब उनके लिए योगदाना देना शुरू कर दिया है और हम सत्र के अंत के बारे में बात कर रहे हैं, यही वह बिंदु है जहां से जीत की वास्तविक संभावना में गति आती है।

## आक्रामकता से रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोर और भारत की उम्मीदें बढ़ीं

मोहम्मद सिराज की फॉर्म में वापसी ने इस आईपीएल में रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की वापसी में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और इस तेज गेंदबाज के अच्छे प्रदर्शन ने अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप से पहले भारतीय टीम प्रबंधन को भी राहत दी होगी। सिराज ने आईपीएल में गुजरात टाइटंस के खिलाफपावर प्ले में शानदार प्रदर्शन करते हुए शुभमन गिल और रिद्धिमान साहा के विकेट लिए। उन्होंने अपने शुरुआती दो ओवर में नौ रन देकर दो विकेट चटकाए जिससे निश्चित तौर पर राष्ट्रीय टीम को मजबूती मिलेगी क्योंकि आईसीसी की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में उनके जसप्रीत बुमराह के साथ नई गेंद साझा करने की उम्मीद है। पिछले पांच वर्षों से सिराज के साथ काम कर रहे आरसीबी के सहायक कोच एडम ग्रिफिथ ने इस बदलाव का कारण 'गेंद को फिर से स्विंग कराने' को बताया। ग्रिफिथ ने टाइटंस के खिलाफआरसीबी की चार विकेट की जीत के बाद कहा, ''वह हमारे समूह का अगुआ है। वह पिछले कुछ वर्षों में भारत के लिए काफी मैच खेला है और काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। यह सिर्फउसकी अच्छी गेंदबाजी नहीं है, यह उसकी आक्रामकता है, उसकी बॉडी लैंग्वेज है, बल्लेबाजों का विकेट लेने की कोशिश करना है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, श्रीमती विजय लक्ष्मी शर्मा द्वारा त्रिपाठी प्रिंटिंग प्रेस 12/29, पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ 226001 (उ.प्र.) से मुद्रित कराकर 1372/12 न्यू गुडौरा बेहसा शहीदपथ लखनऊ 226008 (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-अनूप सिंह मोबाइल नं. 7905289865,9839177720 Email- tvnews1979@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ ही मान्य होगा।